**तापमान / मौसम**

दिन 38.0° अधिकतम | रात 27.0° न्यूनतम

आंशिक बादल छाए रहेंगे, दोपहर या शाम के समय गरज, चमक व बिजली कड़कने के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

**शहर में आज**

- राष्ट्रीय सम्मेलनः एआई लेखन-अधिकार
कहांः सेमिनार कक्ष, कमला देवी कॉम्प्लेक्स, सुबहः 10 बजे से
- फिल्मः टू फॉर अवे, अंग्रेजी सबटाइटल वाली जर्मन फिल्म
कहांः सिद्धार्थ भवन, कस्तूरबा गांधी मार्ग, शाम 7 बजे से

## नर्सिंग पदों पर आउटसोर्सिंग नहीं के आश्वासन के बाद आंदोलन वापस

**नई दिल्ली** | ऑल इंडिया गवर्नमेंट नर्सेज फेडरेशन ने 2 जून को होने वाली सामूहिक छुट्टी और आंदोलन को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है। फेडरेशन ने स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) को पत्र लिख आंदोलन स्थगित करने की आधिकारिक घोषणा की। स्वास्थ्य मंत्रालय के हॉस्पिटल सेक्शन ने साफ किया है कि लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (एलएचएमसी), सुचेता कृपलानी अस्पताल (एसएसके) व अन्य केंद्रीय अस्पतालों में नर्सिंग अधिकारियों के पदों पर कोई आउटसोर्सिंग नहीं होगी। सभी नियमित नियुक्तियां नर्सिंग ऑफिसर रिक्रूटमेंट कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट के जरिए होंगी।

## आईपीयूः 7 नए पैरामेडिकल कोर्स के लिए आवेदन अब 7 जून तक होंगे

**नई दिल्ली** | आईपी यूनिवर्सिटी (आईपीयू) ने 7 नए पैरामेडिकल कोर्स में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई से बढ़ाकर 7 जून कर दी है। इन नए पाठ्यक्रमों में बीएससी क्लिनिकल साइकोलॉजी (ऑनर्स), बीएससी इमरजेंसी मेडिकल एंड ट्रॉमा टेक्नोलॉजी, बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री, एमए और पीजी डिप्लोमा (क्लिनिकल/रिहैबिलिटेशन साइकोलॉजी), एमएससी स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी और मास्टर इन एप्लाइड एपिडेमियोलॉजी शामिल हैं। इच्छुक उम्मीदवार प्रति पाठ्यक्रम 2500 रुपए आवेदन शुल्क देकर विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यूनिवर्सिटी ने छात्रों को लेटेस्ट अपडेट्स के लिए वेबसाइट चेक करने की सलाह दी है।

**राहत** • रेखा गुप्ता कैबिनेट ने दी मंजूरी, 10 हजार किसानों को सीधा लाभ

# फसल नुकसान पर मिलेगा अब 75 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर मुआवजा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए फसल क्षति पर दी जाने वाली अनुग्रह सहायता राशि में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अगस्त-सितंबर 2025 के दौरान भारी वर्षा और खेतों में जलभराव से प्रभावित किसानों को 75 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से अनुग्रह सहायता प्रदान करने को मंजूरी दे दी गई है। कैबिनेट की बैठक में लिए गए इस फैसले से राजधानी के करीब 10 हजार किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

पिछले वर्ष लगातार हुई भारी बारिश और प्राकृतिक नालों के उफान के कारण किसानों की फसलें खेतों में हुए जलभराव से गंभीर रूप से प्रभावित हुई थीं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में इस आपदा से कुल 10,977.44 एकड़ (लगभग 4,442.41 हेक्टेयर) कृषि क्षेत्र प्रभावित हुई थी। मुख्यमंत्री गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2015 में तत्कालीन सरकार द्वारा वर्षा से फसल क्षति होने पर किसानों को 20 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से सहायता देने का प्रावधान किया गया था, जो लगभग 49,421 रुपए प्रति हेक्टेयर बैठती है। अब वर्तमान सरकार ने बीते 10 वर्षों में कृषि लागत में हुई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए इस दर को बढ़ाकर सीधे 75 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर कर दिया है। इस ऐतिहासिक बढ़ोतरी के बाद प्रभावित किसानों को पहले की तुलना में उल्लेखनीय रूप से अधिक आर्थिक मदद प्राप्त होगी। यह विशेष सहायता राशि मुख्य रूप से अगस्त-सितंबर 2025 के दौरान हुई अत्यधिक वर्षा और प्राकृतिक जल निकासी तंत्र के ठप होने से पैदा हुई परिस्थितियों के संदर्भ में जारी की जाएगी।

### भूमि के पंजीकृत मालिकों को ही मिलेगी मदद



मुख्यमंत्री गुप्ता के निर्णय के अनुसार, अगस्त-सितंबर 2025 की भारी वर्षा और जलभराव से प्रभावित किसानों को 100 प्रतिशत फसल क्षति के आकलन पर 75 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से पूर्ण अनुग्रह सहायता दी जाएगी। यह वित्तीय मदद केवल भूमि के अभिलेखित स्वामियों (पंजीकृत मालिकों) को ही मिलेगी। इस योजना के दायरे में कंपनियों के स्वामित्व वाली भूमि, ग्राम सभा में निहित भूमि और पक्की चारदीवारी वाले प्लॉट स्वरूप के फार्महाउस शामिल नहीं होंगे। पूर्व में लागू व्यवस्था के तहत 70 प्रतिशत तक नुकसान होने पर आनुपातिक और उससे अधिक होने पर ही पूर्ण सहायता का प्रावधान था, परंतु इस बार प्रभावितों को सीधे पूर्ण दर से राहत देने का ऐतिहासिक फैसला कैबिनेट द्वारा लिया गया है।

### इससे किसानों को मजबूत आर्थिक संबल मिलेगाः रेखा

मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा, दिल्ली सरकार किसानों की आजीविका और कृषि सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। प्राकृतिक आपदाओं या अत्यधिक वर्षा से फसलें प्रभावित होने पर सरकार प्रभावित किसानों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के उस संकल्प से प्रेरित है, जो किसानों की आय बढ़ाने और संकट में सुरक्षा कवच देने का कार्य कर रही है। इसी प्रतिबद्धता के तहत दिल्ली सरकार ने फसल क्षति से प्रभावित किसानों को राहत राशि देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह वित्तीय सहायता संकटग्रस्त किसानों को मजबूत आर्थिक संबल देगी, उन्हें अगली फसल की तैयारी के लिए सक्षम बनाएगी और राज्य में कृषि गतिविधियों की निरंतरता सुनिश्चित करेगी।

**एएमआर योजना** • कई अहम प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# जम्मू-कश्मीर के विस्थापितों को राहत, आय-संपत्ति की शर्त खत्म

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे जम्मू-कश्मीर के विस्थापित प्रवासी परिवारों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में 'एड-हॉक मंथली रिलीफ' (एएमआर) योजना से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।सरकार के इस बड़े फैसले से दिल्ली में पंजीकृत लगभग 1832 प्रवासी परिवारों को सीधा लाभ पहुंचेगा।

नए नियमों के तहत, यह योजना केवल उन्हीं परिवारों पर लागू होगी, जिन्होंने 31 मार्च 2024 तक राहत राशि प्राप्त की है। दिल्ली सरकार ने इस कल्याणकारी योजना के लिए पहले से तय आय संबंधी पात्रता और अचल संपत्ति की शर्त को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। अब परिवार की आय चाहे कितनी भी हो, वे इस आर्थिक सहायता के हकदार होंगे। योजना के तहत 1 परिवार के अधिकतम 4 सदस्यों तक ही लाभ सीमित रहेगा। साथ ही, लाभार्थियों के रिकॉर्ड को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए 'वन टाइम एमनेस्टी' योजना की शुरुआत की जा रही है। इसके अंतर्गत परिवारों को अपने सदस्यों की सही जानकारी और आधार विवरण अपडेट करने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री गुप्ता ने स्पष्ट किया कि यदि किसी तकनीकी गड़बड़ी के कारण किसी को पहले अधिक राशि मिल गई थी, तो उसकी कोई रिकवरी नहीं की जाएगी। इस पूरी पहल का मुख्य उद्देश्य सरकारी रिकॉर्ड की गलतियों को सुधारना है, ताकि भविष्य में सरकार की तरफ से मिलने वाली राहत केवल सही और पात्र परिवारों तक ही बिना किसी रुकावट के पहुंच सके। इस निर्णय ने उन विस्थापित परिवारों में नई उम्मीद जगाई है, जो वर्षों से दिल्ली में नई शुरुआत करने के लिए संघर्ष कर रहे थे।

### वन टाइम एमनेस्टी योजना को 1 अप्रैल 2026 तक बढ़ाया गया

दिल्ली कैबिनेट ने वन टाइम एमनेस्टी योजना के तहत पात्र परिवारों को पर्याप्त समय देने के लिए कट-ऑफ तिथि को 1 अक्टूबर 2025 से बढ़ाकर 1 अप्रैल 2026 कर दिया है। एड-हॉक मंथली रिलीफ की बकाया राशि के भुगतान की समय-सीमा भी अब 30 सितंबर 2025 से बढ़ाकर 31 मार्च 2026 कर दी गई है। योजना के अंतर्गत सदस्यों को जोड़ने, हटाने और विभाजन (बाइफरकेशन) की प्रक्रिया एसडीएम या तहसीलदार के सत्यापन के अधीन जारी रहेगी। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राहत राशि आधार-आधारित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से सीधे खातों में भेजी जाएगी। आधार वेरिफिकेशन के कारण लाभार्थियों का रिकॉर्ड अधिक सटीक हुआ है, जिससे योजना के व्यय में कमी आई है। इस कल्याणकारी पहल को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए दिल्ली सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 30 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान किया है।

एलजी ने सीएक्यूएम चेयरमैन के साथ की समीक्षा बैठक

# सर्दियों में होने वाले गंभीर वायु प्रदूषण से निपटने के लिए शुरू की गई तैयारी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली



सर्दियों में दिल्ली-एनसीआर के गंभीर वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एलजी टीएस संधू ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) के चेयरमैन राजेश वर्मा के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में सर्दियों से पहले ठोस परिणाम देने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया।

प्रशासन ने सड़कों की धूल, वाहनों के धुएं, बायोमास व पड़ोसी राज्यों के औद्योगिक प्रदूषण को प्रमुख कारण माना है। एलजी संधू ने पीएम 10 और पीएम 2.5 बढ़ाने वाली रोड डस्ट पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने नालों से निकाली गाद को सड़कों पर छोड़ने की प्रथा पर नाराजगी जताते हुए इसे तुरंत हटाने का निर्देश दिया। प्रमुख सड़कों को धूल-मुक्त बनाने के लिए मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनें बढ़ाने, उनकी कड़ी निगरानी करने और सड़क किनारे हरित बफर विकसित करने के निर्देश दिए। परिवहन क्षेत्र पर विशेष बल के तहत ई-बसों की संख्या बढ़ाने व ईवी को प्रोत्साहन देने की योजना है। एलजी ने स्पष्ट किया कि प्रदूषण नियंत्रण के उपाय केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि जमीन पर दिखने चाहिए। बैठक में एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, डीडीए, एनडीएमसी व बाढ़ एवं सिंचाई विभाग सहित सभी संबंधित एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बनाने पर जोर दिया गया।

## प्रो. एलियास ने सेंट स्टीफंस के प्रिंसिपल का पद संभाला

**नई दिल्ली** | दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कड़े विरोध के बावजूद प्रो. सुसान एलियास ने सेंट स्टीफंस कॉलेज की पहली महिला प्रिंसिपल के रूप में सोमवार को कार्यभार संभाल लिया। कॉलेज के 145 साल के इतिहास में शीर्ष पद पर बैठने वाली वह पहली महिला हैं। पदभार संभालते ही उन्होंने परिसर का दौरा किया। वहीं, पूर्व प्रिंसिपल प्रो. जॉन वर्गीस ने सहकर्मियों को विदाई मेल भेज दिया है।

प्रो. एलियास की नियुक्ति को लेकर डीयू और कॉलेज प्रशासन के बीच तल्खी चरम पर है। डीयू के रजिस्ट्रार विकास गुप्ता ने इसे यूजीसी नियमों का उल्लंघन बताते हुए मामले में दखल के लिए यूजीसी को पत्र लिखा है। डीयू प्रशासन इस नियुक्ति को पूरी तरह अवैध मान रहा है और उसका कहना है कि विद्वत या कार्यकारी परिषद में इसे किसी भी हाल में मंजूरी नहीं दी जाएगी।

# लॉन्च के 90 दिनों के भीतर 10 लाख पिंक सहेली कार्ड जारी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने डिजिटल मोबिलिटी के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। महिलाओं के लिए शुरू किए गए 'पिंक सहेली नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड' (एनसीएमसी) ने लॉन्च के मात्र 90 दिनों के भीतर 10 लाख से अधिक कार्ड जारी करने का आंकड़ा पार कर लिया है। इसे देश का सबसे तेज और बड़े पैमाने पर किया गया डिजिटल रोल-आउट माना जा रहा है।



इस साल 2 मार्च को लॉन्च की गई इस तकनीक-आधारित पहल का उद्देश्य दिल्ली में महिलाओं को डीटीसी बसों में मुफ्त, सुरक्षित और आधुनिक सफर की सुविधा देना है। परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने इस सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह केवल एक ट्रैवल कार्ड नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और एकीकृत परिवहन की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि यह कार्ड सिर्फ मुफ्त बस यात्रा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि एनसीएमसी फ्रेमवर्क पर आधारित होने के कारण इसके कई अन्य डिजिटल फायदे भी हैं। यह ऐतिहासिक उपलब्धि दिल्ली सरकार की पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित शासन की सोच को दर्शाती है।

# एमसीडी के अभियंताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने सोमवार को अपने मुख्यालय में वरिष्ठ अभियंताओं के लिए दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण और रिफ्रेशर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसका उद्घाटन एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार ने किया। यह सत्र निगम के योजना विभाग द्वारा राष्ट्रीय सीपीडब्ल्यूडी अकादमी, गाजियाबाद के सहयोग से आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि संजीव खिरवार ने तेजी से बदलते परिवेश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और आधुनिक तकनीकों को सीखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान को अपडेट रखना नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए बेहद जरूरी है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सिविल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरों की कार्यक्षमता, निर्णय लेने की क्षमता और तकनीकी कौशल को मजबूत करना है, जिससे दिल्ली में सार्वजनिक परियोजनाओं का प्रबंधन प्रभावी ढंग से हो सके। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त एलडी मेघवाल, इंजीनियर-इन-चीफ पीसी मीणा, योजना सलाहकार मनीष रस्तोगी और सीपीडब्ल्यूडी के एडिशनल डायरेक्टर जनरल मनोज कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

सीएम को पत्र लिख की दखल की मांग

# कार्यरत शिक्षकों ने सीटीईटी को अनिवार्य करने का किया विरोध

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ (जीएसटीए) ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर कार्यरत शिक्षकों पर सीटीईटी अनिवार्य करने के खिलाफ तुरंत नीतिगत दखल की मांग की है। जीएसटीए के महासचिव अजय वीर यादव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों से ऐसे हजारों शिक्षक प्रभावित होंगे, जो सालों पहले उस समय के भर्ती नियमों के तहत नियुक्त हुए थे और आज बेहतरीन परिणाम दे रहे हैं। संघ का तर्क है कि भर्ती नियम सिर्फ नियुक्ति के समय लागू होने चाहिए। स्थायी नौकरी मिलने के बाद शिक्षक का मूल्यांकन उसके काम, रिजल्ट और वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट से होता है। दशकों की सेवा के बाद दोबारा पात्रता परीक्षा की बाध्यता व्यावहारिक नहीं है। इससे शिक्षकों का मनोबल टूटेगा और शिक्षा व्यवस्था में अस्थिरता आएगी।

यादव ने सवाल उठाया कि जब न्यायिक या प्रशासनिक सेवा में वर्षों बाद कोई परीक्षा नहीं देनी पड़ती, तो केवल शिक्षकों पर ही यह दबाव क्यों? संघ ने मांग की कि दिल्ली कैबिनेट प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से इन शिक्षकों के लिए वन-टाइम एग्जाम्स (विशेष एकमुश्त छूट) की सिफारिश करे। उन्होंने कहा कि जिस तरह 15 साल पुराने वाहनों के मामले में राहत दी गई थी, वैसी ही संवेदनशीलता इस बार भी दिखानी होगी।

**सड़क चौड़ीकरण** • अब तक 2 दिन में 90 से ज्यादा अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए

# शालीमार बाग में लगातार दूसरे दिन बुलडोजर चला, 45 से अधिक अवैध मकानों व दुकानों को ढहाया

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली




राजधानी दिल्ली के शालीमार बाग स्थित हैदरपुर इलाके में अवैध निर्माणों के खिलाफ प्रशासन की बड़ी बुलडोजर कार्रवाई मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। कड़े सुरक्षा घेरे के बीच मंगलवार को कार्रवाई करते हुए प्रशासनिक अमले ने 45 से अधिक बहुमंजिला मकानों और दुकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इस एक्शन के साथ ही बीते 2 दिनों में अब तक 90 से अधिक अवैध निर्माणों को ढहाया जा चुका है।

आउटर रिंग रोड से आजादपुर मंडी और संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के चौड़ीकरण के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सरकारी जमीन पर बने अतिक्रमण को पूरी तरह हटाया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारियों के मुताबिक, सड़क चौड़ीकरण परियोजना के दायरे में इस क्षेत्र की करीब 150 बहुमंजिला इमारतें और मकान आ रहे हैं।

कार्रवाई को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम देने के लिए प्रशासनिक टीमें मंगलवार सुबह करीब 6 बजे ही बुलडोजर, हाइड्रोलिक क्रेन और अन्य आधुनिक मशीनों के साथ मौके पर पहुंच गई थीं। सुरक्षा और किसी भी हादसे को रोकने के लिए सुबह 7 बजे तक पूरे प्रभावित क्षेत्र की बिजली और गैस आपूर्ति काट दी गई। इसके बाद एक साथ कई बुलडोजरों ने चिन्हित इमारतों को गिराना शुरू किया।

### पूरे इलाके में 800 से अधिक जवान तैनात

इमारतों को गिराने के दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद सुरक्षाबलों ने स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में रखा। पूरे इलाके को पुलिस छावनी में बदल दिया गया है, जहां दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों के 800 से अधिक जवान तैनात हैं। सुरक्षा बेड़े में दंगा नियंत्रण दस्ता, महिला पुलिसकर्मी और वज्र वाहन भी शामिल हैं। मलबे को हटाने का काम भी मौके पर साथ-साथ जारी है।


Adv.

# हरियाणा में आने वाली सरकारी नौकरी के लिए सरकारी कोर्स

| क्र.सं. | कोर्स का नाम | समय अवधि | योग्यता | आवेदन शुल्क | + कोर्स शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डिप्लोमा इन फायर एण्ड सेफ्टी Diploma in Fire Safety (DFS) | 1वर्ष | 12वीं पास | 3000/- | 12000/- |
| 2 | डिप्लोमा इन हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर Diploma in Health Sanitary Inspector (HSI) | 1वर्ष | 12वीं पास | 2500/- | 10000/- |
| 3 | डिप्लोमा इन योगा ट्रेनर Diploma in Yoga Trainer (DYT) | 1वर्ष | 12वीं पास | 2000/- | 8000/- |
| 4 | प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा Early Childhood Care Education (ECCE) | 1वर्ष | 12वीं पास | 2000/- | 5000/- |

इस कोर्स को घर पर रहकर ओर दूरवर्ती कॉलेज की पढाई के साथ साथ कर सकते है।

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत सरकारी स्कूलों में बाल-वाटिका (आदर्श आंगनवाड़ी) की स्थापना होगी। जिसमें ECCE डिप्लोमाधारी को प्राथमिकता

आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेजः- 10 वीं मार्कशीट, 12 वीं की मार्कशीट आधार कार्ड, 1 पासपोर्ट साइज फोटो

आवेदन की अन्तिम तिथिः- 05 जून 2026

आवेदन वेबसाईटः - www.csvti.org

प्रशिक्षणः - ऑनलाईन

परीक्षाः - ऑफलाईन

आवेदन हेतु विजिट करें : - www.csvti.org

हेल्पलाईन नं. 82229-77122

प्रशिक्षण के उपरांत MSME TOOLS ROOM भारत सरकार से प्रमाण पत्र

सी॰ एस॰ वी॰ टी॰ आई॰ प्रशिक्षण केन्द्र

कौशल रोजगार उन्नति

College Campus: - Nadhori Road, Bhuna, Fatehabad, Haryana - 125111

देश का नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

सच्ची बात, बेधड़क

नई दिल्ली, मंगलवार, 2 जून, 2026
ज्येष्ठ (अधिक) कृष्ण पक्ष द्वितीया, 2083

12 राज्य 61 संस्करण


**पढ़ना जरूरी है**

'पढ़ना हमें अनगिनत दुनिया से परिचित कराता है।'
- मैरी पोप ऑसबोर्न

**न्यूज ब्रीफ**

### मलेशिया में 16 साल की उम्र तक सोशल मीडिया पर रोक

कुआलालंपुर | मलेशिया ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर रोक लगा दी है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे 80 लाख से अधिक यूजर्स वाले प्लेटफॉर्म को आयु सत्यापन प्रणाली लागू करनी होगी। अब 16 साल से कम उम्र के यूजर्स अकाउंट नहीं बना सकेंगे। इन नियमों को न मानने वाली कंपनियों पर 24 करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगया जा सकता है।

### महाराष्ट्रः 80 लाख महिलाएं अब 'लाडकी बहिन' से बाहर

मुंबई| महाराष्ट्र की 80 लाख महिलाएं लाडकी बहिन योजना से बाहर हो गई हैं। अब लाभार्थियों की संख्या 2.4 करोड़ से घटकर 1.7 करोड़ रह गई है। एक अधिकारी ने बताया, इनमें 50-55 लाख महिलाओं ने ई-केवाईसी पूरी नहीं की, जबकि 12 लाख आयकरदाता और 4.5 लाख से अधिक 65 वर्ष से पार हैं। एनसीपी (एसपी) ने कहा, सरकार राज्य की 'गंभीर वित्तीय स्थिति' के कारण संख्या घटा रही है।

**नोक-झोंक**




▪ **मणिपुरः बंधकों की रिहाई टली, नगा इलाकों में अब पूर्ण शटडाउन...** पढ़ें | देश-विदेश

**लाखों छात्र परेशान** • दो आईआईटी डायरेक्टर भी 6 दिन में नहीं निकाल सके समाधान

# सीबीएसई ओएसएमः पूरे दिन नहीं खुला पोर्टल, हैकिंग की भी कोशिश

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

सीबीएसई की खामियां खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। बोर्ड की री-इवैल्युएशन साइट सोमवार देर शाम तक नहीं खुल सकी। इससे लाखों छात्र परेशान हुए। बोर्ड की तरफ से दिनभर यही कहा गया कि 'पोर्टल विल गो लाइव सून'। ये हाल तब है जब बीते छह दिनों से देश के दो शीर्ष संस्थानों आईआईटी मद्रास और कानपुर के निदेशक बोर्ड की साइट में तकनीकी दिक्कतों को दूर करने में जुटे हुए हैं। शिक्षा मंत्रालय व बोर्ड अफसरों ने 29 मई को बाकायदा यह घोषणा की थी कि री-इवैल्युएशन साइट एक जून से चालू होगी। बोर्ड के शीर्ष सूत्रों के मुताबिक, पोर्टल पर लगातार 'अनॉथराइज इंटरफियरेंस' जारी है यानी हैकिंग की कोशिशें की जा रही हैं।

बता दें कि 13 मई को नतीजे घोषित होने के बाद पोस्ट रिजल्ट शिकायतों के समाधान के लिए 19 से 22 मई के बीच पोर्टल खोला गया, लेकिन ये पहले ही दिन क्रैश हो गया। इसके बाद तीन बार एक-एक दिन के लिए आंसरशीट की फोटोकॉपी लेने की तिथि बढ़ाई गई। 25 मई को पोर्टल दुरुस्त करने के लिए देश के दो आईआईटी से मदद मांगी गई, लेकिन 6 दिन बाद भी हालात जस के तस हैं।

▪ **एसपीए बिल्डिंग में आगः** उधर, सेंट्रल दिल्ली में स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर की बिल्डिंग में सोमवार को आग लग गई। हालांकि इसे थोड़ी देर में बुझा दिया गया। कांग्रेस और आप ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्रालय घोटाले के सबूत मिटा रहा है।

**भास्कर एक्सप्लेनर**

### सीबीएसई पर 4 गंभीर आरोप, दो में ही उसने गलती मानी

**बोर्ड पर आरोप...**

1. **कॉपियां बदलींः** दिल्ली के छात्र वेदांत श्रीवास्तव ने दावा किया कि री-इवैल्युएशन पर उसे पोर्टल से किसी दूसरे की कॉपी दी गई।
2. **धुंधली कॉपीः** पोर्टल पर अपलोड कॉपियां धुंधली थीं। फिर भी उनमें मनमर्जी से नंबर दे दिए गए।
3. **टेंडर में गड़बड़ीः** 17 साल के सार्थक सिद्धांत ने बोर्ड के सैकड़ों टेंडर दस्तावेजों की तुलना करके दावा किया कि बोर्ड ने हैदराबाद की कंपनी 'कोएम्प्ट एडुटेक' को फायदा पहुंचाने के लिए नियम बदले। कंपनी का पिछला रिकॉर्ड छिपाया।
4. **डेटा लीकः** कुछ साइबर एक्सपर्ट ने दावा किया कि बोर्ड का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर सुरक्षित नहीं है। रिजल्ट के बाद बोर्ड का पोर्टल बार-बार क्रैश हुआ।

**बोर्ड के जवाब...**

1. **गलती स्वीकारीः** वेदांत के आरोपों को सीबीएसई ने माना कि तकनीकी गड़बड़ी के कारण फिजिक्स की गलत कॉपी अपलोड हो गई थी।
2. **धुंधली कॉपी हटाईंः** सीबीएसई ने माना कि इमेज साफ न होने के कारण 30 उत्तर पुस्तिकाओं को बिना दोबारा स्कैन किए हटा दिया गया था।
3. **आरोप गलतः** सार्थक के आरोपों पर बोर्ड ने कहा- टेंडर पूरी तरह से सरकारी नियमों के तहत आवंटित किया गया था और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए ही नियमों में जरूरी बदलाव किए गए थे।
4. **आईआईटी की जांचः** IIT मद्रास- कानपुर की टीमें डिजिटल गड़बड़ी की जांच कर रही हैं। बोर्ड से सर्वर डाउन, पेमेंट गेटवे में खराबी की रिपोर्ट मांगी है।



**कौन हैं वेदांतः** दिल्ली के वेदांत श्रीवास्तव ने भी 12वीं की परीक्षा दी थी। फिजिक्स में 65 नंबर मिले तो उन्होंने आवाज उठाई। री-इवैल्युएशन में कॉपी मिली तो गड़बड़ी का पता चला। पहले उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया। ट्रोलर्स ने उन्हें देशद्रोही तक कहा, बाद में बोर्ड ने गलती मानी और माफी मांगी।



**कौन हैं सार्थकः** रांची के 17 वर्षीय सार्थक सिद्धांत टेक रिसर्चर हैं। उन्होंने भी परीक्षा दी थी। उन्होंने एक आम छात्र से आगे बढ़कर एक खोजी पत्रकार/डेटा साइंटिस्ट की तरह काम किया। सीबीएसई द्वारा जारी किए गए पिछले 576 दस्तावेजों का बारीकी से अध्ययन और तुलना कर टेंडर में गड़बड़ी का खुलासा किया।

▪ **टेंडर प्रक्रिया की जांच शुरूः** टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोपों के बीच शिक्षा मंत्रालय ने सीबीएसई से कोएम्प्ट एडुटेक को ठेका दिए जाने पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के मुताबिक मंत्रालय ने इसकी जांच शुरू कर दी है।

### नीट-यूजी लीकः समिति के सामने डॉक्टरों को प्रेजेंटेशन नहीं देने दिया

▪ **एनटीए** महानिदेशक अभिषेक सिंह संसदीय स्थाई समिति के सामने पेश हुए। उन्होंने री-टेस्ट की तैयारियों की जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि बैठक में यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट के प्रतिनिधियों ने एक प्रेजेंटेशन देना चाहा तो भाजपा सांसदों ने विरोध किया। डॉक्टर्स परीक्षा प्रक्रिया में संस्थागत विफलता का आरोप लगा रहे थे।

▪ **एक और आत्महत्याः** झारखंड के कोडरमा की छात्रा (17) ने नीट लीक से तनावग्रस्त होकर जान दे दी। पेपर लीक के बाद देश में ऐसे केस पहले भी आ चुके हैं।

▪ **सुप्रीम कोर्ट** ने 21 जून के री-टेस्ट को कंप्यूटर बेस्ड (सीबीटी) मोड में कराने की याचिका खारिज कर दी। केंद्र ने कहा कि री-टेस्ट पेन-पेपर मोड में ही होगा।

**मौसम** • अल नीनो के कारण 'कम' बरसेंगे बादल

# दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले 2-3 दिन में केरल पहुंचेगा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

देश की अर्थव्यवस्था और खेती के लिए सबसे महत्वपूर्ण दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले 2 से 3 दिनों में केरल के रास्ते देश में प्रवेश कर सकता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को कहा कि अरब सागर, लक्षद्वीप, केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल हैं। सामान्य तौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार 2-3 दिन की देरी हो रही है। पहले 26 मई को मानसून आने का अनुमान था, जो बाद में टल गया था।

### दिल्ली में 6 जून तक गर्मी से मिलेगी राहत

मौसम विभाग के अनुसार, 4 जून तक दिल्ली में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। लगातार बारिश के चलते 6 जून तक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना रहेगा। सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4.2 डिग्री कम, यानी 35.8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने सोमवार और मंगलवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें 60 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और गरज-चमक की उम्मीद है।

मौसम विभाग ने संशोधित पूर्वानुमान में कहा है कि इस साल मानसूनी बारिश ''सामान्य से कम'' रह सकती है। पूरे सीजन में देश में दीर्घावधि औसत (एलपीए) की महज 90% वर्षा का अनुमान है। देश में 1971 से 2020 तक के आंकड़ों के आधार पर पूरे सीजन की मानसूनी बारिश का एलपीए 87 सेंटीमीटर है। आईएमडी के नियमों के मुताबिक, यदि किसी वर्ष मानसूनी वर्षा एलपीए के 90% से कम रहती है, तो उसे ''डिफिशिएंट'' यानी सामान्य से कम बारिश वाला मानसून या कमजोर मानसून माना जाता है।

### 645 करोड़ की हेराफेरी में तीसरी गिरफ्तारी की

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

ईडी ने हरियाणा सरकार, चंडीगढ़ प्रशासन और दो निजी स्कूलों के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में संचालित खातों से कथित 645 करोड़ रु. की हेराफेरी से जुड़े धनशोधन मामले में तीसरी गिरफ्तारी की है। एजेंसी ने रियल एस्टेट कारोबारी विक्रम वाधवा को 29 मई को गिरफ्तार किया। विशेष पीएमएलए अदालत ने उसे 2 जून तक ईडी हिरासत में भेजा है। ईडी के अनुसार, जांच में सामने आया है कि हरियाणा सरकार, चंडीगढ़ प्रशासन और दो निजी स्कूलों के खातों से धन कुछ मध्यस्थ संस्थाओं के खातों में भेजा गया, जिसके बाद विभिन्न बैंक खातों के जरिए उसकी परतें (लेयरिंग) बनाई गईं।

### हिमाचलः 900 रु. तक एंट्री टैक्स के विरोध में 4 घंटे जाम रहे हाईवे

भास्कर न्यूज | कीरतपुर साहिब



हिमाचल प्रदेश सरकार के वाहनों पर 100 से 900 रुपए तक लगाए जा रहे एंट्री टैक्स के विरोध में पंजाब में रोष बढ़ता जा रहा है। सोमवार को कीरतपुर साहिब-मनाली नेशनल हाईवे, ढेरोवाल-नालागढ़ समेत पंजाब-हिमाचल सीमा के विभिन्न प्रवेश बिंदुओं पर किसानों, सामाजिक संगठनों, निहंग सिंह जत्थेबंदियों और टैक्सी ऑपरेटरों ने चार घंटे का चक्का जाम किया। किरती किसान मोर्चा, पंजाब मोर्चा, निहंग सिंह जत्थेबंदियों, टैक्सी ऑपरेटर यूनियनों और स्थानीय संघर्षकारियों के आह्वान पर किए गए इस प्रदर्शन के दौरान उत्तर भारत के महत्वपूर्ण कीरतपुर साहिब-मनाली नेशनल हाईवे पर यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि हिमाचल सरकार एंट्री टैक्स के नाम पर जनता से जबरन वसूली कर रही है। प्रशासन द्वारा स्वारघाट के पास ट्रैफिक डायवर्ट करने की कोशिश की गई, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने भरतगढ़, पंजैरा, नालागढ़-दुबोटा और कीरतपुर साहिब की ओर जाने वाले मार्गों को भी जाम कर दिया।



**ट्विशा शर्मा मौत की मिस्ट्री**

सीबीआई ने ट्विशा के वजन के पुतले से रीक्रिएट किया क्राइम सीन, जाना- गिरिबाला-समर्थ की कहानी, सच के कितने करीब

# फंदा गिरिबाला, बॉडी समर्थ ने संभाली




तस्वीर घर की दूसरी मंजिल पर उस शेड के नीचे की, जहां ट्विशा फंदे पर लटकी मिली थी। ट्विशा के वजन के बराबर डमी पुतले से सीन रीक्रिएट किया गया।

भास्कर न्यूज | भोपाल

ट्विशा शर्मा की मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी सीबीआई ने सोमवार को घटनास्थल पर क्राइम सीन रीक्रिएशन किया। एजेंसी ट्विशा की लंबाई और वजन के अनुरूप डमी पुतला, वजन बढ़ाने वाला मटेरियल और वेट मशीन लेकर पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह के घर पहुंची। करीब साढ़े तीन घंटे चली कार्रवाई में 12 मई की रात के घटनाक्रम को दोहराकर बयानों और मौके की परिस्थितियों का मिलान किया गया।

टीम दूसरी मंजिल पर उस शेड के नीचे पहुंची, जहां ट्विशा का शव फंदे पर मिला था। डमी को ट्विशा के वजन के बराबर तैयार कर फंदे की ऊंचाई, शव की संभावित स्थिति का परीक्षण किया गया। पहली बार सामने आया कि फंदे से शरीर को नीचे उतारते समय समर्थ उसे ऊपर उठाकर संभाले खड़े थे, जबकि पास रखे पलंग पर चढ़कर गिरिबाला ने गले का फंदा खोला था। इसके बाद डमी को पलंग पर लिटाया गया। समर्थ के बड़े भाई सिद्धार्थ, शव को नीचे उतारने वाले नौकर व समर्थ के कजिन से भी पूछताछ की गई।

**शरीर पर चोटों का जवाब नहीं :** रीक्रिएशन में ट्विशा के शरीर पर 6 चोटों की वजह साफ नहीं हुई। रीक्रिएशन में पलंग दिखा, पर शुरुआती पुलिस थ्योरी में जिस पेटी का जिक्र था, उसकी भूमिका स्पष्ट नहीं है। सबसे बड़ी बात है कि यह पेटी जब्ती सूची में भी नहीं है।

### पूछताछ में भड़का समर्थ

रीक्रिएशन के दौरान जब डमी को नीचे उतारकर पलंग पर लिटाया गया, तब सीबीआई ने समर्थ से घटनाक्रम को लेकर सवाल-जवाब किए। कुछ सवालों पर समर्थ अचानक नाराज हो गए। उन्हें जांच टीम की ओर उंगली दिखाकर आपत्ति जताते और कार्रवाई बीच में छोड़कर जाते देखा गया। समर्थ तेजी से दूसरी मंजिल से नीचे उतरने लगे, लेकिन अधिकारियों ने उन्हें वापस बुलाया और पूछताछ दोबारा शुरू की। गिरिबाला भी तनाव में नजर आईं। एक मौके पर वे सिर पकड़कर जांच टीम के सामने अपनी बात समझाती दिखाई दीं।

**परीक्षा विवाद** • शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा

# कॉकरोच जनता पार्टीः दिपके 6 को लौटेंगे, प्रदर्शन की तैयारी

एजेंसी | नई दिल्ली

सोशल मीडिया व्यंग्यात्मक कैंपेन से चर्चा में आई 'कॉकरोच जनता पार्टी' के संस्थापक अभिजीत दिपके 6 जून को अमेरिका से भारत लौटेंगे। उन्होंने कहा कि भारत आने के बाद वे नीट-यूजी, सीबीएसई, सीयूईटी और अन्य परीक्षा विवादों को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर दिल्ली में शांतिपूर्ण आंदोलन करेंगे। दिपके को आशंका है कि भारत लौटने पर उन्हें एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया जा सकता है या हिरासत में लिया जा सकता है, हालांकि उनका कहना है कि प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण और संवैधानिक है।



दिपके ने इंस्टाग्राम और एक्स पर जारी वीडियो में समर्थकों और छात्रों से 6 जून को दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट से वे संसद मार्ग थाने जाएंगे और जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति मांगेंगे। दिपके ने दावा किया कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग वाली ऑनलाइन याचिका पर 8 लाख हस्ताक्षर हो चुके हैं।

### दिपके बोले- नौकरी छोड़ी, गिरफ्तारी की आशंका भी

दिपके ने कहा कि बोस्टन में पब्लिक रिलेशंस की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्हें अमेरिका और यूरोप की कई कंपनियों से नौकरी के प्रस्ताव मिले, लेकिन उन्होंने भारत लौटने का फैसला किया। उन्होंने कहा, 'मैं चाहता तो अमेरिका में नौकरी लेकर रह सकता था, लेकिन छात्रों के लिए आवाज उठाने वापस आ रहा हूं।' दिपके ने कहा, पिछले दो सप्ताह मेरे लिए बहुत कठिन रहे। परिवार को धमकियां मिलीं। उन्होंने बताया, वे 2020 से 2023 तक 'आप' के साथ काम कर चुके हैं, लेकिन मौजूदा आंदोलन किसी राजनीतिक दल से जुड़ा नहीं है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि नीट, सीबीएसई, सीयूईटी और एसएससी जीडी जैसी परीक्षाओं से जुड़े विवादों ने एक करोड़ से अधिक छात्रों को प्रभावित किया है। दीपके ने कहा, यूपी, राजस्थान और महाराष्ट्र में शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर प्रदर्शन हो रहे हैं। दिपके ने कहा कि यदि जवाबदेही तय नहीं होती, तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

**भास्कर ब्रेकिंग** ई-रिकॉर्ड्स लागू करने वाला पहला राज्य होगा मप्र

# कोर्ट में वॉट्सएप चैट और वीडियो पेश करने पर जब्त नहीं होंगे मोबाइल फोन

भास्कर न्यूज | भोपाल

अब वीडियो रिकॉर्डिंग, वॉट्सएप चैट या अन्य डिजिटल साक्ष्य कोर्ट में पेश करने के लिए संबंधित व्यक्ति को अपना मोबाइल फोन जमा नहीं कराना पड़ेगा। मप्र हाई कोर्ट ने इसके लिए 'इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड्स रूल्स-2026' का ड्राफ्ट बनाकर राज्य सरकार को भेज दिया है। जल्द अधिसूचना जारी हो सकती है। यदि नियम लागू होते हैं, तो मप्र ऐसा करने वाला पहला राज्य होगा।

नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद अदालतों में डिजिटल साक्ष्यों की संख्या बढ़ी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता धारा 105 के तहत अब हर तलाशी व जब्ती की वीडियोग्राफी जरूरी है। सीडीआर, सीसीटीवी फुटेज, वीडियो-ऑडियो रिकॉर्डिंग, बैंक स्टेटमेंट, डिजिटल मनी ट्रेल अहम साक्ष्य हैं। सिविल मामलों में भी चैट और ई-मेल अहम सबूत हैं। ऐसे साक्ष्यों की बढ़ती संख्या के कारण उन्हें पेश, प्रमाणित करने और सुरक्षित रखने से जुड़ी चुनौतियां आ रही थीं। मप्र के एसीएस होम संजय शुक्ला के अनुसार, ड्राफ्ट मिल गया है। सब ठीक रहा तो जल्द अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।

### आम आदमी को मिलेंगी 5 बड़ी सहूलियत

**1. मोबाइल फोन नहीं, सिर्फ सर्टिफिकेट से चलेगा काम**

डिजिटल साक्ष्य के लिए फोन जमा नहीं करना पड़ेगा। सर्टिफिकेट के साथ सबूत पोर्टल पर अपलोड होते ही यूनिक आईडी मिलेगी। जरूरत पड़ने पर कोर्ट डिवाइस अपने पास रखने या डेटा हटाने का आदेश दे सकेगी।

**2. सिर्फ वीडियो नहीं, पूरी 'पैकेज फाइल' होगी सबूत**

डिजिटल साक्ष्य अपलोड होते ही हैश वैल्यू, यूनिक आईडी व अपलोड का समय दर्ज होगा। इनसे 'पैकेज फाइल' तैयार होगी, जिसका पक्षकार या उसके वकील को सत्यापन करना होगा। कोर्ट में यही साक्ष्य मानी जाएगी।

**3. कॉमा-डॉट बदलते ही पकड़ में आ जाएगी छेड़छाड़**

हर डिजिटल साक्ष्य की यूनिक हैश वैल्यू होगी। वीडियो, ऑडियो या चैट में मामूली बदलाव वैल्यू बदल देगा, जिससे छेड़छाड़ दिख जाएगी। नियमों में 'मिरर इमेज' यानी बिट-टू-बिट कॉपी की व्यवस्था भी की गई है, ताकि मूल रिकॉर्ड सुरक्षित रहे।

**4. ई-सेवा केंद्र से अपलोड हो सकेंगे डिजिटल सबूत**

पक्षकार व वकील जिला कोर्ट के ई-सेवा केंद्रों या हाई कोर्ट से अधिकृत केंद्रों से इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य अपलोड कर सकेंगे। कोई अनावश्यक डेटा अपलोड कर प्रक्रिया प्रभावित करने की कोशिश करेगा, तो जुर्माना लगाया जा सकेगा।

**5. यौन अपराधों में पीड़िता की पहचान पूरी तरह सुरक्षित**

यौन अपराधों से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सामान्य पोर्टल पर उपलब्ध नहीं होंगे। पीड़िता की पहचान गोपनीय रखने के लिए संवेदनशील रिकॉर्ड की कॉपी देने के बजाय अदालत सिर्फ निरीक्षण की मंजूरी दे सकेगी। ऐसे केस में पक्षकार या उनके वकील कोर्ट में रिकॉर्ड देख सकेंगे।

**भास्कर खास** हाईटेक लैब होते हुए भी बच्चों को दिमाग दौड़ाने के लिए प्रोत्साहन, कोशिश यही कि इंसानी खूबियां बची रहें

# अमेरिका का पहला एआई स्कूल; टेक के साथ कदम बढ़ा रहा है, पर असली भरोसा आज भी 'इंसानी दिमाग' पर, इसका मानना- तकनीक सिर्फ टूल है, नींव तो शिक्षक ही

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

न्यूयॉर्क| जॉर्जिया राज्य के हार्मनी एलीमेंट्री स्कूल की लाइब्रेरी में पहली क्लास के बच्चे रंग-बिरंगे प्लास्टिक ब्लॉक्स से घर बनाने में जुटे हैं। टीचर शानाज लखानी प्लास्टिक के खिलौने को दिखाकर पूछती हैं,'यह हमारा 'यूजर' है। हमें इसके लिए मजबूत घर बनाना है, जो भूकंप में भी न गिरे।' टीचर यहां बच्चों को 'यूजर एक्सपीरियंस' और 'एआई एप्लीकेशंस' जैसे भारी-भरकम तकनीकी शब्द सिखा रही हैं।

वाइटबोर्ड पर डेटा साइंस और प्रोग्रामिंग के रंग-बिरंगे ट्राएंगल्स बने हैं। पर, 7 साल के इन मासूमों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि इसका एआई से क्या कनेक्शन है; वे तो बस अपनी टीचर की गोद में बैठकर, दोस्तों के साथ मिलकर खिलौनों का घर बनाने का आनंद ले रहे हैं।

भविष्य की कल्पनाओं में अक्सर ऐसे स्कूल दिखते हैं जहां रोबोट पढ़ा रहे हों और बच्चे चैटबॉट्स से बातें कर रहे हों। लेकिन, हकीकत में यह स्कूल तकनीक से ज्यादा इंसानी जुड़ाव पर टिका है। असली शिक्षा वही है जहां टीचर्स का व्यक्तिगत मार्गदर्शन, बच्चों का आपसी जुड़ाव और खुद से सोचने की क्षमता अहम रहती है। इस हाई स्कूल को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की 'नौकरियां बदलने वाली' रिपोर्ट देखकर डिजाइन किया गया था। पूर्व छात्र मोहम्मद रिजवान व जोसेफ श्राग ने बताया कि 'एआई स्कूल' का दावा हकीकत से अलग था। उन्होंने कहा कि हम एआई का उतना इस्तेमाल नहीं करते। रोबोटिक्स जैसी कुछ क्लास छोड़ दें तो बाकी पढ़ाई पारंपरिक तरीके से होती है। भाषा व इतिहास में टीचर्स बच्चों से हाथ से निबंध लिखवाते हैं ताकि वे एआई से मदद न ले सकें।

स्कूल के मैकेनिकल इंजीनियरिंग रूम में कार्डबोर्ड से बड़ा स्पिनिंग गेम बना रहे एक छात्र से जब पूछा गया कि क्या उसने इसके लिए किसी एआई टूल या चैटबॉट का इस्तेमाल किया? तो उसका जवाब था, 'नहीं, मैं सिर्फ अपने दिमाग का इस्तेमाल कर रहा हूं।' इतिहास की क्लास में जब बच्चे चैटबॉट से सवाल-जवाब करते हैं, तो टीचर केसी होलीक्रॉस उनका मार्गदर्शन करती हैं। पैरेंट लिडिया क्लार्क कहती हैं,'हमारे बच्चे तकनीक की वजह से नहीं, बल्कि स्कूल के सुरक्षित माहौल और बेहतरीन टीचर्स के मानवीय जुड़ाव की वजह से आगे बढ़ रहे हैं।

एआई सॉफ्टवेयर बनाने वाली कंपनी 'खान एकेडमी' के प्रमुख सलमान खान ने स्वीकार किया है कि कई छात्रों के लिए एआई टूल से पढ़ना बेहद निराशाजनक रहा, क्योंकि मशीनें बच्चों की मानसिक उलझन को इंसानों की तरह नहीं समझ सकतीं।' स्कूल के अधिकारियों ने भी अंततः माना कि उनके लिए एआई का मतलब सिर्फ कोडिंग सिखाना नहीं, बल्कि उन 'ड्यूरेबल स्किल्स' (जैसे- नैतिक सोच, आपसी सहयोग और रचनात्मकता को बचाना है जो मशीनें कभी नहीं सीख सकतीं।

### आपसी चर्चा, एक्टिविटी को महत्व ताकि मौलिक सोच बनी रहे



स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने 800 से ज्यादा रिसर्च पेपर्स की स्टडी करके चेतावनी दी है कि एआई टूल तुरंत काम पूरा करने में तो मदद करते हैं, पर लंबे वक्त में बच्चों की खुद सोचने की क्षमता खत्म हो रही है। इसे वैज्ञानिकों ने 'कॉग्निटिव सरेंडर' कहा है, जहां इंसान अपने फैसले मशीनों पर छोड़ देता है। हार्मनी स्कूल इस खतरे को भांपते हुए 'ह्यूमन टच' पर जोर दे रहा है। यहां एआई सिर्फ टूल की तरह इस्तेमाल किया जाता है, जबकि मुख्य फोकस आपसी चर्चा, फिजिकल एक्टिविटी और टीचर्स के मार्गदर्शन पर है ताकि बच्चों की मौलिक सोच बनी रहे।

चेक बाउंस केस में हाईकोर्ट का फैसला


# दोषी का मुआवजा चुका देने के बाद आपराधिक सिस्टम में रखना उचित नहीं

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

चेक बाउंस मामलों में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि केवल इसलिए आपराधिक कार्यवाही समाप्त नहीं हो जाती क्योंकि शिकायतकर्ता की मृत्यु हो गई हो और उसके कानूनी वारिसों का पता न चल रहा हो। जस्टिस अनूप चितकारा ने फैसले में यह भी स्पष्ट किया कि निजी वित्तीय विवाद में जब दोषी व्यक्ति पूरा मुआवजा चुका दे, तब उसे अनावश्यक रूप से आपराधिक न्याय प्रणाली के शिकंजे में बनाए रखना उचित नहीं है। हाईकोर्ट की यह टिप्पणी एक ऐसे मामले की सुनवाई के दौरान की, जिसमें चेक बाउंस के दोषी ने अपनी सजा और दोषसिद्धि को चुनौती दी थी। ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा को सेशन कोर्ट पहले ही बरकरार रख चुका था।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि ट्रायल कोर्ट द्वारा निर्धारित पूरी क्षतिपूर्ति राशि जमा कर दी गई है। साथ ही यह भी कहा गया कि शिकायतकर्ता की मृत्यु हो चुकी है और उसके कानूनी उत्तराधिकारियों का कोई पता नहीं चल रहा है। याचिकाकर्ता ने दोषसिद्धि को चुनौती देने के बजाय केवल सजा को पहले से भुगती गई अवधि तक सीमित करने की मांग की। अदालत ने कहा कि शिकायतकर्ता की मृत्यु के बाद भी अपील या पुनरीक्षण की कार्यवाही स्वतः समाप्त नहीं हो जाती।


Dr. N.N. Jain
Padma Shri Awardee
Soya Man of the Millennium
Founder Chairman PRESTIGE Group
NAAC A++
HIGHEST ACCREDITATION
THRICE CONSECUTIVELY
PRESTIGE
IS ABOVE ALL
PIMR UG INDORE
Admission & Counselling Process
JUNE 7, 2026-SUNDAY
PRESTIGE
PIMR INDORE IS AMONG
THE CHOSEN FEW
Now Recognised with
DEEMED-to-be-UNIVERSITY
status accorded by MoE & UGC, Govt. of India
★★★★★
PROUD TO BE IN THE LEAGUE OF THE EXTRAORDINARY
Standing among the elite circle of top universities of the world
is the result of three decades of relentless excellence in education.
DEEMED-to-be-UNIVERSITY status isn't easy.
IT IS EARNED
LEARN TO LEAD
DEEMED TO BE UNIVERSITY
PRESTIGE INSTITUTE OF
MANAGEMENT AND RESEARCH
PIMR, INDORE
DEEMED
TO BE
UNIVERSITY
PIMRINDORE
NOW AMONG INDIA'S TOP LEAGUE UNIVERSITIES
HI-QUALITY EDUCATION with AI-ENABLED CURRICULUM
32
32 YEARS OF EXCELLENCE
LEGACY OF CONTRIBUTORS
HIGH PLACEMENT RATE
MBA
BBA
BBA Foreign Trade
BCA
B.COM
MA
BA
LLM
LLB
BA LLB
BBA LLB
MMC Digital Media
BAJMC
PhD
NAAC A++ FOR 3 CONSECUTIVE CYCLES
FUTURE-READY CAMPUS
45000 + ALUMNI TRUST
PRESTIGE
INSTITUTE OF MANAGEMENT
AND RESEARCH (PIMR) INDORE
78699 99297
www.pimrindore.ac.in
Prestige Vihar, Sch. No. 74 - C, Sector - D,
Vijay Nagar, INDORE – 452010 (M.P.)
INDORE
DEWAS
BHOPAL
GWALIOR
Leading Global Partner Universities
UCDAVIS
UNIVERSITY OF CALIFORNIA
UIC UNIVERSITY OF ILLINOIS CHICAGO
VCU
Loughborough University
Loughborough University, London
FIU FLORIDA INTERNATIONAL UNIVERSITY
جامعة دبي
UNIVERSITY of DUBAI
Brandeis UNIVERSITY
NM STATE
BE BOLD. Shape the Future.
New Mexico State University


BE A PART OF TRANSFORMATIONAL JOURNEY FROM ORDINARY TO EXTRAORDINARY.
ORDINARY GRADUATE
STRUGGLE
CHALLENGES
PRESSURE
FEAR
REJECTION
INSECURITY
FRUSTRATION
INSTABILITY
@
PIMR
DEEMED TO BE UNIVERSITY
INDORE GRADUATE
SUCCESS
CONFIDENCE
GROWTH
SATISFACTION
OPPORTUNITIES
EXCELLENCE
ACHIEVEMENT
STABILITY
PIMR INDORE
LEARN TO LEAD
DEEMED TO BE UNIVERSITY
NAAC A++
HIGHEST ACCREDITATION THRICE CONSECUTIVELY
PRESTIGE
INSTITUTE OF MANAGEMENT AND RESEARCH (PIMR) INDORE
78699 99297
www.pimrindore.ac.in

Loot Blink

SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!

JOIN INDIA'S MOST TRUSTED

# DEALS CHANNEL

SAVE MORE SPEND LESS!

100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED

SAB PE BADI BACHAT!

UP TO 90% DISCOUNT DEALS

BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK

LIMITED STOCK

JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!

| Product | MRP | Price | Discount | You save |
|---|---|---|---|---|
| boat Airdopes 141 TWS Earbuds | ₹2,990 | ₹249 | 92% OFF | YOU SAVE ₹2,741 |
| Noise Pulse 2 Smart Watch | ₹4,999 | ₹349 | 93% OFF | YOU SAVE ₹4,650 |
| iPhone 13 128GB | ₹59,900 | ₹5,399 | 91% OFF | YOU SAVE ₹54,501 |
| SAMSUNG 32" HD Smart TV | | | 89% OFF | YOU SAVE ₹25,800 |
| realme Narzo N55 (6GB+128GB) | ₹13,999 | ₹799 | 94% OFF | YOU SAVE ₹13,200 |
| ASUS Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD) | | | 90% OFF | YOU SAVE ₹40,491 |
| GREEN SOUL Office Chair Ergonomic | ₹14,999 | ₹1,499 | 92% OFF | YOU SAVE ₹17,500 |
| SAMSUNG 980 500GB NVMe SSD | ₹6,999 | | 91% OFF | YOU SAVE ₹6,400 |
| WILDCRAFT Backpack | ₹1,999 | ₹149 | 93% OFF | YOU SAVE ₹1,850 |
| PHILIPS Trimmer Series 3000 | ₹1,995 | ₹199 | 90% OFF | YOU SAVE ₹1,796 |
| AGARO Air Fryer 4.5L | ₹6,999 | ₹699 | 90% OFF | YOU SAVE ₹6,300 |
| PUMA Men's Running Shoes | ₹3,999 | | 91% OFF | YOU SAVE ₹3,650 |
| ZEBRONICS Study Headphones with Mic | ₹1,499 | ₹169 | 89% OFF | YOU SAVE ₹1,330 |
| PORTABLE Laptop Table Foldable | ₹1,299 | ₹129 | 90% OFF | YOU SAVE ₹1,170 |
| boAt Stone 650 Bluetooth Speaker | ₹3,999 | ₹199 | 95% OFF | YOU SAVE ₹3,800 |

UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS | PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW | 100% GENUINE PRODUCTS | FAST DELIVERY ACROSS INDIA

DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!

ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!

JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
- Instant Deal Alerts
- Exclusive Offers
- Limited Stock Updates

CLICK HERE

JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
- Latest Deals & Offers
- Price Drops Alerts
- Limited Time Offers

CLICK HERE

SAVE TIME SHOP SMART | SAVE MONEY LIVE BETTER | SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE! | SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.

JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

**कवायद** • 500 मीटर नीचे पहुंचा जलस्तर, बड़े प्लान पर काम

# बुढ़िया नाले पर बनेंगे चेक डैम, अगले माह से ड्रोन से होगा सर्वे

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

शहर में गिरते भूजल स्तर को रोकने के लिए अब बुढ़िया नाले पर चेक डैम बनाए जाएंगे। फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) ने अरावली क्षेत्र में बरसाती पानी बचाने के लिए यह योजना बनाई है। अगले महीने से ड्रोन और जीपीएस से सर्वे शुरू होगा। सर्वे रिपोर्ट और डिजाइन के बाद डैम बनाने का काम शुरू किया जाएगा।

**500 मीटर नीचे पहुंचा भूजल, सूख रहे रैनीवेलः** शहर में लगातार पानी के दोहन से भूजल स्तर करीब 500 मीटर तक नीचे चला गया है। कई इलाकों में हालात और खराब हैं। इसका सबसे ज्यादा असर यमुना किनारे दिख रहा है, जहां पानी का लेवल गिरने से रैनीवेल सूख रहे हैं। एफएमडीए अब नए रैनीवेल लगाने पर भी काम कर रहा है। अरावली में भी हर साल लाखों लीटर बरसाती पानी बेकार बह जाता है। अफसरों का मानना है कि चेक डैम से यह पानी रोककर जमीन में उतारा जा सकता है। इससे भूजल बढ़ेगा और आसपास के इलाकों में पानी की कमी भी दूर होगी।

## डिजिटल नक्शा बनाकर जमीन जांचेंगे



इसी बुढ़िया नाले पर चेक डैम बनाने की एफएमडीए तैयारी कर रहा है।

योजना के तहत नाले और आसपास के इलाके का ड्रोन और जीपीएस से डिजिटल नक्शा बनाया जाएगा। इससे पानी के बहाव की दिशा, नाले की असली हालत और आसपास के निर्माण का पता चलेगा। साथ ही जमीन की मजबूती जांचने के लिए भू-तकनीकी सर्वे भी होगा। जल विशेषज्ञ देखेंगे कि बारिश में नाले में कितना पानी आता है और कहां-कहां डैम बनाना सबसे सही रहेगा। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद बनाई जाएगी पूरी योजना एफएमडीए के मुख्य अभियंता विशाल बंसल ने बताया कि बुढ़िया नाले पर चेक डैम बनाने से पहले पूरा अध्ययन किया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर ही विस्तृत योजना बनेगी। अगर प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली तो यह अरावली में पानी और पर्यावरण बचाने की दिशा में बड़ा कदम होगा। इससे बरसाती पानी का सही इस्तेमाल होगा और प्राकृतिक जल स्रोत भी मजबूत होंगे।

## नेहरू कॉलोनी में पानी के कनेक्शन काटने का विरोध

### अफसरों को बुलानी पड़ी पुलिस

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

एनआईटी स्थित नेहरू कॉलोनी में पानी के कुछ कनेक्शन काटने के दौरान अधिकारियों को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। स्थिति बिगड़ती देख अधिकारियों को पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद भीड़ को तितर-बितर कर चार लोगों को हिरासत में ले लिया। दोपहर करीब 12 बजे संबंधित विभाग की टीम क्षेत्र में पहुंची और कुछ कनेक्शनों को काटने की कार्रवाई शुरू की। इसे लेकर स्थानीय लोग एकत्र हो गए और कार्रवाई का विरोध करने लगे। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों और लोगों के बीच बहस होने लगी। हालात तनावपूर्ण देख पुलिस बल बुलाया गया। पुलिसकर्मियों के पहुंचने के बाद स्थिति पर नियंत्रण पाया गया।

### मलबा हटने के बाद पुलिस की पैनी नजर

प्रशासन द्वारा हटाए गए अवैध निर्माणों और धार्मिक स्थलों के स्थानों से मलबा लगभग साफ कर दिया गया है, लेकिन इन स्थानों पर अब भी पुलिस की निगरानी है। किसी भी प्रकार की स्थिति से बचने के लिए पुलिसकर्मी लगातार गश्त कर रहे हैं। इस बीच कुछ सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने मांग उठाई है कि जिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण वर्षों तक सरकारी जमीन पर निर्माण होते रहे, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए।

**धार्मिक स्थल हटने के बाद बनी स्लिप रोडः** जिस स्थान पर अवैध धार्मिक ढांचे हटाए गए थे, वहां अब स्लिप रोड का निर्माण कर दिया गया है। प्रशासन का दावा है कि यह जमीन सरकारी रिकॉर्ड में पुनर्वास विभाग के स्वामित्व वाली है।

जेईई एडवांस्ड के परिणाम

# आरव गुप्ता ने अखिल भारतीय स्तर पर 17 वां स्थान प्राप्त किया

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

आईआईटी रुड़की द्वारा घोषित जेईई एडवांस्ड 2026 के परिणाम में शहर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। बेहतर रैंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों के परिवारों में खुशी का माहौल है। डीपीएस सेक्टर-19 के छात्र आरव गुप्ता ने अखिल भारतीय स्तर पर 17वीं रैंक हासिल कर जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। स्कूल प्रबंधन के अनुसार आरव जिले के टॉपर रहे हैं। इसी विद्यालय के छात्र निष्कर्ष सिंह ने ऑल इंडिया 72वीं रैंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि डीपीएस सेक्टर-19 के ही छात्र अर्नव घाटी ने 187वीं रैंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



आरव गुप्ता

**एमडीआईएस का भी शानदार प्रदर्शन रहा हैः** ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-87 स्थित मॉडर्न दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल के छात्र सक्षम बिश्नोई ने 168वीं अखिल भारतीय रैंक हासिल की है। स्कूल प्रबंधन का दावा है कि इन्होंने जिले में तीसरा स्थान हासिल किया है। स्कूल के अन्य विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। दिव्यांश नारंग ने 205वीं, अनय जैन ने 212वीं, मेधांश शेखर ने 419वीं, विदित मेहंदीरत्ता ने 704वीं तथा लक्ष्य शर्मा ने 743वीं रैंक प्राप्त की।

### कंप्यूटर साइंस से इंजीनियरिंग करेंगे निष्कर्ष सिंह, परिजन खुश

अखिल भारतीय स्तर पर 72वां स्थान हासिल करने वाले निष्कर्ष सिंह के परिवार में खुशी का माहौल है। अब कंप्यूटर साइंस से दिल्ली आईआईटी से इंजीनियर करेंगे। इनके पिता मनीष कुमार इलेक्ट्रिकल और मां रेखी कुमारी मैकेनिकल इंजीनियर हैं। मनीष कुमार ने बताया कि वह रोज आठ से 10 घंटे पढ़ाई करते थे। निष्कर्ष मुख्य रूप से बिहार के सहरसा जिले के रहने वाले हैं और ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-86 स्थित ओमेक्स हाइट्स सोसाइटी में रहते हैं।

**कानपुर आईआईटी में दाखिला चाहते हैं सक्षमः** सेक्टर-75 में रहने वाले सक्षम बिश्नोई कानपुर आईआईटी से कंप्यूटर साइंस से इंजीनियरिंग करेंगे। उन्होंने बताया कि वह देर रात पढ़ाई करते थे। वह रात नौ से दो बजे तक पढ़ते थे। परीक्षा नजदीक आने के साथ पढ़ाई के घंटे बढ़ गए थे। इनकी बड़ी बहन अक्षिता बिश्नोई ने भी आईआईटी की तैयार की थी, लेकिन जेईई एडवांस्ड नहीं निकाल पाई। उसने एनआईटी कुरुक्षेत्र से बीटेक की। उन्होंने बताया अक्षिता ने काफी मदद की। वह अपनी कमियों के बारे में बताती थी। ताकि वह गलतियां सक्षम न करें। पिता नील कमल आर्य एस्कॉर्ट्स कंपनी में कार्यरत हैं, जबकि मां नोएडा के प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक हैं।

## नेशनल हाईवे पर दो हादसों में एक की मौत, 6 घायल

**पलवल** | नेशनल हाईवे-19 पर मुंडकटी थाना क्षेत्र में दो हादसों में एक युवक की मौत हो गई। जबकि छह लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर आरोपी ड्राइवरों की तलाश शुरू कर दी है। पहला हादसा मुंडकटी थाना क्षेत्र में हुआ। ईस्ट दिल्ली के गांधी नगर निवासी शेर सिंह ने बताया कि उनका दामाद दीपक राम कामी और भाई इंद्र सिंह टेंपो में सामान लेकर कोसीकलां गए थे। लौटते वक्त हाईवे पर ट्रक बिना इंडिकेटर के खड़ा था। अंधेरे में टेंपो उससे जा टकराया। हादसे में दीपक और इंद्र दोनों घायल हो गए।

## नशा तस्करों पर शिकंजा, पांच माह में 270 गिरफ्तार

**फरीदाबाद** | पुलिस ने नशा तस्करों पर इस समय पूरा शिकंजा कस रखा है। उसने पांच माह में 208 केस दर्ज कर 270 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 213 तस्कर, 57 सोर्स और एक विदेशी नागरिक शामिल हैं। पुलिस ने गांजा करीब 190 किलो, अफीम 2.219 किलो, चरस 1.076 किलो, स्मैक 183 ग्राम, सुल्फा 271 ग्राम एमडीएमए 1.73 ग्राम के अलावा 171 प्रतिबंधित इंजेक्शन और 2953 नशीली गोलियां जब्त की है। बरामद माल की कीमत लाखों में है।

## 30 जून तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने पर ब्याज में मिलेगी सौ फीसदी छूट

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

अगर आपका प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है तो 30 जून से पहले जमा कर दीजिए। नगर निगम ने बकाया टैक्स पर लगने वाले ब्याज में पूरी छूट देने का ऐलान किया है। निगमायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि हरियाणा सरकार के आदेश पर यह राहत दी गई है। 30 जून के बाद टैक्स जमा करने पर हर महीने 1.5 फीसदी ब्याज लगेगा और यूनिट सील भी हो सकती है। एनआईटी जोन की जेडटीओ सुमन रतरा ने बताया कि उनके जोन में 1 लाख रुपए से ज्यादा टैक्स बकाया रखने वाली करीब 2400 यूनिट हैं। अब इन सभी को नोटिस भेजने का काम शुरू कर दिया गया है। रतरा ने कहा फायदा नहीं उठाएंगे, उनकी यूनिट पर सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध कब्जे व प्रॉपर्टी आईडी की शिकायतों की भरमार, मेयर ने सुनवाई कर दिए निर्देश

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

नगर निगम में सोमवार को हुई जनसुनवाई में लोगों की परेशानियां खुलकर सामने आईं। अवैध कब्जे, प्रॉपर्टी आईडी में गड़बड़ी व अतिक्रमण की शिकायतों की भरमार रही। मेयर प्रवीण जोशी और अतिरिक्त आयुक्त गौरव अंतिल ने 44 मामलों की सुनवाई कर अफसरों को तय समय में समाधान करने के सख्त निर्देश दिए।

**डबुआ ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में अवैध कब्जों का होगा सर्वेः** जनसुनवाई में सबसे गंभीर मामला डबुआ कॉलोनी के ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का रहा। लोगों ने शिकायत की कि कई लोगों ने बिना कागजों के फ्लैटों पर जबरन कब्जा कर रखा है। मेयर ने तुरंत मौके पर सर्वे कराने, सभी दस्तावेज जांचने और नियम के मुताबिक कार्रवाई करने का आदेश दिया।

**प्रॉपर्टी आईडी व टैक्स की शिकायतें सबसे ज्यादाः** राजीव कॉलोनी समेत कई इलाकों के लोग प्रॉपर्टी आईडी में गलती और गलत टैक्स लगाने की शिकायत लेकर पहुंचे। मेयर ने अधिकारियों को कहा कि हर केस की जांच कर जल्दी से जल्दी गलती सुधारी जाए।



नगर निगम में सोमवार को जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनतीं मेयर प्रवीण जोशी।

**चंदावली से सेक्टर-15 तक कब्जों पर हंगामाः** चंदावली गांव के वाल्मीकि मोहल्ले में सार्वजनिक जमीन पर कब्जे का मुद्दा गर्म रहा। स्थानीय लोगों ने तुरंत कार्रवाई की मांग की। सेक्टर-15 की मार्केट के दुकानदारों ने बिना इजाजत बैठे स्ट्रीट वेंडरों से हो रहे अतिक्रमण की शिकायत की।

## बंचारी के स्टेडियम में पहला सिंथेटिक ट्रैक बनाया जाएगा

**पलवल** | जिले के खिलाड़ियों को अब इंटरनेशनल लेवल की ट्रेनिंग अपने गांव में ही मिलेगी। नेशनल हाईवे-19 पर बंचारी गांव के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में जिले का पहला सिंथेटिक ट्रैक बनने जा रहा है। 400 मीटर लंबे इस ट्रैक पर करीब 9 करोड़ 68 लाख रुपये खर्च होंगे। टेंडर प्रक्रिया इस माह के अंत तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद निर्माण शुरू हो जाएगा। खेल विभाग ने ट्रैक बनाने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को सौंपी है। यह ट्रैक सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। सरकार का मकसद ग्रामीण युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। इसके लिए कोचों की कमी भी पूरी कर दी गई है। सालों से जर्जर पड़े स्टेडियमों की मरम्मत कर उन्हें भी संवारा जा रहा है।

**खिलाड़ियों ने कहा कि अब बाहर नहीं जाना पड़ेगाः** बंचारी के कोच और खिलाड़ी हर्ष कुमार, सुमन सौरोत, बलबीर शर्मा, बादाम सिंह व अशोक सौरोत ने कहा कि स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक बनना गांव के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब युवाओं को प्राइवेट सेंटरों में कोचिंग लेने नहीं जाना पड़ेगा। ट्रैक बनने से प्रैक्टिस आसान होगी।

**शिकंजा** • पांच माह में 2.66 लाख चालान काट पुलिस ने दिया सख्त संदेश

# नियम तोड़ा तो जेब कटेगी, सबसे ज्यादा बिना हेलमेट के 1.13 लाख चालान कटे

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

ट्रैफिक नियम तोड़ना अब जेब पर भारी पड़ रहा है। फरीदाबाद पुलिस ने 2026 के सिर्फ 5 महीनों में नियम तोड़ने वालों के 2 लाख 66 हजार 5 चालान काट दिए। पुलिस का कहना है कि सड़क पर जान बचाने के लिए सख्ती जरूरी है, इसलिए जागरूकता के साथ-साथ चालान भी किए जा रहे हैं।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने कहा कि चालान काटना मकसद नहीं है। सड़क हादसों में कमी लाना और लोगों की जान बचाना असली मकसद है। नियम तोड़ना ही हादसों की सबसे बड़ी वजह है। पुलिस ने जनवरी से मई तक लगातार कार्रवाई की है। जनवरी में 52690, फरवरी में 40807, मार्च में 56220, अप्रैल में 57028 और मई में सबसे ज्यादा 59260 चालान किए गए। मतलब हर महीने औसतन 53 हजार से ज्यादा लोग नियम तोड़ते पकड़े गए।



फरीदाबाद. चेकिंग के दौरान वाहन की जांच करती ट्रैफिक पुलिस।

पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि लोग सबसे ज्यादा हेलमेट को लेकर लापरवाह हैं। इस दौरान बिना हेलमेट के 113667 चालान किए गए। जो कुल चालान का 42 फीसदी से ज्यादा है। जबकि तेज रफ्तार के 27730 चालान, रांग साइड ड्राइविंग के 23432 चालान, गलत पार्किंग के 22515 चालान, लेन तोड़ने के 22244 चालान, नंबर प्लेट में गड़बड़ी के 15377 चालान, काली फिल्म के 6523 चालान काटे गए।



## डंपर से तिरपाल हटाने के दौरान करंट लगने से चालक की मौत

**गुरुग्राम** | बजघेड़ा थाना एरिया में डस्ट का डंपर खाली करने आए चालक की करंट लगने से मौत हो गई। चालक डंपर के ऊपर से तिरपाल हटा रहा था, तो पास से गुजर रही बिजली की लाइन की चपेट में आ गया था। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर ट्रक मालिक, केयर टेकर और बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। राजस्थान के सीकर निवासी देवराज मीणा (23) बीती 30 मई को राजस्थान के बहरोड़ से डस्ट का ट्रक लेकर गुरुग्राम के लिए चला था। 31 मई की सुबह वह ट्रक लेकर सेक्टर-114 में पहुंचा था।

## बाइक की टक्कर से घायल सिक्योरिटी गार्ड महिला की मौत

**गुरुग्राम** | भोंडसी थाना एरिया में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला सिक्योरिटी गार्ड भगवती गंभीर रूप से घायल हो गई थी। चार दिन बाद सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।पुलिस को दी शिकायत में आगरा के गांव बेरी निवासी आकाश ने बताया कि उनकी मां भगवती बादशाहपुर स्थित एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड थी। बीती 28 मई की शाम करीब 7:30 बजे वह ड्यूटी से पैदल घर घामड़ौज लौट रही थीं। टोल क्रॉस करने के बाद एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस ने बाइक चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खड़े ट्राले से टकराने पर बाइक सवार युवक की मौत

**गुरुग्राम** | भोंडसी थाना एरिया के घामडौज टोल के पास सड़क किनारे बिना लाइट के खड़े ट्राले से बाइक टकराने से 26 वर्षीय युवक राजवीर बघेल की मौत हो गई। राजवीर बघेल सेक्टर-67 के अरबाना एम3एम स्थित पिज्जा हट में कैशियर था। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नूंह के गांव इण्डरी निवासी सतीश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा । रात करीब 1:30 बजे राजवीर पड़ोसी संजय के साथ उसकी बाइक से घर के लिए निकला था। भोंडसी थाना पुलिस ने पिता सतीश कुमार की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## वुडलैंड का सेल्समैन लापता, परिजन ने अपहरण की आशंका जताई

**गुरुग्राम** | सेक्टर-14 थाना एरिया से एक सेल्समैन संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। जिसको लेकर उसके मोबाइल से पहले एमजी रोड पर एक्सीडेंट और फिर हैदराबाद में भर्ती होने की झूठी कॉल परिजनों को की गई। परिजनों ने उसे किडनैप किए जाने की आशंका जताई है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ओडिशा के बद्रक निवासी प्रताप कुमार जना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका छोटा भाई कृष्ण चन्द्र जना पिछले 3 साल से वुडलैंड शोरूम में सेल्समैन था। वह सेक्टर-14 में किराये पर रहता था।

**तोहफा** • मेक इन हरियाणा पॉलिसी लॉन्च, पहले ही दिन 1 लाख 10 हजार करोड़ के हुए एमओयू

# प्रदेश में नई पॉलिसी से निवेश की प्रक्रिया सरल होगी, विकास के अवसर और अधिक व्यापक होंगेः नायब

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

सीएम नायब सिंह सैनी ने सोमवार को गुरुग्राम में मेक इन हरियाणा इंडस्ट्रियल पॉलिसी को लॉन्च किया। प्रदेश में 5 लाख करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य लेकर लॉन्च की गई इस पॉलिसी के पहले ही दिन 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों के एमओयू हुए। इसके साथ-साथ उन्होंने 9 नई सेक्टोरल पॉलिसी, एक स्मार्ट निवेश सुविधा पोर्टल को भी लॉन्च किया। मुख्यमंत्री ने हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लोगों का भी अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस नई पॉलिसी से उद्योग और सशक्त होंगे। निवेश प्रक्रिया सरल होगी और विकास के अवसर और अधिक व्यापक होंगे। इससे प्रदेश को एक नई दशा और दिशा मिलेगी। सीएम ने कहा, आज उद्योग केवल इंसेंटिव ही नहीं देखते, वे इकोसिस्टम भी देखते हैं। वे पूछते हैं कि कौन सा राज्य तेजी से निर्णय ले सकता है? कौन सा राज्य भरोसा दे सकता है? कौन–सा राज्य लंबे समय तक ग्रोथ पार्टनर बन सकता है? यही वह क्षेत्र है, जहां हरियाणा नेतृत्व करने जा रहा है। मेक इन हरियाणा केवल एक इंडस्ट्रियल पॉलिसी नहीं है। यह हरियाणा के आर्थिक विकास के अगले चरण का रोडमैप है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल्द ही हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जाएगा।

## हरियाणा पॉलिसी औद्योगिक विकास को नई दिशा देगीः अरुण कुमार गुप्ता




**इन कंपनियों ने किया एमओयू** एनटीएफ ग्रुप, औमोवियो, प्रोटेरियल, नेशनल आस्ट्रेलियन बैंक ग्लोबल इनोवेशन सेंटर, सुमितोमो कॉर्पोरेशन इंडिया, रिलायंस एमईटीएल, स्टार वायर, सात्विक ग्रप, ईंडिया सेल एलायंस, गौतम सोलर, वीनस रेमेडिस, वरूण बेवरेजिस, होरिजोन इंडस्ट्रिएल, अनंत राज, वैलसपम वन, स्टार सीमेंट, जीएलएस ग्रुप, एसएमटीए, करनाल फॉर्मा पार्क, यूनिवर्सल सक्सेस एनटरप्राइजेस, रैकबैंक, अंबर ग्रुप। मेक इन मेक इन हरियाणा पॉलिसी औद्योगिक विकास को नई दिशा देगीः अरुण कुमार गुप्ता इस दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि यह पॉलिसी सरकारी दफ्तरों में बैठकर बनी हुई पॉलिसी नहीं है बल्कि सभी उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ बैठकर, बातचीत कर बनाई गई पॉलिसी हैं।

### हरियाणा देश की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में से एक

सीएम ने कहा, हरियाणा देश की सबसे मजबूत औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओंमें से एक है। देश के केवल 1.3 प्रतिशत भू–भाग के बावजूद हरियाणा भारत की जीडीपी में लगभग 3.6 प्रतिशत योगदान देता है। एक्सप्रेसवेज, फ्रेट कॉरिडोर्स, रेल कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स हब्स और एनसीआर तक सीधी पहुंच ने हरियाणा को भारत के सबसे राजनीतिक इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन्स में बदल दिया है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा, राज्य सरकार केवल नई नीतियां लागू करने तक सीमित नहीं है, बल्कि हरियाणा की औद्योगिक सोच को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप आकार देने का कार्य कर रही है।

### कष्ट निवारण समिति : 16 में से 13 मामलों का समाधान

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुल 16 परिवाद में से 13 का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि 03 मामलों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन लंबित मामलों की स्टेटस रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करें।

### मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में एआई सेंडबॉक्स का किया लोकार्पण

गुरुग्राम | मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को गुरुग्राम ताज होटल सभागार में आधुनिकतम तकनीक पर केंद्रित एआई सेंडबॉक्स के लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एआई सुशासन व एआई अंत्योदय के साथ एआई हरियाणा की इस यात्रा में सहभागी बनते हुए सभी ने मिलकर आधुनिक स्वरूप के साथ विकसित भारत के सपने को साकार करना है।

## जाटौली हेलीमंडी महाविद्यालय परिसरः गंदगी से स्टूडेंट्स परेशान

भास्कर न्यूज | पटौदी

राजकीय जाटौली हेलीमंडी महाविद्यालय परिसर में भरे सीवर का गंदा पानी की वजह से इस साल यूजी के दाखिला फार्मों में भारी कमी दर्ज की गई। यहां दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में इतनी कमी आई है कि साइंस और बीए ज्योग्राफी आनर्स की फैकल्टी बंद होने के कगार पर पहुंच गई हैं। दाखिलों के लिए प्राप्त फार्मों में छात्रों ने दाखिला नहीं लिया तो यह बंद हो सकती हैं। बीते रविवार 31 मई तक यूजी के लिए फार्म भरे गए। इसमें बीए ज्योग्राफी आनर्स के लिए 60 सीटों पर मात्र 20 बच्चों ने फार्म भरे हैं। यानी मात्र 33 प्रतिशत सीटों पर फार्म भरे गए। इसके अलावा कला संकाय में 320 सीटों पर मात्र 226 छात्रों ने यहां दाखिलों के रूचि दिखाई है। वाणिज्य संकाय में 80 सीटों पर 124 छात्रों ने फार्म जमा कराए हैं। वहीं विज्ञान की पढ़ाई के लिए 160 सीटों के लिए मात्र 48 छात्रों ने फार्म भरे हैं।अभी तो सिर्फ फार्म भरने की प्रक्रिया पूरी हुई है। ऐसा भी संभव है कि एक छात्र ने कई जगह फार्म भरे हो। अगर किसी संकाय में 20 प्रतिशत या उससे कम फार्म भरे गए तो संकाय बंद हो सकती है।



पटौदी। महाविद्यालय परिसर में वर्षों से खड़ा सीवर का पानी

दरअसल, महाविद्यालय के साथ सरकार द्वारा एसटीपी प्लांट लगाया गया। प्लांट में सीवर के पानी की निकासी का कोई रास्ता नहीं है। यहां खुले में जहरीले जानवरों का खतरा है। इन्हीं समस्याओं के कारण स्टूडेंट्स महाविद्यालय में दाखिला लेने में कम रूचि दिखा रहे हैं।

## नूंह में पालतू कुत्ते ने युवक को काटा, कार्रवाई की मांग

**नूंह** | नूंह शहर में पालतू कुत्ते के हमले में एक युवक घायल हो गया। पीड़ित ने कुत्ता मालिक के खिलाफ समाधान शिविर और सिटी थाना में शिकायत देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद शहर में नियमों की अनदेखी हो रही है। वार्ड 13 निवासी यश माथुर पुत्र मुकेश कुमार को उनके पड़ोसी जमुना प्रसाद के पालतू कुत्ते ने जांघ पर दो जगह से काट लिया। पिछली बार कुत्ते के हमले पर कुत्ता मालिक और उसके बेटों ओमकार व प्रवेश ने थाना प्रभारी जितेंद्र यादव और पार्षद सुमित अदलखा के समक्ष माफी मांगते हुए कुत्ते को बांधकर रखने का वादा किया था, लेकिन वादा पूरा नहीं हुआ।

## बढ़ती कीमतों पर इनेलो का विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**नूंह** | नूंह में सोमवार को इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) पार्टी द्वारा पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी की बढ़ती कीमतों के विरोध में प्रदर्शन किया। इनेलो नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नूंह जिला सचिवालय पहुंच केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ईंधन की कीमतों पर तत्काल नियंत्रण लगाने की मांग की गई। इनेलो के वरिष्ठ नेता हाजी सोहराब खेड़ी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, एलपीजी और तारकोल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। वहीं इनेलो के नूंह प्रभारी आनंद सिंह श्योराण ने बताया कि ईंधन की कीमतों में वृद्धि का असर केवल वाहन चालकों तक सीमित नहीं है।

## युवकों के दो गुटों के बीच सड़क पर चले लाठी-डंडे

**गुरुग्राम** | सेक्टर-37 में वोल्वो शोरूम के पास सड़क पर काफी देर तक युवकों के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा व हंगामा चलता रहा। युवकों के दो गुटों में जमकर मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला करते दिख रहे हैं। सड़क पर काफी देर तक हंगामा चलता रहा। वायरल वीडियो 31 मई का बताया जा रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि बहसबाजी और गाली-गलौज के बाद विवाद मारपीट में बदल गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक युवक फरार हो चुके थे। एक राहगीर ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। इस मामले में सेक्टर-10 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिलबाग ने कहा कि मारपीट को लेकर अभी तक कोई शिकायत नहीं आई है।

# 285 करोड़ की हेरोइन तस्करी का मुख्य आरोपी अरेस्ट, 4 दिन के रिमांड पर लिया

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

स्पेशल टास्क फोर्स की गुरुग्राम यूनिट ने नशा तस्करों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 285 करोड़ रुपए की हेरोइन तस्करी मामले के मुख्य आरोपी गुरप्रीत को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले आठ महीनों से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। एसटीएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी गुरप्रीत को रोहतक से पकड़ा है। आरोपी को भिवानी की जिला अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

इस पूरे सिंडिकेट का खुलासा तब हुआ जब सब-इंस्पेक्टर विवेक कुमार के नेतृत्व में एसटीएफ गुरुग्राम की टीम ने गत 21 मई को भिवानी से रोहित नाम के एक युवक को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने रोहित के कब्जे से 8.940 किलोग्राम हेरोइन बरामद की थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 35 करोड़ रुपए आंकी गई। इस बरामदगी के संबंध में भिवानी के सिविल लाइंस थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस ने आरोपी रोहित को रिमांड पर लेकर कड़ी पूछताछ की, तो आरोपी ने ड्रग्स सिंडिकेट के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया। रोहित ने खुलासा किया कि उसका बड़ा भाई गुरप्रीत और उनका एक अन्य साथी राजेंद्र सिंह उर्फ गगनदीप सिंह निवासी लुधियाना, पंजाब मिलकर इस काले कारोबार को चला रहे हैं।

रोहित ने बताया कि उसका भाई गुरप्रीत पंजाब के मोहाली में एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा दर्ज एक पुराने मामले में भी मुख्य आरोपी है। पंजाब में 21 नवंबर 2025 को मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें पुलिस ने 50.14 किलोग्राम हेरोइन की एक विशाल खेप पकड़ी थी। इस खेप की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 250 करोड़ रुपए थी।

## चालान नहीं सलाम मिलेगा अभियान में जुर्माना वसूला

**गुरुग्राम** | गुरुग्राम में वाहन चालकों द्वारा ट्रैफिक नियम तोड़ने के नए-नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस ने छह दिन में ही चालान नहीं सलाम मिलेगा अभियान के तहत 22,632 वाहनों के चालान किए और 1 करोड़ 86 लाख 24 हजार 400 रुपए का जुर्माना लगाया। ऐसे में औसतन रोजाना 31 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना रोजाना लगाया गया। ट्रैफिक पुलिस ने मैदानी स्तर पर 13,066 चालान किए गए। इनमें रॉंग साइड ड्राइविंग के 1,400, रॉंग पार्किंग के 1,344, बिना हेलमेट ड्राइवर के 931, पिलियन राइडर बिना हेलमेट के 861, बिना सीट बेल्ट के 679, ड्रंकन ड्राइविंग के 596, लेन चेंज के 917, ट्रिपल राइडिंग के 214 और डेंजरस यू-टर्न के 112 चालान शामिल हैं। वहीं कैमरों के माध्यम से 9566 चालान हुए। लेन चेंज के सबसे ज्यादा 3,986, नो एंट्री के 1,790, ड्राइवर बिना सीट बेल्ट के 2,152, फ्रंट पैसेंजर बिना सीट बेल्ट के 511, प्रदूषण के 445 और ड्राइवर बिना हेल्मेट के 390 चालान किए गए। सड़क अनुशासन बनाए रखने एवं सडक़ दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस गुरुग्राम द्वारा एनएच-48, द्वारका एक्सप्रेसवे तथा मुंबई एक्सप्रेसवे पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

एसआईआर • सबसे अधिक मैपिंग का कार्य फरीदाबाद व गुरुग्राम में बाकी

# हरियाणा के 36 फीसदी मतदाताओं की मैपिंग नहीं, अब जारी होंगे नोटिस

## विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 का कार्य समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पूरा करने के दिए निर्देश

भास्कर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा में अब तक जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हुई है, उन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे। 1 करोड़, 32 लाख, 95 हजार की मैपिंग हो चुकी है। अब तक 64 फीसदी ही मैपिंग हो पाई है, जो 36 फीसदी बाकी हैं, उनको नोटिस जारी होंगे। सबसे अधिक मैपिंग का कार्य फरीदाबाद और गुरुग्राम में बाकी है। जबकि, पंचकूला में भी 51 फीसदी ही मैपिंग हो पाई है। ऐसे मामलों में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों के कार्यालयों के बाहर भीड़ की संभावना को देखते हुए मतदाताओं को संबंधित बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से आवश्यक डेटा मैपिंग करवाने की सलाह दी गई है। एसआईआर से ठीक पहले चुनाव आयोग तैयारियों में जुटा हुआ है।

हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 की तैयारियों एवं प्रगति की समीक्षा के लिए सोमवार को चंडीगढ़ में उप निर्वाचन आयुक्त संजय कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत किए जा रहे विभिन्न प्रबंधों, कार्य योजनाओं तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए श्रीनिवास ने बताया कि उप निर्वाचन आयुक्त ने मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता एवं समावेशिता सुनिश्चित करने पर विशेष बल देते हुए सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएं तथा मृत, स्थानांतरित एवं अपात्र मतदाताओं के नाम नियमानुसार हटाने की प्रक्रिया पूरी निष्पक्षता एवं सावधानी के साथ संपन्न की जाए। बूथ स्तर पर चल रहे सत्यापन कार्यों की भी समीक्षा की गई। उप निर्वाचन आयुक्त ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को घर-घर जाकर सत्यापन अभियान को प्रभावी एवं व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए ताकि मतदाता सूची का पुनरीक्षण अधिक सटीक और विश्वसनीय बन सके।

### उपनिर्वाचन आयुक्त ने की तैयारियों व प्रबंधों की समीक्षा



चंडीगढ़ | मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए श्रीनिवास ने अफसरों को दिशा-निर्देश दिए।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ नियमित संवाद एवं समन्वय बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाती है। बैठक में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों, दावों एवं आपत्तियों के समयबद्ध निपटान तथा तकनीकी एवं प्रशासनिक तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सभी अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला है और इसके लिए सभी स्तरों पर गंभीरता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# हिमाचल के विस चुनाव में सिंगल डिजिट पर सिमटेगी कांग्रेसः भाजपा

भास्कर न्यूज़ | हमीरपुर

नगर परिषद सुजानपुर और भोटा नगर पंचायत में भी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष भाजपा बनाएगी। इन दोनों जगहों पर भाजपा विचारधारा के प्रत्याशी भी काफी संख्या में जीत कर आए हैं। संयुक्त पत्रकार वार्ता में प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र राणा, विधायक आशीष शर्मा, इंद्रदत लखनपाल, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने कहा कि जिस तरह पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव परिणाम हमीरपुर जिला में सामने आए हैं उसमें यह साफ हो गया है की 75 फ़ीसदी से ज्यादा भाजपा समर्थक प्रत्याशी ही जीते हैं। जिसकी पार्टी ने पूरी सूची तैयार की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह जिला परिषद ,स्थानीय निकाय, पंचायत प्रधान, उप प्रधान, वार्ड सदस्यों की सेमी फाइनल में जीत हुई है। उससे यह साफ हो गया है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में सिंगल डिजिट पर सिमट कर रह जाएगी। क्योंकि प्रदेश की जनता ने अपना फैसला सुना दिया है। राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री को हमीरपुर जिला से भी कितने कांग्रेस पार्टी विचारधारा के लोग जीते हैं इसका आंकड़ा सामने लाना चाहिए।




हमीरपुर | पत्रकार वार्ता करते भाजपा के विधायक और पूर्व विधायक।

## रोहतक में अर्जुन चौटाला की डीसी, एसपी से बहस, सिरसा में गेट बंद किए

चंडीगढ़ | इनेलो ने सोमवार को पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस के दामों के कारण बेतहाशा बढ़ रही महंगाई के विरोध में प्रदर्शन किए और प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्तों को ज्ञापन सौंपे। इस दौरान कई जगह इनेलो नेताओं की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की और बहस भी हुई। रोहतक में विधायक अर्जुन चौटाला की डीसी और एसपी के साथ बहस हुई। लघु सचिवालय का गेट बंद करने पर कार्यकर्ता भड़क गए और जबरदस्ती गेट खोलकर घुस गए। काफी देर तक पुलिस और विधायक अर्जुन चौटाला के बीच झड़प हुई। एसपी पहुंचे तो विधायक ने गाली देकर कहा, 'तेरे से बात नहीं कर रहा, चल दफा हो जा।' आरोप है कि प्रशासन ने उनके पहुंचते ही मुख्य गेट बंद कर दिया, जिससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी फैल गई। कुछ देर विरोध और नारेबाजी के बाद प्रशासन ने गेट खोल दिया। इनेलो के राष्ट्रीय संयोजक संपत सिंह ने हिसार, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने कैथल, पूर्व मंत्री एवं इनेलो के पार्लियामेंट्री बोर्ड के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने भिवानी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रकाश भारती और पूर्व विधायक दिलबाग सिंह ने यमुनानगर, इनेलो के राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान ने हांसी, इनेलो विधायक अदित्य देवीलाल ने पलवल में प्रदर्शन की अगुवाई की।

## मोगा में लिव-इन विवाद में एसएचओ सस्पेंड

मोगा | इंटरनल इंक्वायरी मामले में लापरवाही पर थाना सिटी साउथ के प्रभारी इंस्पेक्टर गुरविंदर सिंह भुल्लर को निलंबित कर दिया गया। एसएसपी सरताज सिंह चहल ने बताया कि मामला मोगा के पीपल वाला चौक का है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, एक युवक पर 26 मई को हमला हुआ था। घायल युवक को पहले मोगा अस्पताल और फिर उसे फरीदकोट रेफर किया गया था। मामले में 31 मई को एफआईआर दर्ज की गई। पीड़ित पक्ष का आरोप था कि घटना और एफआईआर के बीच कई दिनों का अंतर है। इस दौरान पुलिस ने कोई अपेक्षित कार्रवाई नहीं की। बाद में पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत दी और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।




आरसीबी ने लगातार आईपीएल ट्रॉफियाँ जीतीं!

## रोपड़ में दो शिवसेना नेताओं को विदेशी नंबरों से मारने की धमकी

रोपड़ | शिवसेना पंजाब के नेताओं संजीव घनौली और नेता सचिन घनौली को विदेशी नंबरों से फोन पर जान से मारने की धमकियां मिली हैं।

GALGOTIAS UNIVERSITY
QS | moves up further in the World Rankings. | THE
India Today–MDRA Best Colleges Ranking 2025
Ranked 4th in North India amongst Private Colleges | Ranked 23rd in India
SCHOOL OF DESIGN
Department of Design
Under Graduate Programs
• Bachelor of Design (Fashion Design)
• Bachelor of Design In Interior and Spatial Design
• Bachelor of Design in Advertising, Graphics and Web Design
• Bachelor of Design in Communication Design
• Bachelor of Design in Product Design
Post Graduate Programs
• M. Design in Fashion Design
• M.Sc. In Interior and Spatial Design
• M. Design in Interaction Design
• M. Design in Design Research and Insights
Launched India's Finest Active Learning Campus
In consultancy collaboration with INSPIRE NANYANG TECHNOLOGICAL UNIVERSITY SINGAPORE
NAAC GRADE A+ Accredited University
G-SCALE GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM
G-SCALE moves education beyond passive lectures to an environment where students actively engage in real-world problem-solving, collaboration, and experiential learning.
For Admissions Scan to Apply
9810162221, 9717300418, 9582847072
97173 00343 | 0120-4370000
Email: admission@galgotiasuniversity.edu.in
For the complete list of programmes offered and to apply online visit www.galgotiasuniversity.edu.in #GetYourSelfPlaced

## ढली में दो आरोपी और पंजाब के खरड़ से मुख्य चिट्टा-आईस तस्कर गिरफ्तार

शिमला | शिमला पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए चिट्टा और आईस सप्लाई नेटवर्क के एक प्रमुख आरोपी को पंजाब से गिरफ्तार किया है। वहीं ढली में दो युवाओं से हेरोइन (चिट्टा), 47 ग्राम आईस और 60 हजार 400 रुपए नगद बरामद किए। अवंतिका नेगी, निवासी ढली और प्रद्युम्न निवासी ठियोग के कब्जे से 65 ग्राम हेरोइन और 20 ग्राम आईस बरामद की गई। जांच में सामने आया कि ड्रग पंजाब के खरड़ से समर नाम के व्यक्ति से खरीदी थी। इस पर पुलिस ने समर सिंह उर्फ टाइगर को पंजाब के खरड़ से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी से करीब 131 ग्राम हेरोइन, 27 ग्राम आईस और 60 हजार 400 रुपए नकदी बरामद किए। एएसपी अभिषेक का कहना है कि इस पूरे मामले में अब तक कुल 196 ग्राम हेरोइन, 47 ग्राम आईस (खतरनाक सिंथेटिक नशीला पदार्थ है, जिसे मेथामफेटामाइन या क्रिस्टल मेथ कहते हैं) और नकदी बरामद हो चुकी है।

# पंजाब में हाई अलर्ट... डीजीपी का आदेश हर जिले में बढ़ेंगे नाके व पुलिस गश्त, जनता और समितियों से संवाद बढ़ाएं सीपी-एसएसपी

भास्कर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए डीजीपी गौरव यादव ने राज्यभर की पुलिस इकाइयों को सड़कों पर अपनी मौजूदगी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सीएम भगवंत मान के निर्देशों के तहत राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में पुलिस गश्त तेज करने, रणनीतिक नाकों की संख्या बढ़ाने और वाहनों की सघन जांच सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

पुलिस मुख्यालय से हाई-लेवल वर्चुअल बैठक में रेंज डीआईजी, सीपी और एसएसपी शामिल हुए। यादव ने साफ शब्दों में कहा कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई को और तेज किया जाएगा। इसके लिए सभी जिलों में पुलिस नाकों की संख्या बढ़ाई जाएगी, मोबाइल गश्त को मजबूत किया जाएगा और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने जिला पुलिस प्रमुखों को अधिक से अधिक पुलिस बल मैदान में उतारने के निर्देश दिए ताकि आम लोगों में सुरक्षा और विश्वास का माहौल और मजबूत हो सके।

बैठक में पंजाब सरकार की महत्वाकांक्षी मुहिम 'युद्ध नशे के विरुद्ध' और 'गैंगस्टरां ते वार' की समीक्षा की गई। डीजीपी ने नशा तस्करी के खिलाफ लड़ाई में एक बड़े रणनीतिक बदलाव का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस अब केवल तस्करों को पकड़ने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि नशे के कारोबार को आर्थिक मदद पहुंचाने वाले हवाला नेटवर्कों को ध्वस्त करेगी। डीजीपी ने बताया कि एजेंसियों का फोकस उन हवाला ऑपरेटरों पर है, जो मध्य-पूर्वी देशों के जरिए गैर-कानूनी चैनलों से पैसा पाकिस्तान भेज रहे हैं। पुलिस के अनुसार यही नेटवर्क नशा कारोबार की फंडिंग को बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# सीएम ने पुलिस के नए वाहनों को दिखाई हरी झंडी, बेड़े में कार-बाइक हुए शामिल

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोमवार को गुरुग्राम में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए हरियाणा पुलिस के नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस विशेष कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने हरियाणा पुलिस बेड़े में शामिल की गई 310 नई मोटरसाइकिलों और 2 कारों को हरी झंडी दिखाई। इन वाहनों में से गुरुग्राम को 60 मोटरसाइकिलें और एक कार मिली है। फरीदाबाद को 40 मोटरसाइकिलें और एक कार दी गई हैं। इसके अतिरिक्त, हरियाणा के अन्य जिलों को भी 210 मोटरसाइकिलें उपलब्ध कराई गई हैं। इन सभी वाहनों का उपयोग आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन (ईआरवी) के रूप में किया जाएगा। यह सभी वाहन कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत होंडा मोटर फाउंडेशन द्वारा हरियाणा पुलिस को प्रदान किए गए हैं। सीएम ने कहा, जहां देश भर में ईआरवी का औसत समय लगभग 18 मिनट है, वही हरियाणा पुलिस ने इस समय को 7 मिनट 3 सेकंड तक लाकर लगभग ढाई गुना तक की कमी औसत समय में की है।



## सीएम ने गुरुग्राम से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 पर आयोजित योग अभ्यास अभियान का किया शुभारंभ

गुरुग्राम | हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित महाराणा प्रताप स्वर्ण जयंती पार्क (लेजर वैली) में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आयोजित राज्यव्यापी योग अभ्यास अभियान के शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित योग साधकों को करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने इस वर्ष 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य और व्यापक स्तर पर मनाने का निर्णय लिया है। 1 जून से 21 जून तक प्रदेशभर में जिला, उपमंडल, ब्लॉक, वार्ड और ग्राम पंचायत स्तर पर योग शिविर आयोजित किए जाएंगे। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 21 जून को पंचकूला में आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' है, जो आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आधुनिक जीवनशैली ने जहां अनेक सुविधाएं प्रदान की हैं, वहीं तनाव, अनिद्रा, अनियमित खान-पान और मानसिक अशांति जैसी समस्याएं भी बढ़ी हैं।

## गन पॉइंट पर कलेक्शन मैनेजर से 25 लाख लूटने के मामले में 3 आरोपी अरेस्ट

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

सेक्टर-31 क्राइम ब्रांच ने फिनटेक कंपनी के कलेक्शन मैनेजर से गन पॉइंट पर 25 लाख रुपए लूटने के मामले में 5-5 हजार के तीन इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 52 हजार रुपए नकद और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। पुलिस इस केस में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

दरअसल, 29 अप्रैल 2026 को एक फिनटेक कंपनी की पदाधिकारी ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उनके कलेक्शन मैनेजर से सेक्टर-47 स्थित पार्क हॉस्पिटल के पास बाइक सवार तीन लोगों ने गन पॉइंट पर करीब 25 लाख रुपए लूट लिए। जिस पर सीडी इंटरनेशनल स्कूल फाजिलपुर के पास से तीनों आरोपियों को काबू कर लिया। जिनकी पहचान यूपी के इटावा निवासी आकिब खान उर्फ सानू, जालौन के हरी नागर उर्फ पवन तथा एमपी के छतरपुर निवासी संजय अनुरागी उर्फ संजू के रूप में हुई। तीनों फिलहाल गुड़गांव में रहते हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

# 20 साल में राज्य सूचना आयोग पर खर्च किए 113 करोड़ रुपए

## जागरुकता पर मात्र ढाई लाख खर्च किए गए

चंडीगढ़ | राज्य में विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर तो लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं लेकिन, 2005 में लागू सूचना के अधिकार को लेकर पिछले करीब 15 साल से जागरूकता को लेकर कोई आयोजन नहीं हुआ। पिछले 20 वर्षों में राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्तों, स्टाफ के वेतन भत्तों पर कुल 113.42 करोड़ रुपए खर्च किए गए। जबकि इसी अवधि में आरटीआई एक्ट 2005 बारे जनता को जागरूक करने पर सरकार ने मात्र 2,49,936 रुपए ही खर्च किए गए। आरटीआई से मांगी जानकारी में यह खुलासा हुआ है।

वर्ष 2005 से दिसंबर 2024 तक सूचना आयोग का कार्यालय चंडीगढ़ में किराए के भवनों में चल रहा था। पंचकूला के सेक्टर-3 में बनी अपनी नई बनी बिल्डिंग में आयोग का कार्यालय 16 दिसंबर 2024 से शुरू हुआ। इस नई बनी चार मंजिला बिल्डिंग पर कुल 47.63 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं ,इसमें प्लॉट की कीमत 9.30 रुपए रुपए व बिल्डिंग निर्माण पर 38.83 करोड़ रुपए का खर्च शामिल हैं।

### सूचना आयुक्तों के 5 पद अभी रिक्त

आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त के अलावा 5 सूचना आयुक्त नियुक्त हैं, जबकि सूचना आयुक्तों के 5 पद अभी रिक्त पड़े हैं। पंचकूला में बना 4 मंजिला ऑफिस 18 महीने से बिना जरूरी ऑक्युपेशन सर्टिफिकेट लिए व बिना फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट लिए चल रहा है। 20 वर्षों में आयोग को कुल 1,13,897 सेकेंड अपील व 12,629 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 1,08288 सेकेंड अपील केसों व 11,186 शिकायतों का निबटान हुआ। अभी 5609 अपील केस व 1443 शिकायत केस लंबित हैं।

# दहेज प्रताड़ना के आरोप में सेना का मेजर गिरफ्तार

## पठानकोट में तैनात मेजर को सीओ ने फोन कर बुलाया, पुलिस को सौंपा

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

गुरुग्राम के सेक्टर-10 निवासी सेना के मेजर को अंबाला पुलिस ने रविवार की देर रात पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मेजर मृगांक भारद्वाज के अलावा उनकी मां, मामा पर भी दहेज के लिए परेशान करने, मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप है। इस मामले में सास व मामा ससुर फरार हैं। शिकायतकर्ता आभा शर्मा के अनुसार उनकी शादी करीब नौ महीने पहले 18 अगस्त 2025 को हुई थी। इसके बाद से ही उसका पति मेजर मृगांक भारद्वाज व उसके मामा मनीष मिश्रा व सास रीना झा उसके दहेज के लिए ताने देने लगे थे और बार-बार हैरियर कार व नकदी की मांग करने लगे थे। जब शिकायतकर्ता ने विरोध किया तो उसके साथ ना केवल मारपीट की गई, बल्कि उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

शिकायतकर्ता नवविवाहिता आभा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी गुरुग्राम के सेक्टर-10 के रहने वाले मृगांक भारद्वाज के साथ करीब नौ महीने पहले हुई थी। आभा के पिता ने शादी में अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन शादी के बाद से ही उसे कम दहेज के ताने मिलने लगे। आरोप है कि उसकी सास ने आसपास के लोगों के सामने उसका अपमान करते हुए कहा कि हम तो बिहार से कोर्ट मैरिज करके लाए हैं। यही नहीं जब आभा ने उनका विरोध कर कहा कि ऐसा क्यों कह रहे हैं तो उसने कहा कि उनका दहेज का क्या दिखाऊं, मेरा बेटा मेजर है, ना कोई गाड़ी ना कोई ऐसा सामान तो कोर्ट मैरिज ही कहूंगी।

मनी म्यूल यानी वह व्यक्ति जो अवैध रूप से प्राप्त पैसों को किसी अन्य व्यक्ति की ओर से कहीं ट्रांसफर करता है या भेजता है।
मनी म्यूल न बनें!



आपका बैंक खाता = आपकी पूंजी
▪ पैसे ट्रांसफर करने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति को अपना बैंक खाता इस्तेमाल न करने दें।
▪ अगर कोई अन्य व्यक्ति आपके बैंक खाते के ज़रिए पैसा प्राप्त करता है या भेजता है तो आपको जेल हो सकती है।
▪ अपने बैंक खाते की जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड किसी को न बताएं।
आपके खाते की सुरक्षा, आपकी सुरक्षा।
अवैध कमाई के जाल में न फंसें।
अधिक जानकारी के लिए देखें https://rbikehtahai.rbi.org.in
अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर भेजें।
क्यूआर कोड स्कैन करें।
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नं. 99990 41935 / 99309 91935
आरबीआई कहता है... जानकार बनिए, सतर्क रहिए!
जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

दैनिक भास्कर
उदयपुर संस्करण
पाठकों के विश्वास के
29 वर्ष

# प्रेरणा के शिखर-ये मेवाड़ के चेंजमेकर्स

## विरासत, विकास और विजन से गढ़ रहे नई पहचान

मेवाड़ की धरती सदियों से शौर्य, संस्कृति, कला और समृद्ध परंपराओं के लिए जानी जाती रही है। लेकिन आज का मेवाड़ केवल ऐतिहासिक वैभव तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक विकास, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उदयपुर इसकी धड़कन बनकर उभरा है, तो वहीं चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, राजसमंद, नाथद्वारा और सलूंबर जैसे क्षेत्र विकास की नई इबारत लिख रहे हैं। यही बदलता और प्रगतिशील स्वरूप आज "मेवाड़ के चेंजमेकर्स" की वास्तविक पहचान बन चुका है। उदयपुर आज केवल "लेकसिटी" नहीं, बल्कि राजस्थान के तेजी से विकसित होते शहरी केंद्रों में शामिल हो चुका है। आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, बेहतर सड़क नेटवर्क, एयर कनेक्टिविटी और स्मार्ट अर्बन प्लानिंग ने शहर को निवेश और पर्यटन का बड़ा केंद्र बना दिया है। रियल एस्टेट सेक्टर में लक्जरी विला, गेटेड टाउनशिप, हाई-राइज प्रोजेक्ट्स और प्रीमियम कमर्शियल स्पेसेज की मांग लगातार बढ़ रही है।

### मेवाड़ के चेंजमेकर्स

मेवाड़ की विकास यात्रा उन **'चेंजमेकर्स'** को समर्पित है, जिन्होंने अपने संकल्प, दूरदृष्टि परिश्रम से उदयपुर को पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। यह अंक उपलब्धियों का संग्रह ही नहीं बल्कि उन प्रेरणादायी व्यक्तित्वों की जीवन-यात्रा का दस्तावेज है, जिन्होंने अपने कार्यों से मेवाड़ की प्रगति को दिशा दी और ऐतिहासिक शहर को आधुनिक विकास, आत्मनिर्भरता संभावनाओं के दौर से जोड़ा। पर्यटन, रियल एस्टेट, हॉस्पिटैलिटी, हेल्थकेयर, शिक्षा, उद्योग, प्रशासन सामाजिक क्षेत्र से जुड़े इन चेंजमेकर्स ने उदयपुर को आर्थिक रुप से मजबूत ही नहीं बनाया बल्कि इसकी सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाई।

### मेवाड़ की विरासत: शौर्य, संस्कृति और सभ्यता का गौरवशाली संगम

राजस्थान के दक्षिणी हिस्से में स्थित मेवाड़ केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत पहचान का जीवंत प्रतीक है। सदियों से यह भूमि वीरता, त्याग और आत्मसम्मान की परंपराओं के लिए जानी जाती रही है, जिसने इसे देश की सबसे गौरवशाली धरोहरों में शामिल किया है। गौरवशाली इतिहास और शौर्य परंपरा मेवाड़ का इतिहास प्राचीन काल से जुड़ा हुआ है, जहां राजपूत शासकों ने लंबे समय तक शासन किया। यह क्षेत्र अपनी स्वतंत्रता और स्वाभिमान के लिए प्रसिद्ध रहा है और कई विदेशी शक्तियों के सामने भी झुकने से इंकार करता रहा।

### उदयपुर : हेल्थकेयर हब

झीलों की नगरी उदयपुर अब पर्यटन के साथ-साथ तेजी से उभरते मेडिकल हब के रूप में भी अपनी पहचान बना रहा है। आधुनिक हॉस्पिटल्स, अत्याधुनिक मेडिकल टेक्नोलॉजी, अनुभवी डॉक्टरों और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं ने शहर को राजस्थान ही नहीं, बल्कि आसपास के राज्यों के मरीजों के लिए भी भरोसेमंद केंद्र बना दिया है। कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, कैंसर ट्रीटमेंट, आईवीएफ और मल्टीस्पेशलिटी सेवाओं में उदयपुर लगातार नए मानक स्थापित कर रहा है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, शांत वातावरण और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं के कारण उदयपुर हेल्थकेयर सेक्टर में निवेश और विकास का मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है।


नाथद्वारा में स्थापित विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा 'विश्वास स्वरूपम'

## विरासत, नेतृत्व और समाजसेवा से सजा प्रेरणा का सशक्त सफर



**श्रीजी हुजूर**
**डॉ. लक्ष्यराज सिंह जी मेवाड़**
**77 वें एकलिंग जी दीवान**

चेयरमैन एवं मैनेजिंग ट्रस्टी महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउंडेशन

राजस्थान की परंपरा, मेवाड़ी संस्कृति और युवा नेतृत्व को आधुनिक सोच से जोड़ने की कला में पारंगत

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

**लक्ष्यराज सिंह मेवाड़** ने राजघराने की समृद्ध परंपरा को केवल इतिहास तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे आधुनिक समाज और युवा पीढ़ी से जोड़ने का सफल प्रयास किया है। उदयपुर के सिटी पैलेस और मेवाड़ की सांस्कृतिक विरासत को विश्व स्तर पर नई पहचान दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वे मानते हैं कि विरासत केवल इमारतों और इतिहास की कहानी नहीं, बल्कि समाज की आत्मा होती है। इसी सोच के साथ उन्होंने पर्यटन, संस्कृति और समाजसेवा के क्षेत्रों में कई प्रभावशाली पहल की हैं। उनकी कार्यशैली में राजसी गरिमा के साथ विनम्रता, आधुनिक दृष्टिकोण और सामाजिक उत्तरदायित्व का सुंदर संतुलन दिखाई देता है। युवाओं के बीच वे एक ऐसे प्रेरक व्यक्तित्व के रूप में उभरे हैं, जो परंपरा को सम्मान देते हुए विकास और सामाजिक चेतना को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं।

**संस्कृति से समाज निर्माण...** महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउंडेशन के माध्यम से लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ शिक्षा, स्वास्थ्य, कला और लोक संस्कृति के संरक्षण हेतु लगातार कार्य कर रहे हैं। विभिन्न सामाजिक अभियानों, सांस्कृतिक आयोजनों और जनहित गतिविधियों के जरिए उन्होंने समाज के हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास किया है। उनकी सोच है कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब संस्कृति और संवेदनाएं साथ चलें।

**युवाओं के लिए प्रेरणा...** लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ युवाओं को अपनी जड़ों और भारतीय मूल्यों से जुड़े रहने का संदेश देते हैं। वे आधुनिक शिक्षा, सकारात्मक नेतृत्व को सबसे बड़ी शक्ति मानते हैं।

## दूरदर्शी सोच और संवेदनशील नेतृत्व की प्रेरक पहचान



**राहुल अग्रवाल**

फाउंडर व चेयरपर्सन
पीएमसीएच, पेसिफिक यूनिवर्सिटी, उदयपुर

उदयपुर को शिक्षा और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान

पूरा इंटरव्यू देखने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

**उदयपुर** को शिक्षा और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने में राहुल अग्रवाल का योगदान उल्लेखनीय रहा है। अपनी दूरदर्शी सोच, सरल व्यक्तित्व और समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण के माध्यम से उन्होंने शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में विशिष्ट पहचान स्थापित की है। पेसिफिक यूनिवर्सिटी एवं पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के जरिए उन्होंने उदयपुर को आधुनिक शिक्षा और चिकित्सा सेवाओं के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अग्रवाल ने देश के विभिन्न शहरों में शैक्षणिक संस्थानों को न केवल स्थापित किया है, बल्कि उन्हें आधुनिक संसाधनों से लैस कर शिक्षा के स्तर को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। उनका दृढ़ विश्वास है कि शिक्षा और स्वास्थ्य ही समाज की उन्नति के द्वार खोलते हैं, इसलिए गुणवत्तापूर्ण लो-कॉस्ट शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधाएं हर वर्ग तक पहुंचनी चाहिए। इसी सोच के साथ वे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों और जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

**समाज के प्रति प्रतिबद्धता...** सुनने और बोलने में अक्षम बच्चों को कॉक्लियर इम्प्लांट जैसी महंगी चिकित्सा सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करवाने के साथ उन्होंने आशाधाम में रह रहे दिव्यांग, बुजुर्ग एवं बेसहारा लोगों को भी नई उम्मीद दी है। पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास के प्रति उनकी विशेष प्रतिबद्धता है। वृक्षारोपण के साथ विशेष रूप से पक्षियों के लिए उपयोगी पौधों को बढ़ावा देने की उनकी पहल प्रकृति के प्रति उनके गहरे लगाव को दर्शाती है।

**सरलता सबसे बड़ी पहचान...** राहुल अग्रवाल का सहज, सरल और मिलनसार व्यक्तित्व हर किसी को प्रभावित करता है। वे बिना किसी प्रचार के शांत भाव से सेवा करने में विश्वास रखते हैं।

## सेवा, संवेदना और समर्पण का संकल्प निभा रहा नींव फाउंडेशन



**विवेक पाटनी**

डायरेक्टर
वंडर सीमेंट

गर्मी में प्यासे को पानी, बेसहारा को सहारे की इंसानियत की मिसाल कायम करते विवेक पाटनी

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

**देश** के कई राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने के बीच वंडर सीमेंट के डायरेक्टर एवं नींव फाउंडेशन के संस्थापक विवेक पाटनी के नेतृत्व में "इस गर्मी, फर्क नज़र आएगा" नाम से एक विशेष समर रिलीफ अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र — छह राज्यों में एक साथ चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 60 राहत वैन तैनात की गई हैं, जो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों, निर्माण श्रमिकों, डिलीवरी कर्मियों, रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं और ऑटो चालकों तक ठंडा पानी, ओआरएस और गर्मी से बचाव के लिए कैप पहुंचा रही है। साथ ही लावारिस पशुओं और पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था भी की जा रही है। विवेक पाटनी के नेतृत्व में यह संस्था स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, आधारभूत संरचना विकास और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में लगातार सामाजिक बदलाव लाने का प्रयास कर रही है।

**सामाजिक उत्तरदायित्व की सोच से प्रेरित...** सामाजिक जिम्मेदारी केवल बड़े प्रोजेक्ट्स तक सीमित नहीं होती, बल्कि सही समय पर की गई छोटी सहायता भी बड़ी राहत बन सकती है। यही सोच नींव फाउंडेशन के हर अभियान में दिखाई देती है। ग्रामीण विकास, महिला कौशल विकास "हुनर", शिक्षा सहायता "उड़ान", स्वास्थ्य सेवाएं "आरोग्यम" और पर्यावरण संरक्षण "इको ग्रीन" जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से फाउंडेशन समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है।

**पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित...** उनके नेतृत्व में वंडर सीमेंट के नवीनतम प्लांट में पौधारोपण, हरित विकास और पर्यावरण संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं।

## शिक्षा, नवाचार और संस्कार का सशक्त एवं उत्कृष्ट समन्वय



**डॉ. दीपक शर्मा**

डायरेक्टर
सीपीएस एवं रॉकवुड्स स्कूल

शिक्षा के क्षेत्र में उदयपुर को एक नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

**डॉ. दीपक शर्मा** ने शिक्षा क्षेत्र में अपनी दूरदर्शी सोच, आधुनिक दृष्टिकोण और अनुशासित नेतृत्व से विशिष्ट पहचान स्थापित की है। कॉर्पोरेट जगत में सफल अनुभव प्राप्त करने के बाद उन्होंने शिक्षा को जीवन का मिशन बनाकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य प्रारंभ किया। सीपीएस एवं रॉकवुड्स स्कूल के माध्यम से उन्होंने ऐसी शिक्षा व्यवस्था विकसित की है, जिसमें आधुनिक तकनीक, वैश्विक दृष्टिकोण और भारतीय संस्कारों का संतुलित समन्वय दिखाई देता है। उनका मानना है कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करनी चाहिए। इसी सोच के साथ संस्थान में जिज्ञासा आधारित शिक्षण, कौशल विकास, व्यक्तित्व निर्माण और भावनात्मक संतुलन पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

**आधुनिक शिक्षा के साथ मानवीय मूल्य...** डॉ. दीपक शर्मा शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम मानते हैं। वे विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के साथ-साथ उनमें मानवीय मूल्यों, सामाजिक चेतना और सकारात्मक सोच विकसित करने पर भी जोर देते हैं। कार्यशालाओं, संवाद सत्रों और छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से उन्होंने शिक्षा को समावेशी और प्रेरणादायी बनाने का प्रयास किया है।

**युवाओं व शिक्षा जगत के लिए प्रेरणा...** डॉ. दीपक शर्मा नई पीढ़ी को अनुशासन, निरंतर सीखने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उनका मानना है कि तकनीक व परंपरा के संतुलन से ही बेहतर व प्रभावी शिक्षा व्यवस्था विकसित की जा सकती है।

## नीलकंठ आईवीएफ बना उम्मीद और खुशियों का प्रतीक



**डॉ. आशीष सूद**

फाउंडर एंड मैनेजिंग डायरेक्टर
नीलकंठ आईवीएफ

उदयपुर के नीलकंठ आईवीएफ ने दंपत्तियों के जीवन में खुशियों की नई उम्मीद जगाई

पूरा इंटरव्यू देखने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

**उदयपुर** स्थित नीलकंठ आईवीएफ आज उन दंपत्तियों के लिए आशा की नई किरण बन चुका है, जो मातृत्व और पितृत्व का सुख पाने का सपना संजोए हुए हैं। नीलकंठ आईवीएफ के फाउंडर एंड मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आशीष सूद एवं मेडिकल डायरेक्टर एंड फाउंडर डॉ. सिमी सूद ने अपनी विशेषज्ञता, अनुभव और संवेदनशील चिकित्सा दृष्टिकोण से आईवीएफ के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान स्थापित की है। आधुनिक तकनीक, उच्च सफलता दर और मरीजों के प्रति मानवीय व्यवहार के कारण नीलकंठ आईवीएफ ने कम समय में विश्वास का मजबूत स्थान बनाया है। डॉ. आशीष सूद का मानना है कि हर दंपत्ति को संपूर्ण मार्गदर्शन, सकारात्मक वातावरण और सही उपचार मिलना चाहिए, जबकि डॉ. सिमी सूद महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी जटिल समस्याओं को गहराई से समझते हुए व्यक्तिगत देखभाल पर विशेष ध्यान देती हैं।

**आईवीएफ में अत्याधुनिक सुविधाएं...**
नीलकंठ आईवीएफ में अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ अनुभवी विशेषज्ञों की टीम कार्यरत है, जो हर मरीज को वैज्ञानिक और भावनात्मक दोनों स्तरों पर सहयोग प्रदान करती है। यही कारण है कि यहां अनेक परिवारों के घर खुशियों की किलकारियां गूंज चुकी हैं।

**चिकित्सा जगत के लिए प्रेरणा...** सेवा, संवेदना और सफलता के समन्वय के साथ नीलकंठ आईवीएफ आज केवल एक चिकित्सा संस्थान नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के सपनों को साकार करने वाला विश्वास का नाम बन चुका है।

## दूरदर्शी सोच और नवाचार से बनी सफलता की पहचान



**डॉ. जे.के. तायलिया**

चेयरमैन
ईकॉन बिल्डिंग प्रोडक्ट्स

अनुशासन, नवाचार और मानवीय मूल्यों के संतुलन के साथ नई पीढ़ी के उद्यमियों के लिए प्रेरणास्रोत बने

पूरा इंटरव्यू देखने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

**एक** छोटे से शहर से निकलकर वैश्विक पहचान बनाने वाले डॉ. जे.के. तायलिया आज भारत के पीवीसी बिल्डिंग मटेरियल उद्योग के अग्रणी नामों में गिने जाते हैं। वे ईकॉन बिल्डिंग प्रोडक्ट्स के प्रमोटर एवं चेयरमैन हैं, जो भारत की सबसे प्रतिष्ठित PVC/WPC ब्रांड है। प्रतिष्ठित न्यूज चैनल ने उन्हें 'फादर ऑफ पीवीसी बोर्ड्स ऑफ इंडिया' के रूप में सम्मानित पहचान दी है। उन्होंने नवाचार, गुणवत्ता और दूरदर्शी नेतृत्व के माध्यम से इस उद्योग को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पांच दशकों से अधिक के अपने प्रेरणादायी सफर में डॉ. जे.के. तायलिया ने शिक्षा, उद्योग और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देते हुए देश-विदेश में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। व्यवसाय में आने से पहले उन्होंने 22 वर्षों तक प्रोफेसर के रूप में कार्य करते हुए हजारों विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। शिक्षा के प्रति उनका समर्पण आज भी उनके व्यक्तित्व और नेतृत्व शैली में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

**सांस्कृतिक व खेल क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान...** संगीत, खेल, योग व संस्कृति के प्रति विशेष रुचि रखने वाले डॉ. जे.के. तायलिया का मानना है कि मजबूत समाज केवल आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामुदायिक सहभागिता से बनता है। उनकी अध्यक्षता में उदयपुर में भारत - पाकिस्तान वेटरन टीमों के बीच क्रिकेट मैच का सफल आयोजन किया गया। साथ ही कई बड़े क्रिकेट मैचों के आयोजनों में उन्होंने अहम भूमिका निभाईं।

**लोगों को आगे बढ़ाना ही सच्ची सफलता...** उद्योग, शिक्षा और सामाजिक पहलों के माध्यम से उनका योगदान आज भी समाज पर सकारात्मक और स्थायी प्रभाव छोड़ रहा है, जो उन्हें एक दूरदर्शी उद्योगपति और प्रेरणादायी व्यक्तित्व के रूप में स्थापित करता है।

## डॉ. अरविंदर सिंह : ज्ञान, संघर्ष और सेवा की प्रेरक गाथा



**डॉ. अरविंदर सिंह**

सीएमडी एंड सीईओ
अर्थ डायग्नोस्टिक सेंटर
अध्यक्ष
पेनेशिआ डिसेबिलिटी राइट्स एक्टिविस्ट्स (PDRA),

दिव्यांगता को अपनी सबसे बड़ी शक्ति बनाकर स्वास्थ्य, शिक्षा व सामाजिक जागरुकता के क्षेत्र में प्रेरणादायी

पूरा इंटरव्यू देखने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

**डॉ. अरविंदर सिंह** की जीवन यात्रा केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों की कहानी नहीं, बल्कि संघर्ष, आत्मविश्वास और समाज के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। 50 प्रतिशत दिव्यांगता को उन्होंने कभी अपनी सीमा नहीं बनने दिया, बल्कि उसी को अपनी सबसे बड़ी शक्ति बनाकर असंभव प्रतीत होने वाली उपलब्धियों को साकार किया। पोस्टग्रेजुएट मेडिकल डॉक्टर होने के साथ उन्होंने 192 डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट प्राप्त कर शिक्षा और ज्ञान के प्रति अपनी अद्भुत प्रतिबद्धता दिखाई। तीन विश्व रिकॉर्ड, खारदुंग-ला में बाइक राइड, मालदीव में स्कूबा डाइविंग करने वाले प्रथम दिव्यांग, आईआईएम से एमबीए में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले पहले भारतीय डॉक्टर व TEDx स्पीकर जैसी उपलब्धियों के साथ ब्रिटिश पार्लियामेंट, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, हार्वर्ड और आईआईटी कानपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से जुड़ी उपलब्धियां उनकी वैश्विक पहचान को मजबूत बनाती हैं।

**विश्वास की नई पहचान ...** अर्थ डायग्नोस्टिक्स के माध्यम से डॉ. अरविंदर सिंह ने मेवाड़ में आधुनिक, विश्वसनीय और मानवीय स्वास्थ्य सेवाओं का मजबूत मॉडल स्थापित किया है। NABL और NABH प्रमाणित सेवाओं के माध्यम से लाखों मरीजों को सटीक जांच, बेहतर सुविधाएं और विश्वासपूर्ण अनुभव उपलब्ध करवाए गए हैं। उनकी सोच है कि स्वास्थ्य सेवा केवल तकनीक नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और भरोसे का भी विषय है।

**समावेशी समाज निर्माण की प्रेरक सोच...** पैनेशिया विकलांगता अधिकार कार्यकर्ता के माध्यम से डॉ. अरविंदर सिंह दिव्यांगजनों के अधिकार, शिक्षा, रोजगार और सम्मानजनक जीवन के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। आरटीआई, जनजागरूकता और सामाजिक अभियानों के जरिए उन्होंने समाज में संवेदनशीलता और समावेशिता को मजबूत करने का प्रयास किया है।

## मेवाड़ की सभ्यता और संस्कृति की प्रमुख विशेषताएं

**मेवाड़ राजस्थान की सबसे प्राचीन और गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है। यह क्षेत्र वीरता, स्वाभिमान और बलिदान की परंपरा के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है।**

| | | |
|---|---|---|
| महाराणा प्रताप मेवाड़ की संस्कृति और स्वतंत्रता के सबसे बड़े प्रतीक माने जाते हैं। | मेवाड़ की संस्कृति में 'अतिथि देवो भव:' की भावना विशेष रूप से दिखाई देती है। | यहां की लोकभाषा मेवाड़ी लोगों की पहचान व सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। |
| यहां के त्योहार सामाजिक समरसता और सामूहिक उत्सव की भावना को मजबूत करते हैं। | शौर्य, नारी सम्मान और मातृभूमि के प्रति समर्पण मेवाड़ के मूल जीवन मूल्य हैं। | |
| पारंपरिक लोकनृत्य जैसे घूमर, गैर और गवरी यहां की सांस्कृतिक पहचान हैं। | मेवाड़ के मंदिर, किले और महल इसकी समृद्ध स्थापत्य कला को दर्शाते हैं। | मेवाड़ की लोककला, चित्रकला और लघु चित्र शैली विश्व प्रसिद्ध है। |
| पारंपरिक वेशभूषा, विशेषकर पगड़ी व राजस्थानी परिधान, सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक हैं। | मेवाड़ ने शिक्षा, साहित्य और संगीत के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। | मेवाड़ में लोकदेवताओं और संत परंपरा का विशेष महत्व है। |

मेवाड़ की संस्कृति शौर्य, परंपरा, आध्यात्मिकता और मानवीय मूल्यों का अद्भुत संगम है। वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की विरासत आज भी यहां के जनजीवन में प्रेरणा का स्रोत है। "अतिथि देवो भवः" की भावना मेवाड़ की पहचान रही है, जहां अतिथि सत्कार को विशेष महत्व दिया जाता है। मेवाड़ी लोकभाषा, लोकगीत, भजन, घूमर, गैर और गवरी जैसे लोकनृत्य एवं लोकनाट्य इसकी सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाते हैं। विश्व प्रसिद्ध मेवाड़ चित्रकला और लघु चित्र शैली कला प्रेमियों को आकर्षित करती है। एकलिंगजी की आराधना, लोकदेवताओं एवं संत परंपरा के प्रति आस्था यहां की धार्मिक चेतना को मजबूत बनाती है।

## शिक्षा के माध्यम से भविष्य निर्माण की प्रेरक सोच



**हरीश राजानी**

पूर्व राज्य मंत्री राजस्थान सरकार
चेयरमैन
आर आर डेंटल कॉलेज,
सनराइज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन

शिक्षा को संस्कार, व्यक्तित्व विकास और रोजगार से जोड़कर हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा देने का सतत प्रयास

पूरा इंटरव्यू देखने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

**हरीश राजानी** ने शिक्षा को केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं माना, बल्कि उसे समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में देखा है। इसी सोच के साथ उन्होंने सनराइज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस को दक्षिण राजस्थान के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आरआर डेंटल कॉलेज के छात्र छात्राए आज देश भर में दंत चिकित्सा में अपना योगदान दे रहे हैं। उनकी दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता और आधुनिक शिक्षा के प्रति स्पष्ट विजन ने हजारों विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर करियर अवसर उपलब्ध कराए हैं। फार्मेसी, नर्सिंग और अन्य प्रोफेशनल कोर्सेज के माध्यम से संस्थान युवाओं को आधुनिक तकनीक और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार कर रहा है। हरीश राजानी का मानना है कि शिक्षा तभी सार्थक है, जब वह विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करे।

**शिक्षा के साथ सामाजिक दायित्व...** हरीश राजानी शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। विभिन्न जागरूकता अभियानों, छात्रवृत्ति योजनाओं और सामाजिक सहयोग कार्यक्रमों के माध्यम से उन्होंने जरूरतमंद विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए हैं। उनकी पहल ने शिक्षा को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने की दिशा में सकारात्मक योगदान दिया है।

**नई पीढ़ी के लिए विचार...** पूर्व राज्य मंत्री हरीश राजानी युवाओं को मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हैं। वे मानते हैं कि बदलते दौर में कौशल आधारित शिक्षा और व्यावहारिक ज्ञान ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।

बिहार सीएम सम्राट चौधरी ने कहा

# बुजुर्ग, विधवा व दिव्यांगों को हर महीने 10 को पेंशन

भास्कर न्यूज़ | पटना

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को समाज कल्याण विभाग की समीक्षा की। उनके निर्देशों से स्पष्ट हुआ कि वे केवल फाइलों के निपटारे पर भरोसा नहीं करते, बल्कि ग्राउंड जीरो पर बड़े बदलाव चाहते हैं। उन्होंने अफसरों से डेडलाइन और टारगेट आधारित गवर्नेंस की बात कही। बोले-हर महीने की 10 तारीख को बुजुर्ग, विधवा व दिव्यांगों के बैंक खातों में पेंशन के रुपए जरूर पहुंच जाएं। इसकी गारंटी हो।

मुख्यमंत्री ने विभाग के अपर मुख्य सचिव एचआर श्रीनिवास की आईसीडीएस, सामाजिक सुरक्षा और महिला विकास निगम की रिपोर्ट देखने के बाद कई अहम निर्देश दिए। कहा बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगों आदि के पेंशन में एक दिन की भी देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका और बच्चों की 100% हाजिरी सुनिश्चित करने के लिए तकनीक का सहारा लें। तकनीक से मॉनीटरिंग हो। विभाग में जितने भी पद खाली हैं, उन्हें तुरंत भरने के लिए मिशन मोड में काम हो। अनाथ और असहाय बच्चों के लिए चल रही परवरिश योजना तथा अन्य कल्याण योजनाओं का दायरा बढ़ाएं।

- **कमजोर और वंचित वर्ग पर फोकस** : समाज कल्याण विभाग की योजनाएं सीधे तौर पर समाज के सबसे निचले पायदान के लोगों (महादलित, अति पिछड़ा, महिलाएं और बच्चे) से जुड़ी हैं। इन योजनाओं की पारदर्शिता और समयबद्धता, सीधे सरकार की छवि चमकाती है।
- **चुस्त-दुरुस्त मॉनीटरिंग** : बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा 'गहन निगरानी' और 'पारदर्शिता' शब्द का बार-बार इस्तेमाल यह बताता है कि अब सरकार योजनाओं की केवल घोषणा करके शांत नहीं बैठने वाली। ग्राउंड रियलिटी चेक करने के लिए रैंडम डिजिटल चेकिंग की व्यवस्था की जा रही है। हालांकि, आगे के दिनों में इन सबकी परख होगी।

**कुपोषण के खिलाफ 'कॉरपोरेट' सहयोग**: बिहार में स्टंटिंग (उम्र के हिसाब से कम लंबाई) और वेस्टिंग (लंबाई के हिसाब से कम वजन) के आंकड़े शुरू से सरकार के लिए सिरदर्द रहे हैं। बैठक में मुख्यमंत्री ने अफसरों से एक इनोवेटिव आइडिया पर काम करने को कहा। यह कि आंगनबाड़ी केंद्रों की और बेहतरी के लिए सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) फंड का इस्तेमाल हो। इसकी संभावना देखें, ऐसा करें।




## झारखंड में ऑपरेशन क्लीन शुरू, दागी थानेदार फील्ड पोस्टिंग से हटेंगे

भास्कर न्यूज़ | रांची

झारखंड में आईपीएस अधिकारियों के फेरबदल के बीच अब राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय ने जमीनी स्तर पर पुलिसिंग को दुरुस्त करने के लिए सबसे बड़ा 'ऑपरेशन क्लीन' शुरू किया है। राज्य सरकार के कड़े रुख के बाद पुलिस मुख्यालय ऐसे थाना और ओपी प्रभारियों की जिलावार ब्लैक लिस्ट तैयार कर रहा है, जिन पर गंभीर आरोप लगे हैं या जिनके खिलाफ विभागीय जांच तथा भ्रष्टाचार की शिकायतें लंबित हैं।

## संभलः सोते वक्त पति पर तेजाब डालने वाली पत्नी को उम्रकैद की सजा

भास्कर न्यूज़ | संभल

पति की आंखों में तेजाब डालने वाली पत्नी को संभल कोर्ट ने सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। उस पर 1.75 लाख का जुर्माना भी लगाया। इस मामले की कोर्ट में एक साल से ज्यादा समय में 10 सुनवाई हुईं। तेजाब के हमले से एक दिन पहले पत्नी ने पति को खाने में जहर देकर जान से मारने की कोशिश भी की थी। 27 मई को अपर जिला जज गोपाल ने पत्नी कहकशां को दोषी करार देते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**D.A.V. (P.G.) COLLEGE KARNAL**
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra),
Website: www.davcollegekarnal.ac.in

*Applications are invited for Assistant Professors as Guest Faculty on Contractual basis under self-finance in the following subjects for teaching U.G./P.G. classes for the session 2026-2027.*
**Physics, Chemistry, Mathematics, Computer Science, Political Science, Hindi, English, Sanskrit, Economics, Geography, Commerce & Management.**

*Qualification as per KUK / UGC/ Haryana Govt. Rules. Apply on prescribed proforma obtainable from college office on cash payment of Rs. 500/- by 09.06.2026. Date of Interview will be informed through E-mail / Whatsapp.*

**Salary will be commensurate with NET / Ph.D. Qualification and experience.**
**Principal**

**वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, पुणे- 411 007**
Vaikunth Mehta National Institute of Cooperative Management
A National Institute of National Council for Cooperative Training
Ministry of Cooperation, Government of India (Email : cme@vamnicom.gov.in)

**Admission open for Four Years Full Time Residential Bachelor of Business Administration– Cooperative Banking and Finance (BBA- CBF) & Agri Business (BBA-AB)**
**(Approved by AICTE, New Delhi & Affiliated to "Tribhuvan" Sahkari University (TSU), A National University and an Institute of Eminence established under Act of Parliament in 2025)**
VAMNICOM invites online application for Admission to the BBA- CBF & BBA -AB (Batch 2026-30) with a valid test score of CUET 2026, UGAT 2026, IPMAT 2026 & JIPMAT 2026 with application fee of Rs. 200/- on or before 30/06/2026. For details about the admission criteria and programme structure you may please visit: www.vamnicom.gov.in.
**DIRECTOR**

**PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : पीएसईबी मुख्यालय, द मॉल पटियाला-147001
सीआईएन: U40109PB2010SGC033813, वैबसाइट : www.pspcl.in
सम्पर्क नंबर : 96461-13004

टेंडर इंक्वायरी नंबर 09/सीई/डीएस बॉर्डर ज़ोन, अमृतसर/2026-27
ऑफिस ऑफ़ डिप्टी चीफ इंजीनियर/डीएस, सिटी सर्कल,पीएसपीसीएल, नियर सारागढ़ी मेमोरियल स्कूल ऑफ़ एमिनेंस, मॉल मंडी, अमृतसर, डीएस सिटी सर्कल अमृतसर के तहत डीएस इंडस्ट्रियल डिवीज़न अमृतसर के अधिकार क्षेत्र में निचले एलटी और उससे जुड़े 11केवी डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की सिस्टमैटिक ब्यूटीफिकेशन, रेक्टिफिकेशन, सेफ्टी कंप्लायंस और सिस्टम स्ट्रेंथनिंग के लिए लेबर की आउटसोर्सिंग के लिए ई-टेंडर आमंत्रित करता है। डिटेल्ड NIT और टेंडर स्पेसिफिकेशन्स के लिए, कृपया 01.06.2026, सुबह 11:00 बजे से ई-टेंडरिंग पोर्टल http://eproc.punjab.gov.in पर जाएं।
नोट : अगर कोई कोरिजेंडम और एडेंडम होगा, तो वह http://eproc. punjab.gov.in ऑनलाइन पब्लिश किया जाएगा।
1079/12/2026-24/11800 C-601/26




हरियाणा सरकार

आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा द्वारा

**हरियाणा एकमुश्त निपटान योजना (OTS)- 2026 का शुभारंभ**



"स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स की बात हो, रेगुलेटरी रिफॉर्म्स की बात हो, पॉलिसी रिफॉर्म की चर्चा हो, प्रोसेस रिफॉर्म की चर्चा हो, कांस्टीट्यूशनल रिफॉर्म करने की जरुरत हो, हर प्रकार के रिफॉर्म्स, ये आज हम मकसद बनाकर के चले हैं।"
- नरेन्द्र मोदी

**1 जून, 2026 से शुरुआत**

**120 दिनों के लिए मान्य**

- **यह स्कीम जीएसटी से पहले के 7 संबंधित टैक्स कानूनों पर लागू होती है :**
  एचवैट अधिनियम, 2003; सीएसटी अधिनियम, 1956; एलएडीटी अधिनियम, 2000; एन्ट्री टैक्स अधिनियम, 2008; मनोरंजन शुल्क अधिनियम, 1955; हरियाणा सामान्य बिक्री कर अधिनियम, 1973; और हरियाणा सुख–साधन कर अधिनियम, 2007
- अगर बकाया टैक्स की राशि 1 लाख रुपये तक है, तो करदाताओं को अपने बकाया टैक्स, ब्याज और जुर्माने की राशि की माफी पाने के लिए आवेदन करने की जरूरत नहीं है।
- करदाता प्रपत्र – 'सी', 'एफ', 'एच', 'ई1', 'ई2', बिल प्रपत्र / वैट–'सी4', वैट–'डी1' एवं 'डी2', जमा कर सकता है। इन फॉर्मों के सत्यापन के आधार पर बकाया टैक्स मांग को कम किया जाएगा।
- करदाता न्यायालय में लम्बित विवादों को वापस लेकर कर छूट का लाभ ले सकता है।

**सुसंगत कर अधिनियमों के अंतर्गत उपलब्ध छूट निम्नलिखित हैं :–**

1. **हरियाणा सामान्य बिक्री कर अधिनियम, 1973 के तहत उपलब्ध कर छूट**

| श्रेणी | कर छूट | ब्याज तथा जुर्माना राशि पर छूट |
|---|---|---|
| 1 लाख रुपये तक | 100 % | 100 % |
| 1 लाख रुपये से अधिक | 70 % | |

2. **अन्य छह कर अधिनियमों के अधीन उपलब्ध कर छूट**

| श्रेणी | कर छूट | ब्याज तथा जुर्माना राशि पर छूट |
|---|---|---|
| 1 लाख रुपये तक | 100 % | 100 % |
| 1 लाख से 10 लाख रुपये तक | 60 % | |
| 10 लाख से 1 करोड़ रुपये तक | 50 % | |
| 1 करोड़ से 10 करोड़ रुपये तक | 40 % | |
| 10 करोड़ से 30 करोड़ रुपये तक | 35 % | |
| 30 करोड़ से 60 करोड़ रुपये तक | 30 % | |
| 60 करोड़ रुपये से अधिक | 0 % | |

आवेदक को प्रत्येक पूर्ववर्ती स्लैब में दी गई छूट का पूर्ण लाभ उसके बकाया कर राशि की संबंधित स्लैब तक मिलेगा।

इसके अंतर्गत आवेदन करने के लिए, कृपया विभाग की वेबसाइट www.haryanatax.gov.in पर जाएं

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on | @dipharyana

## शकरपुर थाने में सड़क हादसे के बाद हंगामा, वकीलों समेत कई लोगों पर दो एफआईआर दर्ज

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में हुए एक सड़क हादसे के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। हादसे की जांच के दौरान शकरपुर थाने के अंदर कथित तौर पर हंगामा, मारपीट, पुलिस कार्य में बाधा और धमकी देने के आरोप में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस के मुताबिक, 30 मई की रात विकास मार्ग स्थित रेनी वेल के पास एक सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी।

कार चालक की पहचान फरमान के रूप में हुई, जबकि घायल युवक अक्षत त्यागी को पहले ही अस्पताल पहुंचाया जा चुका था। जांच अधिकारी एएसआई नरेंद्र कुमार का आरोप है कि हिमांशु शर्मा और मोहम्मद आजाद समेत 5-6 अन्य लोग एफआईआर दर्ज न करने का दबाव बनाने लगे। मामले की जांच एसआई सचिन शर्मा को सौंपी गई है। वकील हिमांशु शर्मा के खिलाफ कार्रवाई के लिए शाहदरा बार एसोसिएशन को भी सूचना भेजी जा रही है।

## रेलवे में पक्की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का रैकेट पकड़ा, 3 आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली** | दिल्ली पुलिस ने रेलवे में स्थायी नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेरोजगार युवाओं से ठगी करने वाले कथित फर्जी भर्ती रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर रेलवे में मल्टी-टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) और क्लेरिकल पदों पर नियुक्ति दिलाने के नाम पर लाखों रुपए ऐंठने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, 30 मई को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन थाने में भर्ती प्रक्रिया से जुड़े धोखाधड़ी व जालसाजी के मामले में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जीआरपी व आरपीएफ की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की। शिकायतकर्ता ने आरोपी ईशा को बकाया रकम लेने के लिए पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन बुलाया, जहां पुलिस ने चांदनी चौक स्थित गेट नंबर-3 के पास उसे पकड़ लिया।

## दिल्ली में नकली आरओ फिल्टर बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, 2,900 से अधिक फर्जी उत्पाद जब्त

**नई दिल्ली** | दिल्ली पुलिस ने दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पुल प्रह्लादपुर इलाके में नकली आरओ वाटर प्यूरीफायर फिल्टर बनाने और बेचने वाले एक फैक्ट्री-सह-गोदाम का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान 2,900 से अधिक नकली आरओ फिल्टर और अन्य सामग्री जब्त की गई, जबकि फैक्ट्री मालिक मोहम्मद तबरेज को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि प्रतिष्ठित कंपनियों के नाम पर नकली आरओ फिल्टर तैयार कर बाजार में बेचे जा रहे हैं। सूचना के आधार पर 27 मई को पुलिस टीम ने छापा मारा। मौके से बड़ी मात्रा में नकली आरओ फिल्टर, मेम्ब्रेन और ब्रांडिंग व पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद हुई।

जांच में पता चला कि गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद तबरेज मूल रूप से बिहार के नालंदा जिले का रहने वाला है। वह वर्ष 2011 में दिल्ली आया था और पहले बैटरी कारोबार से जुड़ा था। बाद में उसने आरओ सर्विसिंग का काम सीखा और करीब आठ-नौ महीने पहले किराये के परिसर में यह अवैध यूनिट शुरू की थी।



भिंड से ग्वालियर लाया था प्रेमी, वहां दोस्तों के साथ की दरिंदगी... पहले दिन हत्या, दूसरे दिन पेट्रोल से जलाया शव

# 9वीं की छात्रा से गैंगरेप के बाद हत्या, शव जलाया

भास्कर न्यूज़ | ग्वालियर

ग्वालियर में 9वीं की छात्रा की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या और उसके बाद शव को जलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। भिंड जिले के मौ निवासी 15 साल की छात्रा से यह वारदात उसके प्रेमी और 2 दोस्तों ने ही की। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल, आरोपी रामू गुर्जर छात्रा को 28 मई को घर से भगाकर 61 किमी दूर ग्वालियर लाया। इसके बाद अपने दो दोस्तों के साथ छात्रा को 500 फीट ऊंची गुप्तेश्वर पहाड़ी पर ले गया। यहां तीनों आरोपियों ने शराब पी। इसके बाद आरोपी रामू और उसके दोस्त ने किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म किया। छात्रा ने विरोध किया तो गुस्साए युवकों ने पहले तो उसे पीटा। फिर दुपट्टे से गला दबाकर मार डाला। हत्या करने के बाद तीनों भाग गए। रात 11:30 बजे घटना को अंजाम दिया। नशा उतरने के बाद युवकों को लगा कि सबको पता चल जाएगा। फिर सबूत मिटाने तीनों 29 मई को पेट्रोल लेकर आए और छात्रा को जला दिया।

वारदात का खुलासा तब हुआ, जब मौ थाना पुलिस ने छात्रा की गुमशुदगी की जांच में रामू गुर्जर को पकड़ा। कड़ाई से पूछताछ में उसने कबूल किया कि उसने और एक दोस्त ने छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद पुलिस ने रामू समेत दोनों साथियों जनकगंज निवासी अरुण कुशवाहा और गौरव कुशवाहा को भी गिरफ्तार कर लिया।


गैंगरेप व हत्या के आरोपी।

### जिस प्यार के भरोसे गई थी, उसी हैवान ने ले ली जान

रामू गुर्जर और छात्रा की मुलाकात झांकरी स्कूल के पास हुई थी। पिछले एक साल से दोनों संपर्क में थे। रामू के दो दोस्त जनकगंज थाना क्षेत्र के गुप्तेश्वर पहाड़ी के नीचे रहते थे। दोनों को जगह का पता था। इससे पहले से साजिश रच ली थी। प्यार के भरोसे में लड़की रामू के साथ आई और उसकी हत्या कर दी गई।

### जिसे फूलों की तरह पाला, दरिंदों ने कोयला कर दिया

कुछ महीने पहले मेरी 15 साल की बेटी ने बताया था कि पड़ोस के गांव का रामू गुर्जर उसके पीछे पड़ा रहता है। अक्सर परेशान करता है। मैंने बेटी को समझाया कि वह इन बातों पर ध्यान न देकर सिर्फ अपनी पढ़ाई पर फोकस करे। इसके बाद कभी उस लड़के का जिक्र नहीं किया। मुझे लगा कि बात वहीं खत्म हो गई है। 28 मई की शाम मैं पानी भरने गया था, पत्नी घर के काम में लगी थी। तभी बेटी शौच की बात कहकर निकली और लौटी नहीं। रात तक हम उसे हर जगह तलाशते रहे। हमने घर में देखा तो सोने-चांदी के कुछ जेवर गायब थे। मेरी जेब में रखे एक हजार रुपए में से 500 रुपए गायब थे। तब हमें लगा कि शायद कोई उसे बहला-फुसलाकर साथ ले गया है। उसके बैगम में हमें आधार कार्ड और रामू गुर्जर का नाम व मोबाइल नंबर मिला। अगले दिन 29 मई को मैंने मौ थाने में बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई। आज जब पता चला कि मेरी बेटी की हत्या कर दी गई है। मेरे पैरों तले जमीन खिसक गई। यह सोचकर ही मेरी रूह कांप जाती है कि आखिरी समय में मेरी बच्ची ने कितना दर्द, कितना डर झेला होगा। जिस बेटी को फूलों की तरह पाला, दरिंदों ने उसे कोयला कर दिया। हत्यारों को ऐसी कड़ी सजा मिले कि भविष्य में कोई ऐसी हैवानियत न करे।'
**-जैसा पिता ने भास्कर को बताया।**

## ₹5 के तीन पुराने नोटों के बदले 22.50 लाख का लालच, महिला से ₹1.91 लाख ठगे

क्राइम रिपोर्टर | भोपाल

गुनगा क्षेत्र की एक महिला फेसबुक पर दिखे एक विज्ञापन के झांसे में आकर साइबर ठगी का शिकार हो गई। विज्ञापन में दावा किया गया था कि किसान की फोटो वाले पुराने पांच रुपए के नोट के बदले पांच लाख रुपए मिलेंगे। महिला ने विज्ञापन में दिए नंबर पर संपर्क किया तो जालसाज ने उन्हें करोड़ों के भुगतान का भरोसा दिलाया और अलग-अलग शुल्क के नाम पर 1.91 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। ठगी का अहसास होने पर महिला ने पुलिस से शिकायत की। गुनगा थाना प्रभारी रिंकू जाटव के मुताबिक ग्राम कलारा निवासी अंतिमा विश्वकर्मा ने बताया कि वह बेटी के साथ फेसबुक देख रही थीं। इसी दौरान उन्हें किसान की फोटो वाले पुराने नोट के बदले पांच लाख रुपए मिलने का विज्ञापन दिखा। उन्होंने विज्ञापन में दिए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया और बताया कि उनके पास ऐसे तीन नोट हैं। इसके बाद जालसाज ने नोटों की फोटो मंगवाई।

### जीएसटी, प्रोसेसिंग फीस व चार्ज के नाम पर मांगी रकम

फोटो देखने के बाद ठग ने महिला से कहा कि तीन नोटों के बदले उन्हें 22.50 लाख मिलेंगे। इसके लिए 620 रुपए रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा कराया। इसके बाद जीएसटी, प्रोसेसिंग फीस और अन्य चार्ज के नाम पर रकम मांगी जाती रही।

सख्ती • खरीदारों से किए गए वादे पूरे न करने पर शुरू हुई कार्रवाई

## पहली बार अवैध कॉलोनियों पर कुर्की की कार्रवाई, 3 कॉलोनियों से शुरुआत

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

शहर में अवैध कॉलोनियां विकसित कर खरीदारों से किए गए वादे पूरे नहीं करने वाले बिल्डरों पर पहली बार कुर्की और नीलामी की कार्रवाई शुरू हो गई है। जिला प्रशासन की कॉलोनी सेल ने 50 शिकायतों में से तीन अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा नगर निगम को भेजी है। इनमें गोकुलधाम, द्वारकाधाम और पटेल नगर शामिल हैं। दो कॉलोनियों के बंधक प्लॉटों की नीलामी के लिए टेंडर जारी हो चुके हैं, जबकि पटेल नगर का मामला 22 करोड़ रुपए से अधिक का होने के कारण नगरीय विकास विभाग के कमिश्नर की अनुमति के लिए भेजा जाएगा।

एडीएम सुमित पांडे ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर गठित कॉलोनी सेल में सभी एसडीएम, नगर निगम, बिल्डिंग परमिशन शाखा और रजिस्ट्रार विभाग को शामिल किया गया है। अब तक 50 शिकायतें मिली हैं, जिनमें से तीन मामलों में सुनवाई पूरी होने के बाद कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है। गोकुलधाम में हाईकोर्ट के निर्देश के बाद सुनवाई हुई थी। यहां 23 प्लॉट नीलाम किए जाएंगे।

गोकुलधाम और द्वारकाधाम के लिए पहले भी टेंडर जारी किए गए थे, लेकिन कोई खरीदार सामने नहीं आया। अब दोबारा टेंडर आमंत्रित किए गए हैं।

**बंधक प्लॉट बेचकर होगा विकास...** इन कॉलोनियों के निवासियों ने बिल्डरों पर सड़क, नाली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं के वादे पूरे नहीं करने के आरोप लगाए थे। जांच और सुनवाई के बाद निगम अब कॉलोनियों के बंधक प्लॉट नीलाम करेगा। नीलामी से प्राप्त राशि का उपयोग संबंधित कॉलोनियों के विकास कार्यों पर किया जाएगा।

### 8 अस्पतालों की निगरानी के लिए नोडल अफसर तैनात

**भोपाल** | सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की मौजूदगी, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और दवाओं की उपलब्धता की अब नियमित निगरानी होगी। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने भोपाल के 8 बड़े अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इन्हें हर सप्ताह निरीक्षण कर रिपोर्ट देनी होगी। अधिकारी रात में औचक निरीक्षण भी करेंगे और डॉक्टरों व स्टाफ की उपस्थिति जांचेंगे।

## मध्य प्रदेश : राज्यसभा चुनाव की अधिसूचना जारी; तीन सीटों के लिए नामांकन शुरू, 18 को वोटिंग

**भोपाल।** चुनाव आयोग ने सोमवार (1 जून) को मध्य प्रदेश की तीन राज्यसभा सीटों के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है, इसके साथ ही नामांकन भरे जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है जो 8 जून तक चलेगी। इन सीटों पर 18 जून को वोटिंग कराई जाएगी। ये सीटें 21 जून को खाली हो रही हैं। चुनाव आयोग ने 22 मई को चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया था, जिसके अनुसार नामांकन 1 जून से शुरू हुआ जो 8 जून तक चलेगा। स्क्रूटनी 9 जून को होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 11 जून है। मतदान 18 जून सुबह 9 से शाम 4 बजे तक और मतगणना शाम 5 बजे से होगी।

**▪ भाजपा ने तीसरी सीट पर खेला दाव, तो 18 जून को होगा मतदानः** वर्तमान विधानसभा में विधायकों के संख्या बल के लिहाज से 3 में से 2 सीटें भाजपा और 1 सीट कांग्रेस के खाते में निर्विरोध जाती दिख रही है। भाजपा अपनी दो सुरक्षित सीटों के अलावा तीसरी सीट पर भी उम्मीदवार उतारने का दांव खेलेगी, तो 18 जून को वोटिंग होगी।

पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए सरकार प्रतिबद्धः साय

## अबूझमाड़ के गरपा और कोंडागांव के कनेरा में मुख्यमंत्री ने सुनीं समस्याएं



भास्कर न्यूज़ | नारायणपुर/कोंडागांव/सुकमा


बस्तर संभाग में सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का दौरा विकास और जनसंवाद का बड़ा संदेश लेकर आया। एक ओर मुख्यमंत्री ने नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ अंचल स्थित गारपा गांव में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, वहीं दूसरी ओर कोंडागांव जिले के बड़े कनेरा में 152.18 करोड़ रुपये की लागत के 43 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन कर क्षेत्र को बड़ी सौगात दी। सुकमा में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सुशासन तिहार समीक्षा बैठक आयोजित हुई। अबूझमाड़ के गारपा में आयोजित जन चौपाल में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षों तक नक्सल हिंसा और दुर्गम परिस्थितियों के कारण विकास से वंचित रहे क्षेत्रों में अब तेजी से बदलाव आ रहा है। शासन की प्राथमिकता है कि सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और संचार जैसी मूलभूत सुविधाएं अंतिम छोर तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है तथा प्रधानमंत्री जनमन योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ तेजी से पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने चौपाल में ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं और स्व-सहायता समूहों से संवाद किया। महिलाओं ने बताया कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग वे घरेलू जरूरतों के साथ बेटियों के भविष्य के लिए भी कर रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पहले राशन लेने के लिए 40 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब सुविधाएं गांवों के नजदीक पहुंच रही हैं। थाना, पुलियों, सीसी सड़क जैसी घोषणाएं गारपा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पुलिस थाना, तुमेराड़ी में दो पुलियों, एक किलोमीटर सीसी सड़क, आंगनबाड़ी और आश्रम शाला में बाउंड्रीवाल, उप स्वास्थ्य केंद्र से राजकुमार के खेत तक सड़क तथा मसपुर से गुडरापारा तक सड़क निर्माण की घोषणा की।

## छग : रोक रखे थे जाति प्रमाण पत्र के आवेदन, कर्मचारी निलंबित

### दैनिक भास्कर ने उठाया था मुद्दा

**भिलाई** | नगर निगम भिलाई में जाति प्रमाण पत्र से जुड़े मामले को लेकर कार्रवाई की गई है। सालों तक शहर के छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र के आवेदनों को रोक कर रखा गया। इस मामले को दैनिक भास्कर ने 11 मई को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। दैनिक भास्कर की खबर के बाद निगम प्रशासन ने संज्ञान में लिया। गैर जिम्मेदारी के लिए निगम कर्मचारी नवीन साहू (सहायक ग्रेड-2) को निलंबित कर दिया गया है। लेकिन किसी बड़े जिम्मेदार अफसरों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, उन्हें बख्श दिया गया है। हालाकि दो बार सलाहकार समिति में मामले का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया। लेकिन प्रस्ताव पर कोई फैसला नहीं करने की वजह से समिति ने उसे लौटा दिया था। लेकिन अफसर जिम्मेदारी से काम करते तो नियम के तहत सलाहकार समिति ने फैसला नहीं किया तो प्रस्ताव को एमआईसी में प्रस्तुत कर सकते है। दरअसल, राज्य शासन ने ऐसे लोगों के लिए विशेष प्रक्रिया तय की है, जिनके पास अपनी जाति और मूल निवास साबित करने के लिए पर्याप्त दस्तावेज नहीं हैं। ऐसे मामलों में जांच और घोषणा की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही संबंधित लोगों को सामाजिक प्रस्थिति (जाति) प्रमाण पत्र मिल पाता है। नोडल अधिकारी नरेंद्र बंजारे ने बताया कि उन्होंने प्रस्ताव को एमआईसी के लिए भेज दिया है। जल्द ही इस पर फैसला हो सकता है।

**शिकायतों के निराकरण में लापरवाही, तकनीकी सहायक निलंबितः** नगर निगम भिलाई ने सुशासन तिहार 2026, कलेक्टर टीएल, जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीएमओ पोर्टल समेत विभिन्न शिकायत पोर्टलों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर तकनीकी सहायक दिलीप कुर्वे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन्हें विभागों के बीच समन्वय कर आवेदनों के निराकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, लेकिन बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित पाए गए। निगम प्रशासन ने इसे कार्य के प्रति उदासीनता मानते हुए कार्रवाई की है।

## प्रेरणा

सत्य जानने की जिज्ञासा का जन्म ही जीवन-प्रयोजन का सफल हो जाना है - आदि शंकराचार्य

## संपादकीय

# महंगाई से गरीबों को बचाने पर फोकस होना चाहिए

खाड़ी संकट से बढ़ने वाली महंगाई को लेकर पहली बार आरबीआई की नीति-निर्धारक इकाई- छह-सदस्यीय मॉनेटरी पॉलिसी समिति (एमपीसी)- जून 3-5 के बीच फैसले लेगी। रेपो रेट तय करने वाले प्रमुख मुद्दे होंगे- आसन्न महंगाई से गरीबों को बचाना और विकास दर गिरने से रोकना। समिति को मालूम है 2013-14 और 2025-26 के 12 वर्षों में सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) 112.2 से बढ़कर 196.5 हो चुका है, यानी 75.13% वृद्धि। इसके उलट श्रमिकों के तीन वर्गों- वेतनभोगी, स्व-नियोजित और कैजुअल लेबर (दिहाड़ी मजदूर) की आय क्रमशः 40.5, 35.2 और 51.2% ही बढ़ी है। दुर्भाग्य यह है कि सरकारी आंकड़ों में भी अगर किसी दिहाड़ी मजदूर ने किसी दिन एक घंटे भी काम किया है तो उसे पूरे हफ्ते एम्प्लॉय्ड वर्ग में माना जाएगा। आईएलओ की तरह सरकार भी यह मानती है कि दिहाड़ी मजदूर बैठा नहीं रहता, जबकि बारिश-गर्मी के दिनों में इन्हें ज्यादा काम नहीं मिलता। जब दिहाड़ी मजदूरों की आय बढ़ी दिखाई देती है तो सरकार उन्हें नियोजित मान लेती है। हकीकत यह है कि पिछले दस वर्षों में खाद्यान्नों की कीमतें इलेक्ट्रॉनिक्स के मुकाबले ज्यादा बढ़ी हैं यानी गरीबों को चोट ज्यादा पहुंची है क्योंकि उसकी आय का बड़ा भाग भोजन पर खर्च होता है। आंकड़ों के सही न होने से योजनाकार सही आकलन नहीं कर पाते।

## जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

# बुद्धि का सदुपयोग बुद्धिमान होने के लिए महत्वपूर्ण है

केवल बुद्धि से काम नहीं चलता। बुद्धि का सदुपयोग और दुरुपयोग महत्वपूर्ण हो जाता है। बुद्धि के दुरुपयोग का सबसे बड़ा उदाहरण रावण है और बुद्धि के सदुपयोग का उदाहरण काकभुशुंडि हैं। रावण ब्राह्मण था, विश्व विजेता था, राक्षसों का राजा था। लेकिन बुद्धि के मामले में गड़बड़ा गया। काकभुशुंडि पक्षी, और उसमें भी निकृष्ट कौवा, लेकिन बुद्धि का खूब उपयोग किया। गरुड़ से उन्होंने कहा- सुनु खगेस रघुपति प्रभुताई, कहउं जथामति कथा सुहाई। पक्षीराज गरुड़ रघुनाथ जी की प्रभुता सुनिए। मैं अपनी बुद्धि के अनुसार वह सुहावनी कथा कहता हूं। 'अपनी बुद्धि के अनुसार' शब्द बड़े महत्वपूर्ण हैं। ज्ञान के साथ समझ पैदा हो तब बुद्धि कहलाती है। और बुद्धि परिष्कृत हो तो प्रज्ञा है। चार तरह की बुद्धि हैं- आईक्यू- तार्किक सोच, ईक्यू- भावनात्मक सोच, एसक्यू- सामाजिक सोच और एक्यू- एडवर्सिटी कोशेंट यानी चुनौतियों का सामना कैसे करें। बुद्धि थोड़ी-अधिक सभी के पास है, पर बुद्धिमान होने के लिए प्रयास करना पड़ता है। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## दूरदृष्टि • एआई को लेकर अति-उत्साह गैर-जरूरी

# कहीं घाटे का सौदा नहीं साबित होने लगे 'एआई'

## कृत्रिम मेधा



रघुराम राजन
आरबीआई के पूर्व गवर्नर

एआई टूल्स यकीनन हमारे काम की प्रकृति को बदल रहे हैं। बड़े भाषा मॉडल्स (एलएलएम) पहले ही मेरे अपने शोध पत्रों पर ऐसी रिपोर्टें तैयार कर सकते हैं, जो मनुष्यों द्वारा बनाई रिपोर्टों को कड़ी चुनौती दे सकते हैं। मनुष्यों के विपरीत- जो हमेशा समय की कमी से जूझते हैं- एक एलएलएम पलभर में बहुत अधिक सूचनाओं तक पहुंच रखता है और अमूमन उसमें पूर्वग्रह भी कम होते हैं। एआई मेरी विश्लेषणात्मक कमजोरियों की ओर भी इशारा करता है, प्रूफ चेक करता है और सुधार के लिए सुझाव देता है। मनुष्यों के द्वारा बनाई जाने वाली रिपोर्टें शायद ही कभी इससे बेहतर होती हैं।

फिर भी, एआई को लेकर बाजार में जो अतिशय उत्साह दिखाया जा रहा है, वो अब चिंता का सबब बन गया है। ऐसे में इस पर विचार करना जायज है कि एआई आपूर्ति श्रृंखला में चीजें कहां पर गलत हो सकती हैं। एआई की आपूर्ति श्रृंखला बुनियादी ढांचे के उत्पादकों और डिजाइनरों के साथ शुरू होती है : टीएसएमसी और सैमसंग जैसी कंपनियां चिप्स बनाती हैं; एनवीडिया उनको डिजाइन करती है और सिस्को कनेक्टिविटी प्रदान करती है। इसके बाद अमेजन, गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसे हाइपरस्केलर आते हैं। वे अपने स्वयं के एआई मॉडल के उपयोग के लिए और दूसरों को कंप्यूटिंग क्षमता बेचने के लिए डेटा सेंटर बना रहे हैं। हाइपरस्केलरों के अलावा इक्विनीक्स (डेटा सेंटर) जैसी कंपनियां और यकीनन मौलिक एलएलएम के डेवलपर्स- एन्थ्रोपिक और ओपनएआई भी हैं। सबसे अंत में, एआई सेवाओं के एंड-यूजर्स हैं। व्यक्तियों द्वारा एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है और कुछ क्षेत्रों (जैसे सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और कस्टमर सपोर्ट) में भी कॉर्पोरेट उपयोग विस्फोटक गति से बढ़ा है।

लेकिन अधिकांश बड़ी कंपनियां अभी तक एंड-टु-एंड उपयोगों को लागू नहीं कर पाई हैं। कई को अभी भी अपने ऐतिहासिक डेटा को व्यवस्थित करने और पारंपरिक ऑपरेशंस को पुनर्गठित करने की आवश्यकता है, ताकि एआई को और सुधार के लिए डिप्लाई किया जा सके। इसके अलावा, कई फर्में डेटा सुरक्षा, त्रुटियों और गलत जानकारियों को लेकर चिंतित हैं, जो उनकी ब्रांड छवि को नष्ट कर सकती हैं।

इस सबके चलते एआई रोलआउट कई तरीकों से बाधित हो सकता है, जिससे जोखिम पैदा होगा। उदाहरण के लिए, यदि ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट, सीपीयू और मेमोरी चिप्स तेज अधिक एनर्जी-इफिशिएंट हो जाते हैं तो मौजूदा डेटा सेंटरों में उपकरणों का मूल्य तेजी से घट सकता है। फिलहाल तो एआई लैब्स नए और बड़े मॉडलों को प्रशिक्षित करने के लिए भारी रकम का निवेश कर रहे हैं। उनकी सोच यह है कि किसी ऐसे जादुई बिंदु तक पहुंचने वाला पहला मॉडल- जहां वह सेल्फ-इम्प्रूविंग बन जाएगा- एआई की दुनिया पर राज करेगा और भारी मुनाफा कमाएगा। लेकिन अभी तक किसी भी मॉडल को कोई स्थायी बढ़त हासिल नहीं हुई है। जब तक जेमिनाई (गूगल), क्लॉड (एन्थ्रोपिक) और चैटजीपीटी (ओपनएआई) यूजर्स के विशिष्ट सेगमेंट्स को आकर्षित करके (या आपस में विलय या सहभागिता करके) खुद को अलग नहीं बना लेते, यह देखना मुश्किल है कि ट्रेनिंग में उनके द्वारा किए जा रहे भारी-भरकम निवेश के लिए मुनाफा कहां से आएगा।

राजनेता भले ही अब तक किनारे पर खड़े देख रहे हों, लेकिन एआई के जोखिमों और चिंताओं को दूर करने के लिए वे देर-सबेर नीतिगत हस्तक्षेप करेंगे ही। चूंकि डेटा सेंटर भारी मात्रा में बिजली की खपत करते हैं- जिससे सभी के लिए बिजली की कीमत बढ़ जाती है- ऐसे में सरकारों पर उनके निर्माण को सीमित करने के लिए राजनीतिक दबाव बढ़ेगा। उदाहरण के लिए, इंडियाना में कई काउंटियों ने हाल ही में डेटा-सेंटर निर्माण पर रोक की घोषणा की है। अगले वर्ष के लिए पहले से ही किए गए अनुमान यह सुझाव देते हैं कि हार्डवेयर निर्माता और डेटा सेंटर पर्याप्त अमेरिकी कंप्यूटिंग शक्ति की आपूर्ति करने में असमर्थ होंगे।

**अभी तक किसी भी एआई मॉडल को दूसरे पर कोई स्थायी बढ़त हासिल नहीं हुई है। यह देखना मुश्किल है कि जेमिनाई, क्लॉड या चैटजीपीटी के द्वारा ट्रेनिंग में किए जा रहे भारी-भरकम निवेश के लिए मुनाफा कहां से आएगा।**

जहां एआई के वृहत्तर उपयोग में कई लोगों की उम्मीद से अधिक समय लग सकता है, वहीं हैकर्स और डीपफेकर्स द्वारा इसका दुर्भावनापूर्ण उपयोग, और बच्चों द्वारा इसका अनियंत्रित उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में एआई मॉडलों के लिए रेगुलेशन और अधिक जवाबदेही की मांग करने वालों की आवाज मुखर होती जाएगी। एआई से उत्पन्न जोखिम दुनिया की प्रमुख ताकतों के बीच संवाद को भी प्रेरित कर सकते हैं, जो शायद किसी प्रकार के एआई जिनेवा कन्वेंशन की ओर ले जाए। इन तमाम अनिश्चितताओं को देखते हुए यह स्पष्ट नहीं है कि एआई को कितनी व्यापकता से और कितनी तेजी से रोल-आउट किया जाएगा, और इससे किसे लाभ होगा। (@प्रोजेक्ट सिंडिकेट)

## विश्लेषण • आधुनिक युद्ध 'ग्रे जोन' में प्रवेश कर रहे हैं...

# युद्धों को शुरू करना आसान है, लेकिन खत्म करना मुश्किल

## युद्धनीति



सैयद अता हसनैन
बिहार के राज्यपाल और कश्मीर कोर के पूर्व कमांडर

संघर्षों की शब्दावली अब काफी बदल गई है। रणनीतिक विमर्श में हाइब्रिड, अन-रेस्ट्रिक्टेड और कॉग्निटिव वारफेयर जैसे शब्द खूब चलन में हैं। फिर भी, 'ग्रे जोन' की व्याख्या अकसर बहुत सीमित मायनों में की जाती है, यानी पारंपरिक युद्ध की सीमा से नीचे होने वाली गतिविधियां- जैसे साइबर घुसपैठ, प्रॉक्सी संघर्ष, आर्थिक दबाव या दुष्प्रचार के अभियान। लेकिन हालिया संघर्ष एक गहरे बदलाव को दिखाते हैं। अब आधुनिक युद्ध लगातार बने रहने वाली 'ग्रे जोन' परिस्थितियों में लड़े जा रहे हैं- ऐसा रणनीतिक वातावरण, जिसकी खासियत अस्पष्टता, नियंत्रित तनाव वृद्धि, राजनीतिक संयम, तकनीकी असमानता और नैरेटिव की प्रतिस्पर्धा हैं। इसमें ग्रे जोन ऑपरेशन तो महज औजार हैं, जबकि ग्रे जोन परिस्थितियां वो व्यापक रणनीतिक वातावरण बनाती हैं, जिनमें हालिया संघर्ष घट रहे हैं। 21वीं सदी के वारफेयर को इसी अंतर से समझा जा सकता है।

पारंपरिक संघर्ष स्पष्टत: दो चीजों पर आधारित होते थे- शांति या युद्ध, जीत या हार। यह धारणा अब समाप्त होती जा रही है। आधुनिक युद्ध शायद ही कभी पूरी जीत तक पहुंचते हैं। इसके बजाय, देश या दूसरे नॉन-स्टेट समूह संघर्ष में स्थितिजन्य लाभ, रणनीतिक बढ़त और मनोवैज्ञानिक प्रभाव हासिल करने की कोशिश करते हैं। साथ ही वे उस सीमा को पार करने से भी बचते हैं, जहां हालात को राजनीतिक रूप से संभालना कठिन हो। ईरान युद्ध में आज यही दिख रहा है। ये अस्पष्टता संघर्ष की कोई आकस्मिक घटना नहीं, बल्कि एक सोचा-समझा रणनीतिक हथियार बन चुकी है। इस बदलाव के लिए कई संरचनात्मक फैक्टर्स उत्तरदायी हैं। परमाणु हथियारों के कारण बड़ी ताकतें सावधानी बरतती हैं। परस्पर आर्थिक निर्भरता लंबे संघर्षों की कीमत बहुत बढ़ा देती है। सूचना क्रांति ने जवाबी कार्रवाई का समय बहुत कम कर दिया और सोशल मीडिया को युद्धक्षेत्र जैसा बना दिया है। सबसे अहम यह है कि तकनीकी विकास के चलते उन क्षमताओं तक सभी की पहुंच हो गई, जिन पर कभी सिर्फ बड़ी सैन्य ताकतों का एकाधिकार था।

नतीजतन, स्पष्ट जीत हासिल कर पाना कठिन होता जा रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध में भी यह साफ दिखता है। बड़े पारंपरिक सैन्य टकराव के बावजूद यह युद्ध आज भी परमाणु धमकियों, प्रतिबंधों, साइबर ऑपरेशनों और ड्रोन वारफेयर से निर्मित व्यापक ग्रे जोन में अटका है। भारी संसाधन खपाने के बावजूद किसी को निर्णायक बढ़त नहीं मिली। गाजा, लेबनान और यमन के संघर्षों में भी नजर आता है कि सैन्य श्रेष्ठता अब राजनीतिक समाधान की गारंटी नहीं देती। इजराइल के पास जबरदस्त सैन्य बढ़त है, लेकिन निर्णायक परिणाम हासिल नहीं हो सका, क्योंकि हूती जैसे समूह सस्ते ड्रोन और मिसाइलों के हमलों से लाल सागर के अहम समुद्री मार्गों को बाधित कर रहे हैं। कमजोर प्रतिद्वंद्वी अब पूरी जीत नहीं, बल्कि टिके रहने, बाधा डालने और बने रहने की क्षमता हासिल करना चाह रहे हैं।

तकनीक के प्रसार ने भी कमजोर देशों और प्रॉक्सी समूहों की ड्रोन, साइबर टूल्स, सटीक मार करने वाली मिसाइलों और इन्फॉर्मेशन वारफेयर की क्षमताओं तक पहुंच सुलभ कर दी है। भले ही वे युद्ध जीतने में सक्षम न हों, लेकिन उनके पास मजबूत प्रतिद्वंद्वियों की निर्णायक जीत को रोके रखने की अभूतपूर्व क्षमता है। अब इससे एक नई रणनीतिक स्थिति पैदा हुई- जीत मिले बिना युद्ध से अलग होना। अकसर युद्ध अब औपचारिक शांति समझौते या आत्मसमर्पण से नहीं, बल्कि एक असहज विराम, अस्थायी सीजफायर या प्रबंधित तरीके से मिलिट्री डिसइंगेजमेंट के रूप में खत्म होते हैं। बड़ी ताकतें सैन्य श्रेष्ठता बनाए रखती हैं, लेकिन राजनीतिक उद्देश्य पूरी तरह हासिल नहीं कर पातीं। निर्णायक परिणामों का स्थान अब रणनीतिक थकान लेने लगी है।

**निर्णायक परिणाम वाले युद्धों का युग समाप्त हो रहा है। उनकी जगह ऐसी स्थायी प्रतिस्पर्धाएं ले रही हैं, जो पारंपरिक युद्ध की सीमा के आसपास और उसके भीतर जारी रहती हैं। रणनीतिक अस्पष्टता अब एक प्रमुख हकीकत बन चुकी है।**

एक और महत्वपूर्ण बदलाव है- युद्धक्षेत्र का विस्तार। युद्ध अब केवल सेना और सीमा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि बुनियादी ढांचा, संचार प्रणाली, एनर्जी ग्रिड, वित्तीय नेटवर्क और आम धारणा- ये सब भी युद्धक्षेत्र में आ चुके हैं। सैन्य अभियानों के साथ नैरेटिव मैनेजमेंट भी प्रमुख रणनीतिक साधन बन गया है। जो देश लंबे तनाव के दौरान सामाजिक एकता, आर्थिक स्थिरता और जनता का भरोसा बनाए रख सकेंगे, दीर्घकालिक रणनीतिक बढ़त उन्हें ही मिलेगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

दैनिक भास्कर
अब आप NYT के सभी आर्टिकल DB एप पर हर मंगलवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।

© The New York Times

दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

## रणनीति • अमेरिका फर्स्ट की नीति आप्रवासियों का देश में रहना कठिन बना रही, बच्चों की डे-केयर जैसी सेवाएं घटीं

# आप्रवासियों की स्वास्थ्य और वित्तीय सुविधाएं तक रोकी जा रहीं

निकोलस नेहामस, मिरियम जोर्डन, कोरल डेवेनपोर्ट

अमेरिका में इमिग्रेशन को लेकर ट्रम्प प्रशासन लगातार सख्त रुख अपनाए हुए है। पिछले एक साल में ऐसे कई कदम उठाए गए हैं, जिनसे इमिग्रेंट्स यानी आप्रवासियों का अमेरिका में रहना और काम करना कठिन हो जाए। नौकरियों, स्वास्थ्य सेवाओं, वित्तीय सुविधाओं, टैक्स लाभ और बच्चों की डे-केयर सेवाओं तक पहुंच सीमित करने जैसी नीतियों पर जोर दिया जा रहा है। प्रशासन का लक्ष्य उन सुविधाओं को कम करना है, जो लंबे समय से लोगों को अमेरिका की ओर आकर्षित करती रही हैं।

ट्रम्प संसद को दरकिनार रखकर एक्जीक्यूटिव आदेशों के जरिये इमिग्रेशन नीति को नया रूप दे रहे हैं। इस साल की शुरुआत में प्रमुख शहरों में मिलिट्री के छापों और डिपोर्टेशन के खिलाफ तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया के बाद ट्रम्प प्रशासन अधिक क्रिएटिव और कम विवादित तरीकों पर अमल कर रहा है। इसके तहत इमिग्रेशन व्यवस्था में बदलाव के साथ हजारों लोगों को नौकरियों से निकालने और सरकारी सुविधाएं छीनने जैसे कदम उठाए गए हैं। ट्रम्प के इमिग्रेशन एजेंडे के प्रमुख रणनीतिकार स्टीफन मिलर का तर्क है कि बड़ी संख्या में आने वाले नए प्रवासी अमेरिका की पहचान, सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि के लिए चुनौती बन सकते हैं।

एल सल्वाडोर की इमिग्रेंट रेक्वेल मोलिना के मामले से ट्रम्प के अभियान को समझा जा सकता है। मोलिना करीब 30 वर्षों से वैध सोशल सिक्योरिटी नंबर और काम की अनुमति के साथ बोस्टन के लोगान इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमानों की सफाई का काम कर रही थीं। हाल ही में उन्हें और कई अन्य इमिग्रेंट कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया गया। प्रशासन ने फैसला किया है कि एयरपोर्ट के सुरक्षित क्षेत्रों में अब केवल अमेरिकी नागरिकों, ग्रीन कार्ड धारकों और स्थायी निवासियों को ही प्रवेश मिलेगा। इसी तरह के नियमों के कारण हजारों लोगों की नौकरियां प्रभावित हुई हैं। अमेरिका में शरण लेने की प्रक्रिया भी कठिन बनाई जा रही है। अपने देशों से भागकर अमेरिका पहुंचने वाले कई शरणार्थियों को वर्क परमिट जारी करने पर रोक लगाई जा रही है। इससे उनके लिए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना मुश्किल हो सकता है।



लॉस एंजिलिस में इमिग्रेंट्स की मदद करने वाली एक संस्था में प्रभावित लोगों को कानूनी मदद दी जा रही है।

### जापान में भी कई देशों के लोग प्रभावित

जापान की सरकार भी ऐसे 47 हजार विदेशियों की जांच कर रही है जो देश में बिजनेस मैनेजर वीसा के तहत रहते हैं। सरकार ने बिजनेस वीसा आवेदकों के लिए पूंजी की सीमा 31 हजार डॉलर से बढ़ाकर एक लाख 88 हजार कर दी है। नए नियम से भारत, नेपाल, श्रीलंका, वियतनाम, थाइलैंड सहित अन्य देशों के लोग अधर में लटक गए हैं। ये जापान के शहरों और गांवों में करी, फ्राइड चावल, नूडल्स और अन्य व्यंजन परोसने वाले रेस्तरां चलाते हैं।

### सजा की धमकियों के बीच एक लाख से अधिक लोगों ने अमेरिका छोड़ा

गिरफ्तारियों और सजा की धमकियों के साथ प्रशासन की रणनीति ने कई आप्रवासियों को भूमिगत होने पर मजबूर कर दिया है। उन्हें टैक्स जमा करने, डॉक्टरों के यहां जाने और यात्रा करने से रोका जाता है। अब तक स्थायी कानूनी दर्जे के बिना रहने वाले एक लाख 16 हजार से अधिक लोग स्वेच्छा से अमेरिका छोड़ चुके हैं। इनमें सरकार के सेल्फ डिपोर्टेशन प्रोग्राम के तहत गए कुछ लोग भी शामिल हैं। कई लोग सरकार को बताए बगैर जा चुके हैं।

### पैरेंट के नागरिक न होने पर अमेरिका में जन्मे बच्चों को भी सुविधाएं नहीं मिलेंगी

ट्रम्प की रणनीति से स्थायी निवासियों, शरणार्थियों और उनके परिवारों सहित कई वैध इमिग्रेंट्स भी प्रभावित हुए हैं। किसी पैरेंट के नागरिक न होने की स्थिति में अमेरिका में जन्मे बच्चों को डे-केयर सुविधाएं लेने से रोकने के लिए नियमों में बदलाव किए जा रहे हैं। ग्रीन कार्ड होल्डरों सहित सभी गैर नागरिकों के सरकारी लोन लेने पर प्रतिबंध है। कई इमिग्रेंट्स को ट्रक ड्राइविंग के लिए कॉमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस नहीं दिए गए हैं। © The New York Times

## इस हफ्ते चर्चा में...

### ट्रम्प ने शेयर खरीदे और डेल को बड़ा सरकारी ऑर्डर मिला



**92 हजार करोड़ रुपए**

का ऑर्डर दिया है आईटी कंपनी डेल को अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने। राष्ट्रपति ट्रम्प ने फरवरी में कंपनी के शेयर खरीदे थे।

**1.66 लाख करोड़ रुपए**

में कैसिनो खरीदा है इटली में अमेरिका के राजदूत टिलमान फर्टिटा ने। वे अरबपति बिजनेसमेन हैं। कई कारोबार चलाते हैं।

**2200 करोड़ रुपए**

जुर्माना लगाया है यूरोपियन यूनियन ने चीनी ई-कॉमर्स कंपनी टेमू पर। यह जुर्माना असुरक्षित और नकली सामान बेचने पर लगाया गया है।

## हेल्थ • अमेरिकी मरीजों पर कैंसर की दवा का परीक्षण कर रही चीनी दवा कंपनी

# दवा इंडस्ट्री में भी अमेरिका पर भारी पड़ रहा चीन

रेबेका रॉबिन्स, जीना कोलाटा

नई दवाओं के विकास में चीन तेजी से उभरती ताकत बनता दिख रहा है। दशकों तक कैंसर विशेषज्ञों की सालाना कॉन्फ्रेंस में दवाइयों के ट्रायल्स मुख्य रूप से अमेरिका और यूरोप के अस्पताल चलाते थे, लेकिन पिछले सप्ताह शिकागो में आयोजित अमेरिकन सोसायटी ऑफ क्लीनिकल ऑन्कोलॉजी (एएससीओ) की वार्षिक बैठक ने संकेत दिया कि वैश्विक बायोटेक्नोलॉजी परिदृश्य बदल रहा है।

कभी अपेक्षाकृत छोटी मानी जाने वाली चीन की बायोटेक इंडस्ट्री कुछ ही वर्षों में नई दवाओं के शोध, विकास और क्लीनिकल परीक्षण का बड़ा केंद्र बन गई है। 1989 से एएससीओ सम्मेलन में भाग ले रहे जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. ओटिस ब्रॉली के अनुसार, चीन की बायोटेक इंडस्ट्री अब वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करा चुकी है। हालांकि इस प्रगति ने अमेरिकी अधिकारियों, दवा कंपनियों और चिकित्सा विशेषज्ञों की चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। उनकी आशंका नई दवाओं के विकास पर नियंत्रण, और बायोटेक क्षेत्र में अमेरिका की लंबे समय से बनी बढ़त के कमजोर पड़ने से भी जुड़ी है।

अमेरिकी बायोटेक स्टार्टअप्स का कहना है कि उन्हें पेटेंट, रिसर्च पब्लिकेशन और क्लीनिकल ट्रायल्स के क्षेत्र में चीनी कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या चीन में विकसित दवाएं अमेरिकी मरीजों पर भी उतनी ही प्रभावी साबित होंगी, जितनी चीनी नागरिकों पर हो होती हैं। दरअसल, लंग कैंसर के एशियाई मरीज लंबे समय तक जीवित रहते हैं और अन्य नस्ल के लोगों की तुलना में उन्हें इलाज से ज्यादा फायदा होता है। सम्मेलन में सबसे अधिक चर्चा चीनी कंपनी अकेसो बायोफार्मा की कैंसर-रोधी दवा इवोनेसिमैब को लेकर रही। कंपनी इस दवा का अमेरिकी मरीजों पर भी परीक्षण कर रही है।

© The New York Times



शिकागो में कैंसर विशेषज्ञों की सालाना कॉन्फ्रेंस।

### कई बड़ी दवा कंपनियों के चीन से सौदे

पिछले कुछ वर्षों से दुनिया की बड़ी फार्मास्युटिकल्स कंपनियां चीन की दवाइयां और कच्चे माल का बड़े पैमाने पर आयात कर रही हैं। इस साल अब तक ऐसे लगभग आधे सौदे चीनी कंपनियों से हुए हैं। ये 2020 से बहुत अधिक हैं। कॉन्फ्रेंस में इवोनेसिमैब सहित कैंसर की अन्य दवाइयों के सौदे फाइजर, मर्क और ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब जैसी बड़ी कंपनियों ने किए हैं।

## शिक्षा

# यूएस के यूसी बर्कले लॉ कॉलेज में एआई पर रोक

मिन्ह कोनार्स

अमेरिका में यूसी बर्कले लॉ कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल पर कड़ी बंदिश लगाई गई है। प्रतिबंध की नीति बनाने में मदद करने वाले कॉलेज के प्रोफेसर क्रिस हूफनागले का कहना है, हम नहीं चाहते कि एआई कानून की शिक्षा में बदलाव करे। नई नीति में पढ़ाई की रूपरेखा बनाने, ड्राफ्टिंग, क्लास वर्क की एडिटिंग सहित परीक्षा और अनुवाद में एआई का उपयोग रोका गया है। फर्स्ट ईयर के छात्रों को पढ़ने, विश्लेषण और तर्क करने की जरूरत रहती है। यह कानूनी काम का हिस्सा है। नीति लागू होने के बाद बर्कले वकालत में एआई पर कई कोर्स अलग से शुरू करेगा। हूफनागले कहते हैं, कॉलेज में एआई दुरुपयोग के मामले बढ़े थे। प्राफेसर का कहना है, हमने छात्रों को सोच-विचार और ग्रामर में सुधार के लिए एआई के उपयोग की इजाजत दी थी। परंतु वे एआई के जरिये नकल करने लगे थे।

© The New York Times

## कानून • यूबीएस जैसे बड़े बैंक भी कंसल्टेंसी के पेशे में उतरे

# फैमिली बिजनेस विवाद : बड़े उद्योग का रूप ले रही इनसे जुड़ी कंसल्टेंसी

ब्रेंट क्रेन

पारिवारिक कारोबारों और विरासत से जुड़े विवाद बढ़ने के साथ उन्हें सुलझाने वाले विशेषज्ञ सलाहकारों की मांग तेजी से बढ़ रही है। अनुमान है कि अमेरिका में अगले दो दशकों के दौरान करीब 7997 लाख करोड़ रु. की संपत्ति एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित होगी। इसी वजह से फैमिली बिजनेस, उत्तराधिकार और संपत्ति प्रबंधन से जुड़ी कंसल्टेंसी एक बड़े उद्योग का रूप ले रही है।

नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के फैमिली एंटरप्राइज सेंटर की प्रोफेसर जेनिफर पेंडरगास्ट के अनुसार, इस क्षेत्र का तेजी से विस्तार हो रहा है। अब केवल विशेषज्ञ फर्म ही नहीं, बल्कि यूबीएस जैसे बड़े बैंक और बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप जैसी बड़ी संस्थाएं भी परिवार-केंद्रित सलाह जैसी नई सेवाएं दे रही हैं। इन विशेषज्ञों को फैमिली वेल्थ एडवाइजर, फैमिली डायनेमिक्स ऑफिसर या फैमिली एंटरप्राइज कंसल्टेंट जैसे नाम दिए जाते हैं। उनका काम केवल वित्तीय या कानूनी सलाह देना नहीं, बल्कि परिवार के भीतर संवाद, मध्यस्थता और रिश्तों को संभालना भी होता है। उनकी सेवाओं में कॉरपोरेट गवर्नेंस, उत्तराधिकार योजना, परोपकारी दान और पारिवारिक संपत्तियों का प्रबंधन शामिल है।

विशेषज्ञ डेनिस जाफे के मुताबिक, इन सलाहकारों का सबसे बड़ा उद्देश्य परिवार में शांति बनाए रखना और संभावित टकराव को पहले ही रोक देना होता है। कई बार इनके क्लाइंट केवल परिवार के कुछ सदस्य नहीं, बल्कि सैकड़ों रिश्तेदारों वाले बड़े कारोबारी परिवार होते हैं, जिनके पास कंपनियां, रियल एस्टेट, निवेश और परोपकारी संस्थाएं भी होती हैं। हालांकि एक या दो साल की सलाह और मार्गदर्शन के लिए परिवारों को करोड़ों रुपए खर्च करने पड़ सकते हैं। बड़े पैमाने पर संपत्ति हस्तांतरण के इस दौर में ये सलाहकार कानूनी विशेषज्ञ से ज्यादा सामाजिक और मनोवैज्ञानिक मध्यस्थ की भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं।

© The New York Times

**बीकानेर पीबीएम अस्पताल** • फर्जी पर्ची पर एचआईवी टेस्ट और सीटी-एमआरआई कराई

# डॉक्टरों के फर्जी साइन कर ₹5 करोड़ उठाए; केस दर्ज...उसी कंपनी को 20 करोड़ का टेंडर

संदीप शर्मा | जयपुर

राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) में निजी अस्पतालों और मेडिकल स्टोर की गड़बड़ियां तो सामने आती रही हैं, लेकिन संभवतः ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी सरकारी मेडिकल कॉलेज में सीटी और एमआरआई करने वाली कंपनी ने ही मरीजों के फर्जी दस्तावेजों और डॉक्टर्स के फर्जी साइन-सील लगाकर करोड़ों रुपए का क्लेम उठा लिया। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने आरोपी कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। आश्चर्य की बात है कि जिस कंपनी पर खुद चिकित्सा विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई और उसे डिपेनल करने के बाद जोधपुर और बीकानेर मेडिकल कॉलेज में करीब 20 करोड़ रुपए के टेंडर भी दे दिए।

## चिकित्सा विभाग ने 1 साल पहले केस दर्ज कराया था

मामले में सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि चिकित्सा विभाग ने कंपनी को दिसंबर 2025 में डिपैनल कर दिया था। इसके बावजूद, जनवरी 2026 में बीकानेर के इसी अस्पताल में 'ईसीजी इंवेस्टीगेशन विद मैनपावर' का 12 करोड़ रुपए का टेंडर इसी कंपनी को दे दिया गया। इसके बाद अप्रैल 2026 में जोधपुर के एमडीएम अस्पताल में एमआरआई का टेंडर भी इसी दागी कंपनी की झोली में डाल दिया गया। ऐसे में कई अफसर जांच के दायरे में हैं।



## आरजीएचएस में फर्जीवाड़े की जांच में बड़ा खुलासा

बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में 'डॉ. बोथरा डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर, बीकानेर' को सीटी-एमआरआई जांच का काम दिया गया था। कुछ दिन काम करने के बाद कंपनी के कर्मचारियों ने डॉक्टर्स के फर्जी साइन-सील लगाकर मरीजों की जांचें लिख दीं और RGHS के जरिए फर्जी दस्तावेज अपलोड कर करीब 5 से 7 करोड़ रुपए का गबन कर लिया। विभाग की ओर से दर्ज एफआईआर में स्पष्ट किया गया है कि गड़बड़ी करने के लिए फर्जी एचआईवी टेस्ट, प्रो-कैल्सीटोनिन और एचबीए1सी टेस्ट सहित कई अन्य स्क्रीनिंग टेस्ट कागजों में ही दर्शा दिए गए। फिलहाल, मामले की जांच एसएचओ विक्रम तिवारी कर रहे हैं।

### इन डॉक्टर्स ने कहा- हमारे सील और साइन नहीं हैं

**डॉ. सुनील बुधानिया**
**(सहायक प्रोफेसर, कार्डियोलॉजी विभाग, पीबीएम अस्पताल)**
इन्होंने जनरेट हुई टीआईडी के दस्तावेजों को देखकर स्पष्ट कहा कि इन सभी पर उनके हस्ताक्षर नहीं हैं। 'डॉ. बोथरा डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर' का कोई भी कार्मिक इस जालसाजी में शामिल हो सकता है।

**डॉ. निशा गोयल (मेडिकल ऑफिसर)**
इन्होंने बताया कि 'डॉ. बोथरा डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर' की ओर से ओपीडी पर्ची ईमेल के जरिए भेजी गई थी, जबकि यह पर्ची और इस पर मौजूद सील-साइन उनके हैं ही नहीं।

**डॉ. संजू देशवाल:**
इन्होंने बताया कि उनका आरएमसी रजिस्ट्रेशन नंबर 74574 है और उनकी इंटर्नशिप वर्ष 2025 में ही समाप्त हो चुकी है। इस दौरान उन्होंने न तो कोई ओपीडी स्लिप लिखी और न ही उनकी कोई सील है। 'डॉ. बोथरा डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर' द्वारा उनके नाम का दुरुपयोग किया गया है।

**डॉ. सैयजल बेनीवाल:** इन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी ओर से ऐसी कोई पर्ची नहीं लिखी गई है और न ही ये उनके सील-साइन हैं।

### गड़बड़ी की हद: अब इन मामलों की शुरू हुई जांच

**अस्तित्वहीन डॉक्टर :** जांच के दौरान कई ओपीडी स्लिप में डॉक्टर्स के साइन ही नहीं हैं। दर्ज मामले में बताया गया है कि वर्ष 2024 से 2025 के बीच की गई इस गड़बड़ी में ओपीडी पर्चियों पर जिन डॉक्टरों के हस्ताक्षर बताए गए हैं, वे वास्तव में वहां डॉक्टर हैं ही नहीं। इसके अलावा एक ही परिवार के सभी सदस्यों के एचआईवी टेस्ट और बेहद कम उम्र के मरीजों के आरए फैक्टर की जांचें दिखाई गईं। दर्जनों फॉर्म पर जो सील (मोहर) लगाई गई है, वह भी संबंधित डॉक्टर्स की नहीं है।

**जांच रिपोर्ट में विरोधाभास:** मरीज की मुख्य शिकायत 'T2DM' (टाइप-2 डायबिटीज मेलिटस) लिखी हुई है, जबकि उसकी एचबीए1सी टेस्ट रिपोर्ट पूरी तरह नॉर्मल दिखाई गई है।

### इन पर पहले ही हो चुकी है बड़ी कार्रवाई

- भरतपुर के 'भरतपुर नर्सिंग होम' व 'कशिश फार्मेसी' के खिलाफ एफआईआर दर्ज है और एसओजी इसकी गहनता से जांच कर रही है।
- निविक अस्पताल के सोनदेव बंसल की इस मामले में गिरफ्तारी हो चुकी है।
- एस.के. हॉस्पिटल के डॉ. कमल अग्रवाल और डॉ. बनवारी अग्रवाल को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

### एक मामले में जांच चल रही है, दूसरे में ऊपर से आदेश आने पर ही करेंगे कार्रवाई : डॉ. घीया

*डॉ. बोथरा डायग्नोस्टिक एंड इमेजिन सेंटर पर घोटाले का मामला दर्ज कराया है। हमारे डॉक्टर्स ने लिखित में दिया है कि उनके साइन और सील नहीं हैं। सेंटर के खिलाफ एक और टेंडर में जांच चल रही है। इसमें हम तब तक कार्रवाई नहीं कर सकते, जब तक कि विभाग से कोई आदेश नहीं आ जाए।*
**-डॉ. बी.सी घीया,** अधीक्षक, पीबीएम, बीकानेर

## प्रदेश में 1 माह में 26,632 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन

जयपुर | प्रदेश में मई माह में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 26 हजार 632 रूफटॉप सोलर प्लांट इंस्टॉलेशन हुए है। जोधपुर डिस्कॉम क्षेत्र में 9 हजार 316, जयपुर डिस्कॉम में 9 हजार 204 और अजमेर डिस्कॉम में 8 हजार 112 उपभोक्ताओं ने अपने घरों की छतों पर सोलर प्लांट लगाए। जिलावार आंकड़ों में जयपुर सबसे आगे रहा, जहां 5 हजार 484 रूफटॉप सोलर प्लांट लगे है। इसके बाद श्रीगंगानगर में 3 हजार 264, हनुमानगढ़ में 2 हजार 084, सीकर में एक हजार 606 और झुंझुनूं में एक हजार 534 प्लांट लगाए गए।

## पत्नी की हत्या कर शव घर में बंद फरार पति गिरफ्तार

मुंबई | मुंबई के मालवणी इलाके में पत्नी की हत्या कर शव को घर में बंद छोड़कर फरार हुए एक व्यक्ति को पुलिस ने ओडिशा से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान शम्सुद्दीन अब्दुल मतीन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 33 वर्षीय सलीमा खातून को आखिरी बार 18 मई को पड़ोसियों ने देखा था। इसके बाद उनका घर लगातार बंद रहा। 22 मई को घर से तेज दुर्गंध आने लगी। जब पड़ोसियों ने सलीमा के पति मतीन से संपर्क किया तो उसने घर में मरा हुआ चूहा बताया।

सीएस के दिल्ली में राजस्थान विकास मॉडल को रखने का दिखा असर

# 6 योजनाएं दिल्ली में 36 IAS ने सराही, अब दूसरे राज्य अपनाएंगे

जयपुर | 2 दिन तक मुख्य सचिव दिल्ली रहे। 36 आईएएस और अन्य अफसर, नेताओं से मिले। दिल्ली में राजस्थान की डी-रिग्यूलेशन एवं कम्प्लायंस रिडक्शन से संबंधित राजस्थान की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट को राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ कार्यप्रणाली के रूप में सराहा गया है। इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। सीएस ने राजस्थान में चल रही केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के लिए फंड और अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

इसी को लेकर मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने सोमवार को सचिवालय में बैठक की। इसमें कहा कि नई दिल्ली में विभिन्न मंत्रालयों के आला अधिकारियों के साथ बैठक में सभी ने 'राजस्थान विकास मॉडल' की सराहना की। प्रदेश में ग्राम विकास चौपाल, ग्राम रथ अभियान, मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान, चंदन वन, माय भारत एवं राज उन्नति जैसी राज्य सरकार की पहल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। कई राज्यों द्वारा इन पहल के क्रियान्वयन में रुचि भी दिखाई गई है। मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को राज्य सरकार के इन नवाचारों का प्रभावी डॉक्यूमेंटेशन करने तथा सफलता की कहानियां तैयार करने के निर्देश दिए।

### रिफाइनरी का जल्द लोकार्पण : सीएस

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में एचआरआरएल रिफाइनरी परियोजना का शीघ्र लोकार्पण होगा। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क विस्तार तथा वैकल्पिक ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा देने संबंधी कार्यों में प्रगति लाई जाए। साथ ही, सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ समन्वय करते हुए आगामी 30 जून तक 43 हजार पाइप्ड गैस कनेक्शन लाइव करने की दिशा में कार्य में भी प्रगति लाएं। बैठक के दौरान सेम्बकॉर्प समूह द्वारा दौसा जिले के बांदीकुई क्षेत्र में प्रस्तावित मॉडल औद्योगिक पार्क परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने उद्योग विभाग को निवेश प्रस्तावों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा खान एवं पेट्रोलियम विभाग को परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

### पीएम पोषण योजना के लिए 953 करोड़ मंजूर

सीएस वी. श्रीनिवास ने पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना की राज्य स्तरीय संचालन एवं निगरानी समिति की बैठक में इस योजना के लिए राजस्थान को स्वीकृत 953.97 करोड़ रुपए संबंधी अनुमोदन किया। मुख्य सचिव ने पीएम पोषण योजना के राज-सिम्स पोर्टल को तत्काल अद्यतन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को राज्य के विभिन्न विद्यालयों में निरंतर भ्रमण एवं निरीक्षण करने के निर्देश दिए। योजना से बच्चों में कुपोषण स्तर कम हो रहा है, ड्रॉप आउट कम हुआ है और शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ रही है।

## राजस्थान: 2.72 लाख करोड़ के 81 प्रोजेक्ट्स पर तेजी से चल रहा काम

जयपुर | प्रदेश रेलवे, सड़क, ऊर्जा, पेट्रोलियम और नागरिक उड्डयन सहित अन्य क्षेत्र में सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में उभर रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्रों करीब 2.72 लाख करोड़ रुपए से अधिक की 81 प्रोजेक्ट प्रगतिरत हैं। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की 'पैमाना' रिपोर्ट में यह आंकड़ा सामने आया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में चल रही इन परियोजनाओं का असर आने वाले वर्षों में उद्योग, रोजगार, परिवहन और निवेश पर सीधे तौर पर दिखाई देगा।

**रिफाइनरी से बदलेगी तस्वीर:** पचपदरा में लगभग 79 हजार 459 करोड़ रुपए की लागत से बन रही राजस्थान रिफाइनरी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। इसके शुरू होने के बाद राजस्थान पेट्रोलियम क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा। इसके साथ ही पेट्रोकेमिकल उद्योग और हजारों रोजगार अवसर भी विकसित होंगे। बाड़मेर में एचपीसीएल द्वारा 461 करोड़ रुपए की लागत से पेट्रोकेमिकल निकासी एवं विपणन टर्मिनल परियोजना भी प्रगति पर है, दिसंबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

**रेलवे में सबसे बड़ा निवेश :** रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में रेलवे क्षेत्र की 23 परियोजनाओं पर 1.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जा रहे हैं। इनमें वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने वाली नाथद्वारा, पुष्कर और रामदेवरा से जुड़ी रेल परियोजनाएं भी तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

मुख्य आरोपी की तलाश में छापेमारी

## 20 लाख के बीमा क्लेम को अपनी मौत की साजिश रची, दो गिरफ्तार

### परिचित की हत्या कर कार में जला दिया शव

एजेंसी | जालना

महाराष्ट्र के जालना जिले में कर्ज से परेशान एक व्यक्ति ने बीमा की 20 लाख रुपये की राशि हासिल करने और कर्ज से छुटकारा पाने के लिए अपनी ही मौत का नाटक रच डाला। पुलिस के अनुसार, उसने अपने एक परिचित की हत्या कर शव को कार में रखकर आग लगा दी, ताकि सभी को लगे कि वह खुद हादसे में मारा गया है। जाफराबाद पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मामले का खुलासा करते हुए अमित फुलारे और आकाश गवली को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी नितिन प्रभाकर गवली (35) फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। 31 मई को जाफराबाद-चिखली रोड पर एक जली हुई कार में शव मिलने के बाद शुरुआती तौर पर इसे सड़क हादसा माना गया था। जांच में पता चला कि शव नितिन गवली का नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश निवासी संदीप चव्हाण का था, जो नासिक में पेंटर का काम करता था। पुलिस के मुताबिक, नितिन ने संदीप को काम दिलाने के बहाने बुलाया और साथियों के साथ मिलकर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को ऑल्टो कार में रखकर आग लगा दी गई।

जांच में सामने आया कि नितिन भारी कर्ज और निजी संबंधों से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहा था। इसी से बचने और 20 लाख रुपये के बीमा दावे के लिए उसने अपनी मौत का फर्जी नाटक रचा। मृतक की पहचान की अंतिम पुष्टि के लिए डीएनए जांच कराई जा रही है। पुलिस फरार मुख्य आरोपी की तलाश में जुटी है।

## राजस्थान: नए माडल बिल्डिंग बॉयलाज में 70 मीटर से ऊंची बिल्डिंग भी बना सकेंगे

जयपुर। राजस्थान में अब नए मॉडल बिल्डिंग बायलॉज लागू होंगे। इसके तहत सरकार ने बड़ा बदलाव करते हुए शहरों में बहुमंजिला (हाईराइज) इमारतों की ऊंचाई पर लगा प्रतिबंध पूरी तरह हटा दिया है। अब तक प्रदेश के शहरों में केवल 70 मीटर की ऊंचाई तक ही बिल्डिंग बनाने की सीमा (लिमिट) तय थी। हाईराइज बिल्डिंग की ऊंचाई का यह राइडर (प्रतिबंध) हटाने का फैसला उन इमारतों पर लागू होगा, जिनमें पुख्ता फायर फाइटिंग सिस्टम (अग्निशमन प्रणाली) उपलब्ध होगा। इससे पहले, भवन निर्माण की फायर एनओसी लेने से पहले भवन की ऊंचाई से संबंधित दस्तावेज मांगे जाते थे। साल 2020 से राजस्थान में सबसे ऊंची फायर लेडर (अग्निशमन सीढ़ी) की ऊंचाई के आधार पर अधिकतम 70 मीटर ऊंचे भवन निर्माण की अनुमति का प्रावधान लागू था, जिसे अब बदल दिया गया है।

## पीएम मोदी से मिले राजस्थान के सीएम



जयपुर | मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित अन्य केंद्रीय नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश की विकास योजनाओं, सुशासन व जनकल्याण व राजनीत से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा, महिला, किसान एवं अंत्योदय के प्रति प्रधानमंत्री का समर्पण तथा विकसित भारत @2047 के निर्माण के लिए पीएम का विजन और दृढ़ संकल्प सभी के लिए प्रेरणादायी है।

## सहकारिता विभाग: टू-डू लिस्ट से अफसरों की समीक्षा

जयपुर | सहकारिता विभाग में अब टू-डू लिस्ट से अधिकारियों के कामकाज की समीक्षा की जा रही है। टू-डू लिस्ट में अधिकारियों के निर्धारित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करें।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दिहाना, खण्ड नूंह, जिला नूंह के 1. बड़ जोहड़, 2. तालाब खंडा, 3. डबरा बड़ा 4. डबरा छोटा, 5. गऊ चारा नया पूर्व जोहड़, 6 तालाब खूटा, 7. गऊ चारा नया जोहड़ को अर्स 8 वर्ष हेतु मछली पालन हेतु दिनांक 10. 06. 2026 को प्रात: 11 बजे खण्ड कार्यालय नूंह में खुली बोली लगाई जाएगी। जिसमें क्र.सं. 1 व 2 के जोहड़ों की जमानत राशि मु0 1,00,000/- रुपये रहेगी व बाकि सभी के लिए मु0 50,000/- रुपये रहेगी। अन्य सभी शर्तें मौके पर सुनाई जायेगी व आखिरी फैसला पंचायत का होगा।

Shamim Ahmed,
Sarpanch Gram Panchyat Dihana Block & Distt. Nuh. (Hr.)M. 9813938408

## गुजरात: एकीकृत शपथ पत्र व्यवस्था लागू, नहीं भरने होंगे अलग-अलग एफिडेविट

भास्कर न्यूज | अहमदाबाद

गुजरात सरकार ने नागरिकों को सरकारी सेवाएं प्राप्त करने में होने वाली परेशानी कम करने के लिए राज्यभर में एक मानकीकृत 'यूनिवर्सल एफिडेविट' (एकीकृत शपथपत्र) लागू करने की घोषणा की है। यह व्यवस्था उन सभी मामलों में लागू होगी, जहां कानून के तहत शपथपत्र जरूरी है, लेकिन उसका कोई निर्धारित प्रारूप तय नहीं है।

सीएम भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में राज्य के विधि विभाग ने यह निर्णय लिया है। अब नागरिकों को विभिन्न विभागों की योजनाओं और सेवाओं के लिए अलग-अलग प्रारूप के शपथपत्र जमा नहीं करने पड़ेंगे। नया यूनिवर्सल एफिडेविट राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों, प्राधिकरणों तथा जिला, तालुका, ग्रामीण और शहरी स्तर के सेवा केंद्रों पर अनिवार्य रूप से स्वीकार होगा।

## गुजरात: गिर में शेर शावकों की मौत के बाद अलर्ट

भावनगर | गुजरात के गिर क्षेत्र में संदिग्ध बेबेसिया संक्रमण से आठ शेर शावकों की मौत के बाद वन विभाग ने भावनगर जिले में एशियाई शेरों की निगरानी बढ़ा दी है। वन अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल जिले में किसी भी शेर में संक्रमण से जुड़े लक्षण नहीं पाए गए हैं। भावनगर के उप वन संरक्षक (डीसीएफ) योगेश देसाई ने सोमवार को बताया कि हाल ही में पूर्णिमा गश्त के दौरान जिले के वन क्षेत्रों में करीब 50 जंगली शेरों की पहचान की गई। सभी शेरों की पशु चिकित्सकों ने जांच की और वे स्वस्थ पाए गए। इनमें से 19 शेरों को डी-वॉर्मिंग, डी-टिकिंग और एहतियाती दवाएं दी जा चुकी हैं।

**PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : पीएसईबी मुख्यालय, द मॉल पटियाला-147001
सीआईएन: U40109PB2010SGC033813, वैबसाइट : www.pspcl.in
सम्पर्क नंबर : 9646118773

टेंडर इंक्वायरी नंबर : QQ-4040/PO-T/26-27/CE-MM

चीफ परचेज़ ऑफिसर/MM, सेंट्रल परचेज़ ऑर्गनाइज़ेशन, पीएसपीसीएल, दूसरी मंजिल, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग, द मॉल, पीएसपीसीएल 8000 नं.थ्री फेज़ 40KVA, ISI मार्क्ड, ऑयल इमर्शन, CRGO/एमॉर्फस कोर, एल्युमिनियम वाउंड, डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर का ई-टेंडर इनवाइट करता है, जो पीएसपीसीएल स्पेसिफिकेशन्स के अनुसार फिटिंग्स के साथ पूरे हों और IS 1180 पार्ट-1 (2014) और IS 2026 (लेटेस्ट अमेंडमेंट्स के साथ) के अनुसार हों। डिटेल्ड NIT और टेंडर स्पेसिफिकेशन के लिए कृपया 02.06.2026 से https://eproc.punjab.gov.in देखें।

नोट : अगर कोई सुधार या अतिरिक्त जानकारी है, तो उसे https://eproc.punjab.gov.in ऑनलाइन पब्लिश किया जाएगा।

1079/12/2026-24/11804 C-605/26

**पंजाब सरकार**
**प्रबंध निदेशक, पंजाब स्टेट बस स्टैंड मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (पनबस),**
जीवदीप बिल्डिंग, सेक्टर 17 ए, चंडीगढ़

संदर्भ संख्या: 2147/Purchase/PA-3 दिनांक: 01/06/2026

पंजाब रोडवेज और पनबस बसों के लिए बॉल बेयरिंग और टैपर रोलर बेयरिंग की आपूर्ति हेतु पात्र मुख्य आपूर्तिकर्ता और OE से चेसिस आपूर्तिकर्ता या ASRTU RC+OE या चेसिस आपूर्तिकर्ता के पार्ट नंबर के अनुसार चेसिस आपूर्तिकर्ता से दो बोली प्रणालियों (तकनीकी और वित्तीय) में ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए http://eproc.punjab.gov.in पर जाएं। किसी भी प्रश्न के लिए कृपया 9592171892 पर संपर्क करें या cspopr2025@gmail.com पर ईमेल करें।

पूर्व-बोली सभा एवं समय: 08.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे
अंतिम तिथि एवं समय: 24.06.2026 को सुबह 10:30 बजे तक
तकनीकी बोली का खुलना : 24.06.2026 को दोपहर 12:00 बजे
नोट: निविदा/आरएफपी सूचना में कोई भी शुद्धिपत्र केवल उपरोक्त वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

1746/12/2025-26/11753 प्रबंध निदेशक, पनबस

**शुद्धिपत्र / सुधार सूचना**

आरओएफ इंफ्राटेक एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड
"Antares by ROF", सेक्टर-07, सोहना, गुरुग्राम, हरियाणा
लाइसेंस संख्या / वर्ष: 182 / 2024, दिनांक: 10-12-2024
हरेरा पंजीकरण संख्या: 29 / 2026, दिनांक: 13.04.2026
पंजीकृत कार्यालय: एम-18, मार्केट एम-ब्लॉक, ग्रेटर कैलाश-II, नई दिल्ली-110048
कॉर्पोरेट कार्यालय: बिल्डिंग संख्या 80, पहली मंजिल, सेक्टर-44, गुरुग्राम
कॉल करें: 0124-4399399, 180030702828 | www.rof.co.in

यह हमारे पिछले विज्ञापन के संदर्भ में है, जो दिनांक 27.05.2026 को 'हरि भूमि' और 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित विज्ञापन हमारे प्रोजेक्ट ANTARES BY ROF के पहले ई-ड्रॉ के बारे में था। यह प्रोजेक्ट 'अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग पॉलिसी, 2013 के तहत, लाइसेंस संख्या 182 वर्ष 2024, दिनांक 10.12.2024 के अंतर्गत, आरओएफ इंफ्राटेक और हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किया जा रहा है।
इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि एक टाइपिंग की गलती के कारण, 27.05.2026 को 'हरि भूमि' और 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित विज्ञापन में, कारपेट एरिया पर 'बेसिक सेल्स प्राइस' गलती से रू. 88881 / -प्रति वर्ग फुट लिख दिया गया था, सभी संबंधित आवेदकों और हितधारकों से अनुरोध है कि वे पिछले विज्ञापन में जहाँ कहीं भी इनका उल्लेख किया गया हो, वहाँ कारपेट एरिया पर बेसिक सेल्स प्राइस को रू. 5450 / - प्रति वर्ग फुट ही पढ़ें तथा क्रमांक संख्या 4 में सामुदायिक हॉल 4425.963 वर्ग मी. के स्थान पर 4425.963 वर्ग फुट और आंगनवाड़ी-सह-शिशु-गृह 4425.963 वर्ग मी. के स्थान पर 4425.963 वर्ग फुट पढ़ा जाये।
नोट: यह सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त कॉलोनी की भवन योजना को ज्ञापन संख्या ZP-2059/JD(RA)/2025/39819 दिनांक 15.10.2025, लाइसेंस संख्या 182 / 2024 दिनांक 10.12.2024 के माध्यम से अनुमोदित किया गया था। दिनांक 07.01.2026 का पर्यावरण मंजूरी (ईसी) संख्या EC24B3812HR5852407N और दिनांक 26.02.2026 और स्थापना के लिए सहमति (सीटीई) ज्ञापन संख्या HSPCB/Consent/:12074107426GUSOCTE136711517 दिनांक 26.02.2026 सक्षम अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया है। परियोजना दोपहिया वाहन पार्किंग स्थान प्रदान करती है, अर्थात, प्रति आवास इकाई 0.5 ईसीएस, जैसा कि किफायती आवास नीति दिनांक 19.08.2013 और संशोधन दिनांक 04.01.2021 के अनुसार पहले से ही उक्त भवन योजनाओं में अनुमोदित है। यह स्पष्ट किया जाता है कि कारपेट क्षेत्र पर संशोधित आवंटन दर को दिनांक 08.04.2026 की संशोधित नीति के अनुसार माना जाएगा।
नोट: किसी भी परियोजना के पहले के ड्रॉ के सफल आवेदकों के सरेंडर / वापस लिए गए आवेदकों को इस नोटिस के प्रकाशन के 02 सप्ताह के भीतर वर्तमान परियोजना में आवेदन दाखिल करने से पहले एसटीपी कार्यालय, गुरुग्राम में स्थिति को अपडेट करना होगा।
बाकी सभी विवरण और नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
In the Court of
NAVEEN KUMAR-I
Civil Judge
(Junior Division)
Faridabad
SHASHANK SIRSAWAL
Vs.
SANJANA
CNR NO:
HRFB02-001741-2021
Next Date:
19-08-2026

**Notice to:**
1) Mahipal s/o Vedpal Village Anangpur Tehsil and District Faridabad
2) Ms. Shivangi D/o Late Sh. Rambir Alias Pappu R/o Panchhola Mohalla, Village Anangpur, Faridabad
IN above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 19-08-2026 at 10:00 a.m
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Faridabad
Sd/- Civil Judge
(Junior Division)
Faridabad
Dated, this day of 27-05-2026

**पंजाब सरकार**
**ऑन लाइन बोलियां आमंत्रण सूचना**

बोली सं.: PHTPB/19/CV दिनांक: 02.06.2026

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पंजाब हेरिटेज एवं टूरिज़्म प्रमोशन बोर्ड निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करना चाहते हैं:
**कार्य का नाम:-** गोल्डन टेम्पल प्लाज़ा म्यूज़ियम, अमृतसर में 3 (तीन) हॉलों का लाइसेंस आधार पर संचालन, रखरखाव एवं प्रबंधन।
ऑनलाइन निविदा की उपलब्धता की अवधि: 03.06.2026 से 25.06.2026 तक (दोपहर 03:00 बजे तक)
विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, ई-निविदा पोर्टल www.eproc.punjab.gov.in देखें
**नोट:** यदि कोई परिशिष्ट/शुद्धिपत्र हो, तो वह केवल ई-पोर्टल पर ही जारी किया जाएगा।

अधीक्षक
1045/12/2026-27/11764 पंजाब हैरिटेज एवं टूरिज़्म प्रमोशन बोर्ड, चंडीगढ़

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)**

निविदा संख्या: 558-Sig-16-M-TENDER-1476 दिनाँक: 29.05.2026

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दिल्ली मंडल के बाढ़ संभावित क्षेत्रों में IP-67 मोटर युक्त 'इन्सुलेटेड पॉइंट मशीन' लगाने का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | Rs. 4,94,33,860.75/- |
| धरोहर राशि (₹) | Rs. 9,88,700.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 29.05.2026 / निविदा खुलने का दिनांक 24.06.2026 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

1840/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**MODEL DAIRY PLANT**
NDRI, Karnal-132001
**CORRIGENDUM**

This is with reference to the Tender Notice of Model Dairy Plant NDRI, Karnal, published in Danik Bhaskar on dtd. 09.05.2026. Last date of sale & receipt of the tender for the following works is here-by extended upto 09.06.2026.

| S.No. | Material/Service | EMD |
|---|---|---|
| 1. | For supply, Installation and commissioning of Auto De-sludge Milk Clarifier, Milk Homogenizer and Milk Pasteurizer as per Mother Dairy Standards of Capacity 20 KLPH each (Tetra Pak/ IDMC Make) | Rs. 25,000/- |
| 2. | For supply, Installation & Commissioning of Two AISI 304 Vertical Milk Storage Silos of Capacity 1 Lakh Liters each (Tetra Pak/ IDMC Make) | Rs. 25,000/- |
| 3. | For supply, Installation & Commissioning of Cooling Tower of Capacity 300 TR | Rs. 25,000/- |

Please feel free to contact us on e-mail:-Mukesh.SinghalGM@mdpndri.com
**(General Manager)**

**verka**
पंजाब राज्य सहकारी दूध उत्पादक संघ लिमिटेड,
एससीओ 153-155, सेक्टर 34-ए, चंडीगढ़-160022 | संपर्क नं. 0172-5041866

**निविदा आमंत्रण सूचना**
www.verka.coop

निम्नलिखित वस्तुओं की खरीद और आपूर्ति के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य/मद का नाम | अवधि/अस्थायी मात्रा |
|---|---|
| वेरका मुख्यालय, चंडीगढ़ के लिए | |
| ए) सी. बॉक्स:- | छमाही/ |
| i. निर्यात घी के डिब्बे और रक्षा डब्ल्यूएमपी के डिब्बे | 70 हज़ार |
| ii. रोगाणुरोधी पैकेजिंग | 14 लाख |
| iii. विभिन्न दूध उत्पाद | 1.30 करोड़ |
| बी) लिक्विड नाइट्रोजन गैस | वार्षिक/331200 लीटर |
| सी) बीओपीपी टेप के लिए अल्पकालिक ई-निविदा:- | छमाही/ |
| ए) जंबो टेप 650 मीटर | 250 बक्से |
| बी) बीओपीपी टेप 65 मीटर | 375 बक्से |
| सी) बीओपीपी टेप 100 मीटर | 1500 बक्से |
| डी) साइट्रिक एसिड के लिए अल्पकालिक ई-निविदा | छमाही/9 एमटी |

नोट : 1. उपरोक्त निविदा (एनआईटी) के संबंध में पूरी जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट यानी www.verka.coop और ई टेंडरिंग पोर्टल यानी eproc.punjab.gov.in पर जाएं।
2. शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

1018/12/2026-27/11786 महाप्रबंधक (खरीद)

**verka**
पंजाब राज्य सहकारी दूध उत्पादक संघ लिमिटेड,
एससीओ 153-155, सेक्टर 34-ए, चंडीगढ़-160022 | संपर्क नं. 0172-5041866

**निविदा आमंत्रण सूचना**
www.verka.coop

निम्नलिखित वस्तुओं की खरीद एवं आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:-

| क्र. सं. | कार्य/मद का नाम | अवधि/अस्थायी मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | वेरका मुख्यालय, चंडीगढ़ के लिए<br>वेरका पटियाला डेयरी में नए एसएमपी बैग्स स्टोर का निर्माण। | आठ माह |
| 2. | वेरका मोहाली डेयरी के लिए<br>क) आपूर्ति, स्थापना और चालू करना:<br>i. नए संयंत्र के लिए वर्टिकल डंप लिफ्टर (600 किलोग्राम क्षमता)।<br>ii. मोटरयुक्त वर्टिकल कन्वेयर।<br>ख) प्रतिदिन आधार पर पनीर वे - एक्स-फ़ैक्टरी का उठान (खरीद)। | <br><br>02 अदद<br>01 अदद<br>वार्षिक/लगभग 20000 किग्रा प्रतिदिन |
| 3. | वेरका बठिंडा डेयरी के लिए<br>अनुपयोगी सामग्री और स्क्रैप की बिक्री। | 01 अदद पूर्ण जॉब |
| 4. | वेरका गुरदासपुर डेयरी के लिए<br>क) 6 टीपीएच बॉयलर की टर्नकी आधार पर मरम्मत।<br>ख) हिमाचल प्रदेश में बैकलिट ग्लो साइन बोर्ड, नॉन-लिट फ्लेक्स बोर्ड, फ्लेक्स चेंज, ए-टाइप स्टैंडिंग फ्लेक्स बोर्ड, अंब्रेला और विनाइल स्टिकर।<br>ग) 3 टीपीएच क्षमता वाले लकड़ी/बायोमास ब्रिकेट फॉयर्ड बॉयलर की आपूर्ति, स्थापना और चालू करना।<br>घ) पुराने, इस्तेमाल किए गए, क्षतिग्रस्त एलडीपीई पॉलीफिल्म की ई-नीलामी। | <br>01 अदद<br>वार्षिक<br><br>01 अदद<br><br>01 अदद |
| 5. | वेरका होशियारपुर डेयरी के लिए<br>खरीद गतिविधियों हेतु कार (बोलेरो, स्विफ्ट डिज़ायर, टोयोटा एटिओस या समकक्ष) किराए पर लेने की आवश्यकता है। | 01 अदद |
| 6. | वेरका जालंधर डेयरी के लिए<br>क) जालंधर, कपूरथला और शहीद भगत सिंह नगर जिलों में पैक्ड दूध और ताज़े दूध उत्पादों की आपूर्ति के लिए इंसुलेटेड वाहनों को किराये पर लेना।<br>ख) 5500 किलो कैलोरी/किलोग्राम से कम कैलोरी मान वाला स्टीम कोयला।<br>ग) 10 किलो डेयरी व्हाइटनर जार की आपूर्ति। | वार्षिक<br><br>1000 एमटी<br><br>वार्षिक |
| 7. | वेरका लुधियाना डेयरी के लिए<br>क) अग्नि, भूकंप और तूफान, एफएसटी रिस्क/एसटीएफआई रिस्क (आंधी, बाढ़, जलभराव, चक्रवात, चक्रवात, बवंडर) आदि के जोखिमों के विरुद्ध संयंत्र, मशीनरी और भवन (नए विस्तार परियोजनाओं सहित संपूर्ण संयंत्र/इकाई) का बीमा।<br>ख) चालक के बिना इनोवा क्रिस्टल वाहन को किराये पर लेना। | 01 जॉब<br><br><br>01 अदद |
| 8. | वेरका अमृतसर डेयरी के लिए<br>क) हाउसकीपिंग और बागवानी गतिविधियों का आउटसोर्सिंग।<br>ख) ताज़ा दूध और दूध उत्पादों की आपूर्ति के लिए वाहन किराए पर लेना:<br>i. एफज़ी, चूरियन और आसपास का क्षेत्र।<br>ii. स्थानीय मार्ग<br>ग) ब्रांडिंग और विज्ञापन सामग्री।<br>घ) सिविल अस्पताल अजनाला में वेरका मिल्क बूथ का आउटसोर्सिंग।<br>ङ) आधिकारिक उपयोग के लिए बोलेरो/स्विफ्ट डिज़ायर, टोयोटा एटिओस/सेल्टोस या समकक्ष वाहन किराए पर लेना (मॉडल 2020 और उससे ऊपर)।<br>च) इंडोनेशियाई स्टीम कोयले की आपूर्ति। | वार्षिक<br><br>वार्षिक<br>वार्षिक<br>वार्षिक<br>पाँच वर्ष<br>वार्षिक/ 01 कार्यालय कार<br><br>1750 एमटी |
| 9. | वेरका कैटल फीड प्लांट के लिए, घानिया के बंगेर<br>जलाऊ लकड़ी की खरीद (ताज़ी कटी हुई) | 12000 क्विंटल |

नोट : 1. उपरोक्त निविदा (एनआईटी) के संबंध में पूरी जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट यानी www.verka.coop और ई टेंडरिंग पोर्टल यानी eproc.punjab.gov.in पर जाएं।
2. शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

1018/12/2026-27/11788 महाप्रबंधक (खरीद)

## आज का पंचांग



**पंडित प्रो. विनोद शास्त्री**

**तिथि संवत् :** द्वितीय ज्येष्ठ (अधिक), कृष्ण पक्ष द्वितीया, मंगलवार सायं 07:02 तक रहेगी। विक्रम संवत् 2083, शाके 1948, हिजरी 1447, मुस्लिम माह जिलहिज, तारीख 15, सूर्य उत्तरायण, ग्रीष्म ऋतु, 2 जून।

**सूर्योदय कालीन नक्षत्र :** मूल नक्षत्र रात्रि 10:06 तक, इसके बाद पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र रहेगा। साध्य योग प्रातः 07:16 तक, इसके बाद शुभ योग रहेगा। तैतिल करण प्रातः 05:50 तक, इसके बाद गर करण रहेगा।

**ग्रह विचार (प्रातः 05:30) :** सूर्य-वृष, चंद्र-धनु, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरु-कर्क, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।

**राहुकाल :** दोपहर 3:00 से 4:30 तक रहेगा।

**दिशाशूल : उत्तर दिशा :** यदि अत्यावश्यक कार्य हो तो गुड़ खाकर यात्रा कर सकते हैं।

**शुभाशुभ ज्ञानम् :** बुध आर्द्रा में प्रातः 06:11, गंडमूल रात्रि 10:06 तक।

**चौघड़िया मुहूर्त :** प्रातः 09:01 से 10:43 तक चर का, प्रातः 10:43 से दोपहर 02:07 तक लाभ व अमृत का, दोपहर 03:49 से सायं 05:30 तक शुभ का चौघड़िया रहेगा।

**आज विशेष :** आज मंगलवार को मसूर दाल व लाल वस्त्र दान करने एवं भौम देवता की लाल गंध, पुष्प, चंदन आदि से पूजा कर व्रत करने से समस्त कष्ट दूर होते हैं। आज शुभ योग में पुष्प का दान करना शुभ फलदायी होता है।

**आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | नामाक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 05:37 | मूल | 2 | ताम्र | धनु | यो |
| 08:37 | मूल | 3 | ताम्र | धनु | भ |
| 15:22 | मूल | 4 | ताम्र | धनु | भी |
| 22:06 | पूर्वाषाढ़ा | 1 | ताम्र | धनु | भू |
| 04:50 | पूर्वाषाढ़ा | 2 | ताम्र | धनु | धा |

## मैनेजमेंट फंडा



**एन. रघुरामन**

मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in

# भाषा क्लास के अंदर कम और बाहर ज्यादा सीखी जाती है

मिस्टर 'एम' काम करने के लिए टी-स्टॉल पर गए और मिस्टर 'क्यू' अपनी कमाई छोड़कर ईवनिंग क्लास में गए। वे दोनों एक ही मकसद के लिए गए थे। दो महीने बाद मिस्टर 'एम' मराठी भाषा में पारंगत हो गए, जबकि मिस्टर 'क्यू' अब भी उनकी तरह धाराप्रवाह बोलने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने दुनिया को दोष देना भी शुरू कर दिया कि 'अगर कोई मुझसे बात ही नहीं करेगा, तो आप मुझसे नई भाषा सीख पाने की उम्मीद कैसे करते हैं?' महाराष्ट्र सरकार ने सभी प्रवासी ऑटो और टैक्सी चालकों के लिए अनिवार्य किया है कि वे 15 अगस्त 2026 तक मराठी भाषा का कम से कम कामचलाऊ ज्ञान साबित करें नहीं तो उनका परमिट रद्द हो जाएगा। इसके बाद मराठी सीखने की होड़ मच गई है। मिस्टर 'एम' की तरह कई तो सफल हो गए, जबकि कुछ अब भी बड़बड़ा रहे हैं कि 'ये क्या नई मुसीबत है।'

मिस्टर 'एम' झारखंड से और मिस्टर 'क्यू' उत्तर प्रदेश से हैं। दोनों ने तय समय सीमा में नया कौशल सीखने और एक ही लक्ष्य पाने के लिए अलग-अलग रास्ते चुने। मिस्टर 'एम' ने अपना रिक्शा एक स्थानीय परमिट धारक को किराए पर दे दिया, जिसके पास खुद का रिक्शा नहीं था और किराया कमाने लगे। चूंकि वे ड्राइविंग की जिम्मेदारी से मुक्त थे तो उन्होंने मराठी-भाषी आबादी की बहुतायत वाले मुंबई के परेल रेलवे स्टेशन के पास एक व्यस्त टी-स्टॉल में वेटर की नौकरी कर ली। समुदाय के बीच घुल-मिल कर मिस्टर 'एम' ने तेजी से मराठी सीख ली। फूल विक्रेता महिलाओं, दूसरी-तीसरी पीढ़ी के खुदरा दुकानदारों और पुराने टैक्सी चालकों को चाय-स्नैक्स परोसते हुए उन्होंने मिस्टर 'क्यू' से कहीं तेजी से मराठी सीख ली। अब तीसरा महीना है और वे उसी टी-स्टॉल में शिफ्टों में काम करते हैं और कम से कम आधा दिन अपना ऑटो भी चलाते हैं।

जब प्रवासी चालक समुदाय के अधिकतर लोग नई भाषा सीखने के लिए अब भी कक्षाओं, यूट्यूब लेसन्स, मराठी रील्स के स्क्रीनशॉट और मराठी अखबारों में उलझे हैं, मिस्टर 'एम' ने साबित कर दिया कि धीमी पढ़ाई की तुलना में असल दुनिया की सक्रिय बातचीत बेहतर होती है। इधर, मिस्टर 'क्यू' जैसे लोगों को थकाऊ कामकाजी घंटों के बीच लैंग्वेज क्लास का समय निकालने के लिए बड़ी लॉजिस्टिकल और आर्थिक कीमत चुकानी पड़ती है।

सोमवार सुबह जब मैंने कुछ दूरी के लिए ऑटो लिया, तो मिस्टर 'क्यू' ने दुखी स्वर में कहा कि ज्यादातर यात्री डेस्टिनेशन के अलावा और कुछ नहीं बोलते। वे बोले, 'अधिकतर लोग ईयर प्लग लगाकर मोबाइल में खोए रहते हैं। अगर बोल भी रहे होते हैं तो अंग्रेजी या हिंदी में, या अपने परिजनों से मातृभाषा में बात करते हैं। उतरते वक्त सिर्फ इतना पूछते हैं- कितना हुआ? पैसे देकर फोन पर बतियाते हुए ही चले जाते हैं।' उन्होंने पूछा कि 'अब बताइए कोई कैसे हम ड्राइवरों से नई भाषा सीखने की उम्मीद कर सकता है?'

इससे मुझे स्कूल की अपनी फ्रेंच टीचर याद आ गईं, जो स्टूडेंट्स से जब भी मिलतीं, फ्रेंच में ही बात करती थीं। स्कूल की लॉबी में ही नहीं, बाजार में भी। 'मैं कहां जा रहा हूं', 'यह जगह कहां है' या 'यह रेस्तरां कहां है' जैसी साधारण बातचीत भी तब मेरे खूब काम आई, जब मैंने एम्प्लॉयी एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत पेरिस में फ्रांस के सबसे लोकप्रिय अखबार 'Le Monde' में कुछ हफ्ते काम किया था।

अपनी रोजी-रोटी कमाते हुए नई भाषा सीख रहे इन ड्राइवरों से मैंने सीखा कि यदि हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे हमसे ज्यादा तेजी से नई भाषाएं सीखें तो कोई ऐसा जरूर होना चाहिए, जो उनसे उस भाषा में बातचीत करे। यह बातचीत सैद्धांतिक या अकादमिक स्तर की नहीं, बल्कि उन शब्दों और वाक्यों के इर्द-गिर्द होनी चाहिए, जो रोजमर्रा में इस्तेमाल होते हैं।

**फंडा यह है कि** भाषा को गलियों-सड़कों पर अधिक बेहतर सीखा जा सकता है, बजाय उन बंद कक्षाओं के, जहां वह सिर्फ शब्दकोश के अर्थों के इर्द-गिर्द घूमती है।

इस कॉलम को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

मुंबई में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

# पंचतत्व में विलीन हुईं पार्श्व गायिका सुमन कल्याणपुर

भास्कर न्यूज | मुंबई



पद्म भूषण से सम्मानित पार्श्व गायिका सुमन कल्याणपुर को रविवार को मुंबई में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनका अंतिम संस्कार सांताक्रूज स्थित पवन हंस श्मशान घाट पर संपन्न हुआ। महाराष्ट्र सरकार ने उनके संगीत में योगदान को देखते हुए अंतिम यात्रा राजकीय सम्मान से कराने का आदेश दिया था।

अंतिम विदाई के दौरान उनके करीबी और फैंस मौजूद रहे और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सुमन कल्याणपुर का 31 मई को 89 वर्ष की आयु में निधन हुआ था। वे लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उन्होंने अपने करियर में 800 से अधिक गीत गाए और कई भारतीय भाषाओं में अपनी आवाज दी।

## राशिफल: सिंह वाले नया काम शुरू करेंगे, धनु वालों का कार्यक्षेत्र में वर्चस्व बढ़ेगा

**मेष** शुभ अंक 3, शुभ रंग जामुनी : कार्यस्थल पर सफलता और साझेदारी में नई शुरुआत के योग हैं। अपने वादों से मुकरने से बचें। बेहतर सफलता के लिए अनुभवी लोगों की सलाह लें। पारिवारिक खर्च बढ़ सकता है।

**वृष** शुभ अंक 4, शुभ रंग लाल : मानसिक तनाव और आलस्य रहेगा। दाम्पत्य संबंधों में गतिरोध दूर होने के आसार हैं। उच्च अध्ययन में आ रही बाधाएं खत्म होंगी। साझेदारी में आपके अनुकूल समझौता हो सकता है।

**मिथुन** शुभ अंक 1, शुभ रंग बादामी : परिणय चर्चाओं में सफलता मिल सकती है। संतान के भाग्योदय से प्रसन्नता बढ़ेगी। विरोधियों पर आपका वर्चस्व कायम रहेगा। नौकरी तलाश रहे लोगों को अनुकूल प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**कर्क** शुभ अंक 9, शुभ रंग नीला : कार्यक्षेत्र की उलझनें दूर होंगी। रोजगार के अनुकूल अवसर मिलने की उम्मीद है। पुराने मामले उजागर होने का डर रहेगा। पारिवारिक कार्यक्रमों में शामिल होने के योग बनेंगे। धैर्य बनाए रखें।

**सिंह** शुभ अंक 8, शुभ रंग काला : नया काम शुरू हो सकता है। कारोबार के विस्तार की संभावना है। धीमी गति से चल रहे काम परेशान कर सकते हैं। आय में बढ़ोतरी और आकस्मिक लाभ के योग हैं। आस्था बढ़ेगी।

**कन्या** शुभ अंक 6, शुभ रंग भूरा : जोखिम से बचें अन्यथा नुकसान हो सकता है। नई योजना में निवेश से लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन में सफलता मिलेगी। भाग्योदय की बाधाएं दूर होंगी। धार्मिक यात्रा के योग बनेंगे।

**तुला** शुभ अंक 5, शुभ रंग हरा : वैचारिक गतिरोध दूर होने से काम में आसानी होगी। नई योजनाओं की शुरुआत में दिक्कतें आ सकती हैं। भावनात्मक संबंधों में गतिरोध संभव है। अपनों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे।

**वृश्चिक** शुभ अंक 5, शुभ रंग पीला : सुविधा नहीं मिलने से काम में मुश्किल होगी। दिखावे के कारण कर्ज लेना पड़ सकता है। बिखरे कामों को समेटने में सफलता मिलेगी। रोजगार तलाश रहे लोगों को अनुकूल अवसर मिलेंगे।

**धनु** शुभ अंक 1, शुभ रंग बैंगनी : व्यापारिक विस्तार की संभावना के साथ कार्यक्षेत्र में वर्चस्व बढ़ेगा। लाभदायक सौदे हाथ आएंगे। विरोधियों की चालों का माकूल जवाब देने में सफलता मिलेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** शुभ अंक 4, शुभ रंग स्लेटी : जिद में आकर गलत फैसला लेने से बचें। लेनदेन में आक्षेप लग सकता है। उच्चाधिकारियों का सहयोग और अनुकूलता बनी रहेगी। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता को लेकर चिंता रहेगी।

**कुंभ** शुभ अंक 8, शुभ रंग नारंगी : धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलने से मुश्किल हालात से छुटकारा मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामले उलझने से चिंता हो सकती है। पारिवारिक कारणों से यात्रा हो सकती है।

**मीन** शुभ अंक 6, शुभ रंग सफेद : अनावश्यक टकराव बना रहेगा। स्वास्थ्य में गिरावट से मन परेशान रहेगा। कानूनी मामलों में पक्ष मजबूत होगा। निजी कामों के लिए सिफारिश करवानी पड़ेगी। दौड़धूप के अच्छे परिणाम मिलेंगे।

बकरीद के दिन असद ने सूर्या की चाकू मारकर हत्या कर दी थी, 5वें दिन भी खोड़ा में पुलिस फोर्स तैनात

# एनकाउंटर में ढेर असद के घर पर बुलडोजर चलाया जाएगा, एसडीएम ने नोटिस चिपकाया

भास्कर न्यूज | गाजियाबाद

गाजियाबाद में 11वीं के छात्र सूर्या चौहान की हत्या के आरोपी असद के घर पर बुलडोजर चलेगा। सोमवार को प्रशासन की टीम असद के घर पहुंची। घर के गेट पर ताला लगा था। इसके बाद एसडीएम ने अवैध कब्जा करके घर बनाने का नोटिस दरवाजे पर चिपकाया।

इसमें कहा गया कि जिस जमीन पर मकान बना है, उस पर अवैध कब्जा किया गया है। असद के पिता नवाब को 15 दिनों के भीतर एसडीएम कार्यालय में अपना जवाब देना होगा। साथ ही अवैध कब्जा खुद हटाने के लिए भी कहा गया है।

खोड़ा नगर पालिका के चेयरमैन पति और पूर्व सपा विधायक अमरपाल शर्मा ने कहा कि सूर्या के बड़े भाई को नौकरी दी जाएगी। अगर घर पर किसी तरह का टैक्स लगता होगा, तो वह माफ होगा। इसके अलावा किसी सड़क या चौराहे के नाम सूर्या के नाम पर रखा जाएगा। वहीं, झांसी में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि अगर हिंदू एक होगा तो कोई बाल भी बांका नहीं कर सकेगा। योगी की पुलिस ने ने जो किया, बहुत अच्छा किया।

भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने सोमवार को सूर्या की मां से मुलाकात कर उन्हें एक लाख की मदद दी। सोम ने कहा- खोड़ा में एक-एक आदमी ने 50- 50 मकान खरीद रखे हैं। कहां से पैसा आया, इसकी जांच होगी। जिहादी भूल गए कि प्रदेश में किसकी सरकार है? जिहादियों का ठीक से फन दबा दिया जाएगा। अगर किसी ने पलायन कराने की कोशिश की, तो उसी का यहां से पलायन करा दिया जाएगा।

दरअसल, बकरीद के दिन (28 मई) असद ने सूर्या की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। रविवार (31 मई) तड़के पुलिस ने असद को एनकाउंटर में मार गिराया था। पुलिस ने साजिश रचने के आरोप में असद के पिता नवाब समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पांचवां आरोपी अभी फरार है। हत्या के 5वें दिन भी खोड़ा में पुलिस फोर्स तैनात है।

### असद का शव आधी रात दफनाया गया



असद का शव रविवार रात पोस्टमॉर्टम के बाद सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। पुलिस ने बताया कि असद के चाचा की मौजूदगी में शव को दफनाया गया। हालांकि, पुलिस ने सिक्योरिटी कारणों से जगह और समय का खुलासा नहीं किया। एसडीएम ने अवैध कब्जा करके घर बनाने का नोटिस दरवाजे पर चिपकाया। इसमें कहा गया कि जिस जमीन पर मकान बना है, उस पर अवैध कब्जा किया गया है। असद के पिता नवाब को 15 दिनों के भीतर एसडीएम कार्यालय में अपना जवाब देना होगा।

**सभी 14 अपराधियों के घर की तलाशी होगी...** एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर राजकरण नेयर और डीएम हालात का जायजा लेने पहुंचे। नेयर ने बताया कि तीन दिन का विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन चलाया जाएगा।

**हिंदू एक होगा तो कोई बाल भी बांका नहीं कर सकेगाः धीरेंद्र**

झांसी में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने गाजियाबाद में 11वीं के छात्र सूर्या चौहान की हत्या पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा- इसीलिए हम हिंदुओं को जगाते रहते हैं, मगर देश का दुर्भाग्य है कि हलाल दिखाने के नाम पर ले जाकर सूर्या नाम के बालक की हत्या की गई। उनके अंदर दया, करुणा, प्रेम नहीं है। अगर हिंदू एक होगा तो कोई भी बाल बांका नहीं कर सकेगा। सूर्या के आरोपी असद के एनकाउंटर में मारे जाने पर कहा- योगी की पुलिस ने ने जो किया वह बहुत अच्छा किया।

## कोलकाताः तूफान से अस्थिर हुई 70 फीट ऊंची मेसी की प्रतिमा, हटाई गई



**कोलकाता |** अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी की 70 फीट ऊंची प्रतिमा को सोमवार को कोलकाता के लेक टाउन इलाके से हटा दिया गया। हाल के तूफानों के बाद प्रतिमा संरचनात्मक रूप से अस्थिर हो गई थी और सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई थी। पीडब्ल्यू अधिकारियों के मुताबिक, प्रतिमा को उसके पेडेस्टल से खोलकर हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से ट्रक पर लोड किया गया। इस दौरान प्रतिमा को कोई नुकसान नहीं हुआ। फिलहाल प्रतिमा पीडब्ल्यू की कस्टडी में रहेगी। इसे दोबारा कहां लगाया जाएगा, इस पर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। प्रतिमा का अनावरण पिछले दिसंबर में हुआ था। तब मेसी के कोलकाता दौरे के दौरान उन्होंने रिमोट कंट्रोल के जरिए इस स्मारक का उद्घाटन किया था।

### बेटी व नातिन के सामने चाकू से हमला कर शख्स की हत्या

**नई दिल्ली |** सेंट्रल जिले के लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने एक अधेड़ पर चाकू से हमला कर बेटी व नातिन के सामने हत्या कर दी। मृतक की पहचान कामिल (50) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

रजिस्ट्रेशन फीस व टास्क के बहाने ऐंठ रहे रकम

# वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगी; पीड़ितों में 72 फीसदी महिलाएं

भास्कर न्यूज | जयपुर

राजस्थान में गर्मियों की छुट्टियां शुरू होने के साथ ही सोशल मीडिया, फेसबुक रील्स, इंस्टाग्राम और टेलीग्राम पर इन दिनों घर बैठे डेटा एंट्री जॉब के विज्ञापन तेजी से फैल रहे हैं। साइबर ठग बेरोजगार युवाओं, गृहिणियों, छात्रों और रिटायर लोगों को हर महीने 45 से 80 हजार रु. कमाने का लालच देकर अपने जाल में फंसा रहे हैं। पहले रजिस्ट्रेशन, आईडी एक्टिवेशन या सिक्योरिटी डिपॉजिट के नाम पर रकम ली जाती है, फिर टास्क पूरा करने के बहाने और पैसे जमा करवाए जाते हैं। अंत में ठग मोबाइल नंबर बंद कर गायब हो जाते हैं। राज्य में एक हफ्ते में 8 हजार से अधिक शिकायतें आईं हैं जिनमें 72% महिलाएं हैं।

### 4 पीड़ितों की आपबीती...

1. **रीतिका, छात्राः** छुट्टियों में काम तलाश रही थी। सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखा। रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 5 हजार मांगे गए। भुगतान के बाद संपर्क बंद कर दिया।
2. **सुरेश, रिटायर्ड शिक्षकः** आय के लिए वर्क फ्रॉम होम का विकल्प चुना। सिक्योरिटी डिपॉजिट के रूप में 15 हजार रुपए दिए। न काम मिला और न ही पैसे वापस मिले।
3. **निधि, गृहिणीः** घर बैठे कमाने की चाहत में रुपए गंवा दिए। बैंक विवरण देने के बाद पूरा खाता खाली हो गया। अब साइबर सेल के चक्कर काट रही हूं।
4. **अरुण, बेरोजगार युवा :** बेरोजगारी से हताश था। सोशल मीडिया पर आसान काम का लालच मिला। ट्रेनिंग फीस-लैपटॉप डिलीवरी के नाम पर 25 हजार रुपए की चपत लग गई।

**खबर से सबक** साइबर ठग से बचाव के जरूरी उपाय

- नौकरी के लिए कभी भी अग्रिम फीस जमा न करें। कंपनी की वेबसाइट की जांच करें।
- केवल सोशल मीडिया विज्ञापन देखकर भरोसा न करें।
- ओटीपी, बैंक डिटेल और यूपीआई पिन किसी से साझा न करें।
- स्क्रीन शेयरिंग एप डाउनलोड न करें।
- ऑफर लेटर व ई-मेल की सत्यता जांचें।
- संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें।
- ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या cybercrime.gov.in पर शिकायत करें।

## कानपुरः 45 लीटर की टंकी में 52 लीटर पेट्रोल भरने का बिल

**कानपुर |** उत्तर प्रदेश के कानपुर में 45 लीटर क्षमता वाली कार की टंकी में 52 लीटर पेट्रोल भरने का बिल सामने आने के बाद पेट्रोल पंप पर गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। जिला प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कार मालिक चरण सिंह ने हाल ही में नई फॉक्सवेगन वर्टस कार खरीदी थी। वे लगभग खाली टंकी के साथ पेट्रोल पंप पहुंचे और फुल टैंक करने को कहा। चरण के मुताबिक, कर्मचारियों ने पहले करीब 41 लीटर पेट्रोल भरा और रुकने पर बताया कि ज्यादा मात्रा दो किस्तों में भरनी पड़ती है। बाद में बिल में कुल 52 लीटर पेट्रोल दर्ज था। चरण ने इसका विरोध किया और कंपनी प्रतिनिधि को बुलाया। रिपोर्ट के मुताबिक कार की टंकी 45 लीटर से ज्यादा पेट्रोल नहीं ले सकती। इसके बाद चरण ने पेट्रोल पंप और स्थानीय माप-तौल अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। प्रशासन अब डिस्पेंसिंग मशीनों की जांच कर रहा है।

## पति की झूठी शिकायत पर नंबर ब्लॉक, कोर्ट ने पुलिस को घेरा

**प्रयागराज |** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लखनऊ पुलिस की साइबर सेल को एक महिला का मोबाइल नंबर तुरंत बहाल करने के आदेश दिए हैं। यह नंबर महिला के पति की शिकायत पर ब्लॉक कर दिया गया था। डिवीजन बेंच के जस्टिस जेजे मुनिर और जस्टिस तरुण सक्सेना ने कहा कि पति ने वैवाहिक विवाद के चलते फर्जी शिकायत की और पुलिस ने उसी आधार पर नंबर ब्लॉक कर दिया। कोर्ट ने कहा कि राज्य एजेंसियों की लापरवाह कार्रवाई से किसी नागरिक के साथ इस तरह गलत नहीं हो सकता। महिला ने नंबर बहाली के लिए रिट याचिका दायर की थी। कोर्ट ने मार्च में लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के साइबर सेल प्रभारी से पूछा था कि नंबर क्यों ब्लॉक किया गया। 15 मई को कोर्ट ने कहा कि पुलिस का जवाब संतोषजनक नहीं है।


बिजनेस प्लस

## तनिष्क का गोल्ड एक्सचेंज ऑफर सबसे भरोसेमंद है

**नई दिल्ली |** टाटा ग्रुप का भारत का सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड, तनिष्क, अपनी नई गोल्ड एक्सचेंज पहल लेकर आया है। इसमें क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर नजर आ रहे हैं। इस पहल में उन पारदर्शी प्रक्रियाओं और ग्राहक आश्वासनों पर रोशनी डाली गई है, जिनकी वजह से तनिष्क भारत में गोल्ड एक्सचेंज के लिए सबसे भरोसेमंद जगहों में से एक बन गया है।




तीन दशकों से भी ज्यादा समय से, गोल्ड एक्सचेंज तनिष्क की सेवाओं का एक अहम हिस्सा रहा है। इसकी मदद से ग्राहक अपनी पुरानी ज्वेलरी से सबसे अच्छी कीमत पा सकते हैं और साथ ही, अपने बदलते शौक और जीवनशैली के हिसाब से नए ज़माने के सोने और हीरे के डिज़ाइन वाली ज्वेलरी ले सकते हैं। आज, 36 लाख से भी ज़्यादा ग्राहकों ने तनिष्क के गोल्ड एक्सचेंज में हिस्सा लिया है, जिससे यह देश के सबसे ज़्यादा इस्तेमाल होने वाले एक्सचेंज प्लेटफॉर्म में से एक बन गया है। तनिष्क में, गोल्ड एक्सचेंज को भरोसे, पारदर्शिता और ग्राहकों के विश्वास के मज़बूत स्तंभों पर बनाया गया है। यह पक्का किया जाता है कि ग्राहकों को उनके पुराने सोने की हमेशा सबसे ज़्यादा कीमत मिले। जैसे-जैसे यह श्रेणी ज़्यादा आम होती जा रही है, तनिष्क का मानना है कि असली खासियत सिर्फ़ एक्सचेंज की सुविधा देने में नहीं है, बल्कि यह पक्का करने में है कि ग्राहक इस पूरी प्रक्रिया के हर कदम पर और उन्हें मिलने वाली अंतिम एक्सचेंज कीमत को लेकर पूरी तरह से सूचित, आश्वस्त और आत्मविश्वासी महसूस करें।


# दिल्ली से लग्जरी कारें चोरी करके अमृतसर, चंडीगढ़ व जयपुर भेजते थे आरोपी, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली |** रोहिणी जिले के एएटीएस स्टाफ ने लग्जरी कारें चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मनिंदर सिंह और हरजोत सिंह के रूप में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी मनिंदर पर नौ और हरजोत पर पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इनके पास से आठ लग्जरी गाड़ियां चोरी की हैं। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस आठ मामले सुलझाने का दावा कर रही है।

पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। डीसीपी शशांक जायसवाल ने बताया कि आरोपियों को इंस्पेक्टर मुकेश कुमार के नेतृत्व में एसआई राजीव कुमार, हेड कांस्टेबल राजेंद्र, नवीन और कांस्टेबल सुमित व शैलेश की टीम ने पकड़ा है। टीम को पता चला कि वाहन चोर दिल्ली से कारें चुराकर उन्हें अमृतसर, चंडीगढ़ और जयपुर पहुंचाते थे। टीम ने आरोपियों को पकड़ने के लिए एक विशेष अभियान चलाया।

### मुखर्जी नगरः मामूली कहासुनी के दौरान सहकर्मी पर कैंची से हमला कर हत्या

**नई दिल्ली |** नॉर्थ वेस्ट जिले के मुखर्जी नगर थाना इलाके में मामूली कहासुनी के दौरान एक कर्मचारी ने दूसरे पर कैंची से हमला कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान दिलबहार (38) के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को पकड़ लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अशफाक उर्फ शहजाद (42) के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके पास से कैंची बरामद कर ली है। डीसीपी आकांक्षा यादव ने बताया कि मॉडल टाउन थाना पुलिस को चाकू मारने की एक घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी तुरंत एच-16, हडसन लाइन पर पहुंचे।

### मॉडल टाउनः रंजिश के चलते चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर युवक की हत्या

**नई दिल्ली |** नॉर्थ वेस्ट जिले के मॉडल टाउन इलाके में एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान साहिल (25) के रूप में हुई है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। डीसीपी आकांक्षा यादव ने बताया कि रविवार को मॉडल टाउन को विनायक अस्पताल से एक पीसीआर कॉल मिली थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि साहिल, तोमर कॉलोनी, बुराड़ी में परिवार के साथ रहता था। चश्मदीद शिव ने पुलिस को बताया कि आशु उर्फ लाला, जोकि लाल बाग, दिल्ली का रहने वाला है।


## भास्कर CLASSIFIED

**आवश्यकता**
**APPOINTMENT**

**पार्टटाइम**

सुनहरा अवसर WORK FROM HOME JOBS भारत की नंबर-1. TELECOM 5G कंपनी पार्टटाइम SENDING-(MESSAGE CALLING)लड़के-लड़किया, गृहिणी, स्टूडेंट कमाए(21,500-71,900) महीना लैपटॉप+मोबाइल मुफ्त NAME ADDRESS, QUALIFICATION Only Whatsapp:- 8799715773, Calling 8920886141

**सुरक्षाकर्मी**

Kalgidhar Trust - Baru Sahib (H.P.) requires a Security In-Charge for campus security. Eligibility: Retired Army Officers (Captain / Major /Lt. Colonel/ Colonel). Attractive Salary, Accommodation & Other Benefits Contact: 98888-48533. Preference to experienced and disciplined candidates.

**अन्य**

Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does not stand responsible for the sales propositions.




BhaskarAd.com | 97720 19222

पक्की नौकरी, रेलवे, बैंक, एयरपोर्ट, वन विभाग, जिलानुसार सीधी भर्ती,लड़के /लड़कियां,10वीं, ग्रेजुएट 30500 - 75000, फीस -600 रहना + खाना +मेडिकल फ्री 6399891076 7599694983

**सर्विसेस**
**SERVICES**

**लोन फायनेंस**

महिंद्रा फाइनेंस (मुद्रा, पर्सनल, कृषि, बिजनेस, प्रॉपर्टी, मार्कशीट, सभी लोन, घर बैठे पाए, सिविल ख़राब भी कॉल करे:- 9588389672, 9588703987

कॉर्पोरेट रिजल्ट स्कैन • 2,013 कंपनियों का एनालिसिस... जनवरी-मार्च में मुनाफा 17%, बिक्री 11.4% बढ़ी

# फाइनेंस, पावर, मेटल सेक्टर का मुनाफा 36 फीसदी तक बढ़ा, लेकिन बैंकिंग, आईटी जैसी इंडस्ट्री पिछड़ी

भास्कर न्यूज | मुंबई

वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में कॉर्पोरेट इंडिया का प्रदर्शन मिला-जुला रहा। 2,013 लिस्टेड कंपनियों के नतीजों का विश्लेषण करें तो इस तिमाही में इनका शुद्ध मुनाफा 16.9% बढ़ा है। वहीं, कुल बिक्री में 11.4% का इजाफा हुआ। फाइनेंस सेक्टर ने 10 तिमाहियों का रिकॉर्ड बनाया, आईटी सेक्टर की स्टॉक वैल्यू एक साल में 29% गिरी, और कंस्ट्रक्शन कंपनियों का मुनाफा 23.7% घट गया। ब्रोकरेज फर्म बर्नस्टीन के मुताबिक पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के चलते भारतीय कंपनियों की कमाई पर दबाव बढ़ने की आशंका है। बर्नस्टीन का अनुमान है कि वित्त वर्ष 27 में कंपनियों की कमाई की रफ्तार धीमी होकर 10% रह सकती है, जो पिछले दो वर्षों के 14% के औसत से कम है। कमजोर मांग के कारण एफएमसीजी और ऑटो सेक्टर पर इस ब्रोकरेज फर्म का नजरिया कमजोर हुआ है। हेल्थकेयर और इंडस्ट्रियल सेक्टर पसंदीदा बने हुए हैं। हेल्थकेयर को कमजोर रुपये और अमेरिकी बाजार से राहत मिलेगी, जबकि इंडस्ट्रियल को एआई और डेटा सेंटर्स की मांग का फायदा होगा। रियल एस्टेट पर भरोसा कायम है, जबकि बैंकों को लेकर न्यूट्रल रुख है।

## सेक्टर वाइज एनालिसिसः पश्चिम एशिया संकट के बावजूद तेल कंपनियों का प्रॉफिट बरकरार

### कोर इंडस्ट्रीः टॉप 10 सेक्टर का प्रदर्शन एक नजर में

| सेक्टर | शुद्ध मुनाफा | सालाना बदलाव |
|---|---|---|
| बैंकिंग | 1,06,387 | 12.5% |
| ऑयल एंड गैस | 54,131 | 19.2% |
| फाइनेंस | 39,298 | 35.9% |
| आईटी सर्विसेज | 37,255 | 13.4% |
| माइनिंग मेटल्स | 31,815 | 22.8% |
| बीमा | 26,629 | 23.4% |
| पावर | 25,423 | 26.1% |
| ऑटोमोबाइल | 24,484 | 12.1% |
| कैपिटल गुड्स | 16,012 | 13.6% |
| एफएमसीजी | 15,950 | 15.1% |

• कंपनियों का मुनाफा करोड़ रुपए में
• स्रोतः कैपिटालाइन



**36%**
मुनाफा बढ़ा फाइनेंस और इंश्योरेंस सेक्टर का जनवरी-मार्च तिमाही में, यह 10 तिमाहियों की सबसे तेज रफ्तार है

### बैंकिंगः 15 तिमाही में 'अन्य आय' में सबसे बड़ी गिरावट

बैंकों ने 1.06 लाख करोड़ का शुद्ध मुनाफा मुनाफा कमाया। ग्रोथ 12.5% और ग्रॉस इंटरेस्ट इनकम महज 3.5% बढ़ी।

**वजह** • बॉन्ड यील्ड बढ़ने से बैंकों की ट्रेजरी इनकम घट गई। फीस, ट्रेजरी से होने वाली 'अन्य आय' 11.6% घट गई, जो पिछले 15 तिमाहियों में सबसे खराब प्रदर्शन है।

**कौन आगे, कौन पीछे** • बैंक ऑफ बड़ौदा (+11.3%) और एचडीएफसी बैंक (+9.1%) मुनाफे में आगे रहे, जबकि एसबीआई और एक्सिस बैंक सिंगल डिजिट ग्रोथ के साथ पिछड़ गए।

### ऑयल और गैसः सरकारी तेल फर्मों का मुनाफा 19% बढ़ा

मार्च में पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) विवाद के बावजूद सालाना आधार पर कच्चे तेल की औसत कीमतें कम रहने से आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल जैसी सरकारी तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) का मुनाफा 19.2% बढ़ा।

- रिलायंस इंडस्ट्रीज की पेट्रोकेमिकल (ऑयल टू केमिकल) बिजनेस में कच्चे माल की ऊंची कीमतों के कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुनाफे में गिरावट दर्ज की गई।

### फाइनेंस और इंश्योरेंसः बीती 10 तिमाही में सबसे ज्यादा मुनाफा

फाइनेंस, इंश्योरेंस का चौथी तिमाही में मुनाफा 35.9% बढ़ा, यह पिछली 10 तिमाहियों में सबसे तेज है। नेट इंटरेस्ट इनकम 15.3% बढ़ी। नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों (एनबीएफसी), ब्रोकरेज, एसेट मैनेजमेंट फर्मों ने रिकॉर्ड मुनाफा कमाया।

**स्टार परफॉर्मर** • श्रीराम फाइनेंस, मुथूट फाइनेंस और बजाज फाइनेंस लोन ग्रोथ के मामले में सबसे आगे रहे।

**अपवाद** • पूरी लाइफ-जनरल इंश्योरेंस इंडस्ट्री सुस्त रही, वहीं, एलआईसी ने डबल डिजिट ग्रोथ के साथ शानदार प्रदर्शन किया।

### ऑटोः मारुति पर महंगाई की मार, टाटा की रिकॉर्ड उड़ान

**मार्केट लीडर पस्त** • सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी पर कच्चे माल की महंगाई का असर दिखा। नई लॉन्चिंग, प्रमोशनल खर्चों के कारण ऑपरेटिंग मार्जिन प्रभावित हुआ।

- रिकॉर्ड वॉल्यूम और पीएलआई स्कीम से मिले फायदे के चलते टाटा मोटर्स का घरेलू मार्जिन शानदार रहा। वहीं बजाज ऑटो को भी करेंसी और वॉल्यूम का फायदा मिला। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने भी 41.6% प्रॉफिट ग्रोथ के साथ अच्छा प्रदर्शन किया।

### मेटल, माइनिंग, सीमेंटः ग्लोबल तेजी का भरपूर फायदा मिला

वैश्विक बाजारों में मेटल्स की कीमतें बढ़ने से माइनिंग और मेटल कंपनियों की सेल्स ग्रोथ 20% रही, बीती 15 तिमाहियों में सबसे तेज है। मुनाफा 22.8% बढ़ा, जो 9 तिमाही में सबसे अच्छा है। एबिटा मार्जिन में भी करीब 500 बीपीएस सुधार आया। यानी 100 रुपए की बिक्री पर 5 रुपए ज्यादा कमाई। हिंडाल्को, वेदांता रेवेन्यू में तो टाटा स्टील व सेल ने मुनाफे में बाजी मारी।

**सीमेंट में सुधार** • सीमेंट कंपनियों का मुनाफा 31% बढ़ा। अल्ट्रा टेक और अंबुजा सीमेंट टॉप परफॉर्मर रहे।

### एफएमसीजी, रिटेलः शादियों के सीजन से चमके ट्रेंट, डीमार्ट

**एफएमसीजी** • कंपनियों की 11% रेवेन्यू ग्रोथ। लॉजिस्टिक्स की बढ़ती लागत के कारण अगली छमाही में इन पर दबाव दिख सकता है।

**रिटेल** • शादियों, त्योहारों के कारण ज्वेलरी और कपड़ों की बंपर सेल हुई। टाटा समूह की ट्रेंट ने कई तिमाही के बाद रिकवरी की।

**फार्मा** • एक्सपोर्ट रेवेन्यू कमजोर रहा, लेकिन घरेलू बाजार में डॉ. रेड्डीज (+20%), सिपला (+15%) व सन फॉर्मा (+15%) ने शानदार ग्रोथ हासिल की।

बदलावः टाटा नंबर-2, अब महिंद्रा से आगे

# मारुति, टाटा, किआ की बिक्री टॉप गियर में पहुंची

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान तनाव के बावजूद मई में कार बाजार सरपट दौड़ा। इस महीने मारुति सुजुकी ने रिकॉर्ड 1.93 लाख कारें बेचीं। टाटा मोटर्स ने 59,790 कारें बेचकर महिंद्रा को पीछे छोड़ा और ईवी बिक्री में नया रिकॉर्ड बनाया। किआ इंडिया ने भी रिकॉर्ड 27,586 कारें बेचीं। बीते माह मारुति सुजुकी की बिक्री मई 2025 के मुकाबले 39.5% बढ़ गई। दूसरे नंबर की लड़ाई और भी रोचक रही। टाटा मोटर्स की बिक्री महिंद्रा की 58,021 कारों से ऊपर निकल गई। हालांकि महिंद्रा लगातार ह्युंडई से आगे बनी रही। ह्युंडई ने भारतीय बाजार में 47,837 कारें बेचीं, जो सालाना आधार पर 9% अधिक है। कारों की कुल बिक्री बढ़ने के मामले में 42% से ज्यादा ग्रोथ के साथ टाटा मोटर्स सबसे आगे रही। बाजार में एसयूवी की मांग हावी रही। इस बीच ईवी और हाइब्रिड कारों की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ती दिखी।

### टाटा मोटर्स के ईवी की बिक्री 85% से ज्यादा बढ़ी

**मारुतिः** कंपनी की डिजायर सबसे ज्यादा बिकने वाली कार बनी रही।
**टाटा मोटर्सः** मई में 10,517 ईवी बेचीं, 1 साल पहले से 85% ज्यादा।
**महिंद्राः** स्कॉर्पियो-एन, थार रॉक्स, एक्सयूवी 7XO की जोरदार मांग।
**किआः** बीते महीने अब तक सबसे ज्यादा बिक्री का रिकॉर्ड बनाया।

### आगामी महीनों में इन मॉडलों की दस्तक

1. **टाटा सिएरा ईवीः** जून-जुलाई में लॉन्चिंग संभव।
2. **मारुति की 7-सीटर ईवीः** टेस्टिंग जारी, 500+ किमी रेंज। 12 माह में 5 कारें लॉन्च करने की तैयारी। 2 एसयूवी, 2 हैचबेक व 1 एमपीवी।
3. **होंडा की पहली ईवीः** इसी वित्त वर्ष आने की उम्मीद।
4. **नई जीपः** टाटा के अर्गोस प्लेटफॉर्म से 50 देशों को निर्यात का लक्ष्य

### मईः बिक्री वृद्धि के मामले में किआ तीसरे नंबर पर पहुंची

| कंपनी | मई-26 | मई-25 | बिक्री बढ़ी |
|---|---|---|---|
| मारुति सुजुकी | 1,93,535 | 1,38,690 | 39.5% |
| टाटा मोटर्स | 59,790 | 42,040 | 42.2% |
| महिंद्रा | 58,021 | 52,431 | 11% |
| ह्युंडई | 47,837 | 43,861 | 9% |
| टोयोटा | 30,574 | 29,280 | 4.4% |
| किआ | 27,586 | 22,315 | 23.6% |
| जेएसडब्ल्यू एमजी | 6,048 | 6,100 | स्थिर |

नोटः टाटा, किआ, जेएसडब्ल्यू की कुल बिक्री, अन्य कंपनियों की घरेलू बाजार में (स्रोतः कंपनियों के डीलर डिस्पैच डेटा)

भास्कर एनालिसिस

ईरान में तनाव बढ़ने से सेंसेक्स 508 अंक टूटा

# निफ्टी 500 के 13% शेयर ही अभी 52 हफ्ते के ऊंचे स्तर पर

भास्कर न्यूज | मुंबई

अमेरिका-ईरान शांति वार्ता को लेकर अनिश्चितता के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार गिर गया। चौतरफा बिकवाली के चलते सेंसेक्स 508 अंक (0.68%) टूटकर 74,267 पर और निफ्टी 165 अंकों (0.70%) की गिरावट के साथ 23,383 पर बंद हुआ। बड़ा झटका एफएमसीजी, सरकारी बैंक और डिफेंस शेयरों से लगा। इसके उलट आईटी ने बाजार को संभालने की कोशिश की। टेक महिंद्रा और इन्फोसिस टॉप गेनर रहे। एसबीआई सिक्युरिटीज के सुदीप शाह के मुताबिक, गिरावट सिर्फ बड़े शेयरों तक सीमित नहीं रही। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 1.5% गिरकर 20 दिन के मूविंग एवरेज से नीचे फिसल गया, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 1% कमजोर हुआ। निफ्टी 500 के 365 शेयर गिरकर बंद हुए। अब निफ्टी के लिए 23,250-23,230 का जोन तात्कालिक सपोर्ट रहेगा। मौजूदा स्थिति ये है कि निफ्टी 500 के सिर्फ 13% शेयर ही 52 हफ्तों के ऊंचे स्तर पर हैं।

### रूझान... सरकारी कंपनियों, बैंकों के शेयरों में कमजोरी जारी

सरकारी कंपनियों और बैंकों में कमजोरी बरकरार है। निफ्टी सीपीएसई अपने 20 दिन के ईएमए से लगभग 3% नीचे फिसल चुका है। पीएसयू बैंक के केवल 8.3% स्टॉक्स ही अपने 50 और 100 दिन के ईएमए के ऊपर टिक पाए हैं, जो भारी बिकवाली को दर्शाता है। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और एफएमसीजी सेक्टर्स में भी चौतरफा कमजोरी देखी जा रही है।

### 65% लार्जकैप शेयर न ज्यादा चढ़ रहे, न गिर रहे

एसबीआई सिक्युरिटीज की ब्रेडथ एंड बियॉन्ड रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी-ईरान बातचीत में स्पष्टता की कमी, क्रूड ऑयल के उतार-चढ़ाव और भारतीय रुपए की कमजोरी ने निवेशकों को बैकफुट पर रखा। निफ्टी इस समय अपने 20, 50, और 100-हफ्ते के मूविंग एवरेज (ईएमए) के नीचे है। 20 और 50 हफ्ते के ईएमए नीचे की तरफ झुक रहे हैं। निफ्टी 500 यूनिवर्स के केवल 65 स्टॉक्स (लगभग 13%) ही अपने 52 हफ्ते के 5% के दायरे में ट्रेड कर रहे हैं। यानी बाजार में तेजी चुनिंदा शेयरों के दम पर है। लार्जकैप के 65%, मिडकैप के 63%, स्मॉलकैप के 63% शेयर सीमित दायरे में फंसे हैं।

### मेटल्स, फार्मा और आईटी बाजार को लीड कर रहे

1. **मेटल्सः** मई में यह इकलौता ऐसा इंडेक्स था जिसने हफ्ते और महीने दोनों बेसिस पर पॉजिटिव रिटर्न दिया। यह अपने 50 दिन के ईएमए से लगभग 6% ऊपर ट्रेड कर रहा है। इसके 40% से ज्यादा स्टॉक्स 52 हफ्ते के करीब हैं।
2. **फार्माः** फार्मा के 75% स्टॉक्स 52 हफ्ते की ऊंचाई के करीब है, जो इसकी लीडरशिप को बनाए रखता है।
3. **मिड/स्मॉलकैप आईटीः** इस स्पेस में सुधार के संकेत हैं। करीब 70% स्टॉक्स अपने 20 दिन ईएमए के ऊपर आ चुके हैं।
4. **एनर्जी, डिफेंसः** ये भी अपनी मजबूती (50 दिन के ईएमए से 4% ऊपर) बनाए हुए हैं।

दिलचस्प • यूके में इस वर्ष 1,912 भारतीय कंपनियों का टर्नओवर 47% बढ़कर 13.5 लाख करोड़

# ब्रिटेनः भारतीय कंपनियां 1 साल में 60% बढ़ीं, 2 लाख जॉब

सुनयना चड्ढा | नई दिल्ली

ब्रिटेन में भारतीय कंपनियां सिर्फ एक साल में 60% बढ़कर 1,912 हो गईं है। इन कंपनियों ने मिलकर 2 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया और 106 अरब पाउंड (₹13.5 लाख करोड़) का कारोबार किया। यह आंकड़ा भारत-ब्रिटेन के बीच बढ़ते आर्थिक रिश्तों की शानदार तस्वीर पेश करता है।

ग्रांट थॉर्नटन, सीआईआई और इंडिया ग्लोबल फोरम की रिपोर्ट 'इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर 2026' के मुताबिक, 2025 में ब्रिटेन में भारतीय कंपनियों की संख्या 1,197 थी, जो 2026 में बढ़कर 1,912 हो गई। इनका कुल टर्नओवर 9.2 लाख करोड़ से 47% बढ़कर ₹13.5 लाख करोड़ तक पहुंच गया। भारतीय कंपनियों ने ब्रिटेन में ₹4,828 करोड़ का कॉर्पोरेशन टैक्स चुकाया। इन्होंने 2,03,549 लोगों को नौकरी भी दी, जो 2025 से करीब 61% ज्यादा है।

### व्यापार पर ऐतिहासिक समझौते ने दिखाया असर


जुलाई, 2025 में भारत और ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौता सीईटीए हुआ था। इस करार को वहां भारतीयों के स्वामित्व वाली कंपनियों में उछाल की सबसे बड़ी वजह माना जा रहा है। बीते साल दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 6 लाख करोड़ रुपए का रहा। यह 2024 के मुकाबले 11.7% ज्यादा है। दोनों देशों ने 2030 तक 100 अरब डॉलर यानी करीब 9.5 लाख करोड़ रुपए के आपसी व्यापार का लक्ष्य रखा है। इससे भारतीय कंपनियों को विस्तार का मौका मिलेगा।

### ब्रिटेन में भारतीय कंपनियों ने इस साल 2025 के मुकाबले 61 फीसदी ज्यादा रोजगार दिए

| ब्रिटेन में... | 2025 | 2026 | बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|
| भारतीय कंपनियां | 1,197 | 1,912 | 60% |
| कुल टर्नओवर | 72.14 | 105.77 | 47% |
| रोजगार | 1,27,000 | 2,03,549 | 60.6% |
| औसत आय वृद्धि | 42% | 61% | 19 पीपी |
| द्विपक्षीय व्यापार | 42.4 | 47.4 | 11.7% |

नोटः टर्नओवर, द्विपक्षीय व्यापार के आंकड़े अरब पाउंड में (1 पाउंड= 127.73 रुपए), पीपी- प्रतिशत अंक

### सबसे ज्यादा भारतीय कंपनियां लंदन में




- 2018-21 में 50% से ज्यादा कंपनियां सिर्फ लंदन में थीं। अब भारतीय निवेश पूरे ब्रिटेन में फैल रहा है।
- महिला निदेशकों की हिस्सेदारी 24% से 26% हो गई।

भास्कर नॉलेज

### ब्रिटेन में भारतीय कंपनियां तेजी से क्यों बढ़ रही हैं?

1. **टेक, फार्मा में मौकेः** ब्रिटेन में टेक्नोलॉजी, क्लीन एनर्जी और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी से मौके लगातार बढ़ रहे हैं। ये भारतीय कंपनियों की अपनी खूबी के अनुकूल हैं।
2. **तेज विस्तारः** ग्रांट थॉर्नटन की पिछली रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन में पहले से मौजूद 99% भारतीय कंपनियां वहां विस्तार की योजना बना रही हैं।
3. **डायस्पोराः** ब्रिटेन में 15 लाख से ज्यादा भारतीय मूल के लोग रहते हैं। ये भारतीय कारोबारियों को एक साथ नेटवर्क, ग्राहक और प्रतिभा- तीनों मुहैया कराते हैं।

करार • पूर्वी अफ्रीका का प्रवेश द्वार शुल्क मुक्त

# भारत-ओमान फ्री-ट्रेड एग्रीमेंट लागू, 99% भारतीय निर्यात फ्री

भास्कर न्यूज | मुंबई

भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता सोमवार से लागू हो गया। इसके साथ ही टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग, जेम्स-ज्वेलरी, फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स समेत भारत के 99.38% निर्यात को ओमान के बाजार में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिल गया है। इससे पहले ओमान में सिर्फ 15.33% भारतीय निर्यात ड्यूटी-फ्री था। श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर पहले 5% से 100% तक शुल्क था। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मुंबई, कोलकाता और चेन्नई से पहली प्राथमिकता-शुल्क खेप रवाना करते हुए कहा, 'ओमान हमारा विश्वसनीय साझेदार और खाड़ी व पूर्वी अफ्रीका तक पहुंचने का प्रवेश द्वार है।'

### मुक्त व्यापार समझौते की चार खास बातें...

- भारत ने 77.79% टैरिफ लाइनों पर रियायत दी
- ओमान में करीब 6,000 भारतीय बिजनेस सक्रिय
- इंट्रा-कॉरपोरेट ट्रांसफरी कोटा 20% से बढ़कर 50%
- स्वतंत्र प्रोफेशनल्स को 180 दिन, आईसीटी को 4 साल तक ओमान में रहने की अनुमति

मौका • एमसीएक्स ने लॉन्च किया 'सिल्वर 100' फ्यूचर

# रिटेल निवेशक अब सिर्फ 100 ग्राम चांदी से वायदा ट्रेडिंग की शुरुआत कर सकेंगे

भास्कर न्यूज | मुंबई

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) ने सोमवार को 'सिल्वर 100' फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट लॉन्च किया। इस नए वायदा सौदे के जरिये छोटे निवेशक और जौहरी अब सिर्फ 100 ग्राम चांदी (एमसीएक्स पर मौजूदा भाव के हिसाब से 26,345 रुपए) में निवेश से शुरुआत कर सकेंगे। यह उस वायदा बाजार को आम लोगों के लिए खोलने की दिशा में बड़ा कदम है, जहां बड़े संस्थागत निवेशकों का दबदबा रहा है।

एमसीएक्स के पास पहले से 30 किलो, 5 किलो और 1 किलो के सिल्वर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट मौजूद हैं। नया 'सिल्वर 100' इसी सीरीज में सबसे छोटी और सुलभ यूनिट के रूप में जुड़ा है। क्लियरिंग और सेटलमेंट की जिम्मेदारी एमसीएक्ससीसीएल संभालेगी। एमसीएक्स की एमडी और सीईओ प्रवीणा राय ने कहा, 'सिल्वर 100 फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट भारत में चांदी कारोबारियों को कीमतों के उतार-चढ़ाव से बचाने में मदद करेगा। स्थानीय जौहरी अब इन्वेंट्री जरूरतों के हिसाब से हेजिंग (बाजार में गिरावट से बचाव) या डिलीवरी ले सकते हैं।'

### प्राइस रिस्क से सुरक्षा का मौका, जरूरत पड़ने पर डिलीवरी भी

**न्यूनतम मात्राः** सिर्फ 100 ग्राम से शुरुआत
**लक्ष्यः** छोटे कारोबारी, रिटेल निवेशक
**फायदाः** कम पूंजी से एंट्री, प्राइस रिस्क यानी कीमतें बढ़ने के जोखिम से सुरक्षा
**डिलीवरीः** कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने पर डिलीवरी

बिजनेस ब्रीफ

### यूपीआईः ₹30 लाख करोड़ पहुंचा लेनदेन

**नई दिल्ली**| देश में डिजिटल पेमेंट की रफ्तार बढ़ रही है। मई में यूपीआई के जरिए 23.2 अरब ट्रांजैक्शन हुए, जबकि कुल लेनदेन रिकॉर्ड ₹29.9 लाख करोड़ तक पहुंच गया। यह अप्रैल के मुकाबले मूल्य में 3% और ट्रांजैक्शन में 4% वृद्धि है। एनपीसीआई के आंकड़े दिखाते हैं कि यूपीआई रोजमर्रा के भुगतान का सबसे बड़ा माध्यम बनता जा रहा है।

### जेनरेटिव एआई अपनाने में भारत की रैंक पांचवीं

**मुंबई**| जेनरेटिव एआई अपनाने में भारत दुनिया के टॉप-5 देशों में आ गया है। अब भारत से आगे सिर्फ अमेरिका, चीन, सिंगापुर और ब्रिटेन हैं। भारत ने जर्मनी को पीछे छोड़ दिया है। साइड की रिपोर्ट में कहा गया है कि विकासशील देश अब वैश्विक जेनएआई यूजर्स का 72% हिस्सा हैं। भारत डिजिटलीकरण रैंकिंग में भी आठवें से पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।

### सीफूडः सालाना निर्यात रिकॉर्ड 80 हजार करोड़

**नई दिल्ली**| वैश्विक अस्थिरता के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का सीफूड निर्यात 8.46 अरब डॉलर (₹80,262 करोड़) तक पहुंच गया। निर्यात की मात्रा 16% और मूल्य 18% बढ़ा। फ्रोजन झींगा का निर्यात सबसे ज्यादा हुआ। इससे कुल निर्यात आय का दो-तिहाई हिस्सा आया। अमेरिका, चीन प्रमुख बाजार रहे। यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया में भी मांग बढ़ी है।

### क्रिप्टोः कॉइनबेस ने शुरू किया रुपए में लेनदेन

**मुंबई**|अमेरिकी क्रिप्टो एक्सचेंज कॉइनबेस ने भारत में सीधे रुपए में जमा और निकासी की सुविधा शुरू की है। अब ग्राहक आईएमपीएस के जरिये बैंक खाते से सीधे क्रिप्टो ट्रेडिंग कर सकेंगे। कंपनी ने स्पॉट और फ्यूचर्स ट्रेडिंग भी शुरू की है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब भारत का क्रिप्टो बाजार ₹28 हजार करोड़ से ऊपर निकल गया और तेजी से बढ़ रहा है।

### मई में पीएमआई 3 माह की ऊंचाई पर पहुंचा

**नई दिल्ली**|घरेलू मांग और नए ऑर्डर के दम पर देश में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ी है। इस सेक्टर का पीएमआई मई में चढ़कर 55 पर पहुंच गया, जो तीन महीने का सबसे ऊंचा स्तर है। अप्रैल में यह 54.7 था। इसका 50 से ऊपर जाना उत्पादन बढ़ने का संकेत होता है। हालांकि पश्चिम एशिया संकट के चलते एनर्जी, परिवहन और कच्चे माल की लागत ऊंची बनी रही।


बिजनेस एंकर • हार्वर्ड ने कभी लॉजिस्टिक्स का मास्टरक्लास बताया था, प्रिंस चार्ल्स खुद देखने आए थे

# मुंबई की लाइफलाइन रहे डिब्बावालों का वजूद संकट में

भास्कर न्यूज | मुंबई

जब मुंबई पूरी तरह जागी भी नहीं होती, सफेद टोपी और कुर्ते में कुछ लोग साइकिलों पर ऊंचे-ऊंचे टिफिन के ढेर लेकर रेलवे स्टेशनों पर पहुंच जाते हैं। ट्रेन में चढ़ते हैं, शहर पार करते हैं और फिर पैदल या साइकिल से घर का बना गरम खाना दफ्तरों तक पहुंचाते हैं। ये हैं मुंबई के डिब्बावाले- एक ऐसी व्यवस्था, जिसे हार्वर्ड बिजनेस स्कूल ने कम लागत के लॉजिस्टिक्स का मास्टरक्लास बताया और जिसे देखने 2003 में तत्कालीन प्रिंस चार्ल्स खुद मुंबई आए थे। लेकिन आज यही डिब्बावाले वजूद की लड़ाई लड़ रहे हैं। डिब्बावाला व्यवस्था की शुरुआत 19वीं सदी के आखिर में हुई, जब ब्रिटिश राज के दौरान बॉम्बे (अब मुंबई) तेजी से फैल रहा था। दफ्तर जाने वाले लोगों को घर का खाना चाहिए था। बीबीसी वर्ल्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, 1890 में महादेव बाचचे ने 100 कामगारों के साथ इसे व्यवस्थित रूप दिया। धीरे-धीरे यह व्यवस्था इतनी सटीक हो गई कि बिना किसी एप या जीपीएस के रोज हजारों टिफिन सही पते पर पहुंचने लगे। अपने चरम पर 4,500 डिब्बावाले रोज 50,000 से ज्यादा टिफिन पहुंचाते थे। फिर कोरोना आया और सब बदल गया। दफ्तर बंद हुए, वर्क फ्रॉम होम शुरू हुआ और टिफिन की जरूरत अचानक खत्म हो गई। रिपोर्ट में मुंबई टिफिन बॉक्स सप्लायर्स एसोसिएशन के सचिव किरण गवंडे के हवाले से कहा गया है, 'लॉकडाउन के बाद से कई लोग हफ्ते में सिर्फ 2-3 दिन दफ्तर जाते हैं। इसका डिब्बावालों पर बड़ा असर हुआ। 2018 में जो संख्या 4,500 थी, वह अब 1,500 रह गई है।' जो बचे हैं, उनकी हालत भी अच्छी नहीं हैं। बालू शिंदे 20 साल तक डिब्बावाला रहे। रोज 15-20 टिफिन पहुंचाते थे। हर माह 20,000 रुपए कमाते थे। 2020 के अंत तक सिर्फ दो ग्राहक बचे। अब वे ऑटो चलाते हैं। जो टिके हैं, वे दो-दो काम कर रहे हैं। एसोसिएशन अब शिफ्ट आधारित काम की योजना बना रही है। लेकिन अध्यक्ष रामदास कार्वांडे कहते हैं, 'अभी तो चल रहा है, लेकिन आगे क्या होगा, कह नहीं सकते।' हर सुबह मुंबई की ट्रेनों में स्टील के टिफिन लिए ये लोग अब भी दिखते हैं। ये एक ऐसी परंपरा को जिंदा रखते हुए जो कभी इस शहर की रफ्तार की पहचान थी, पर अब उसी रफ्तार से पीछे छूटती जा रही है।

### स्विगी-जोमैटो, क्लाउड किचन और महंगाई ने बढ़ाई डिब्बावालों की चुनौती




डिब्बावाला सिर्फ 2,000 रुपए प्रति माह में घर का खाना पहुंचाता था। अब स्विगी और जोमैटो जैसे फूड डिलीवरी एप स्क्रीन के एक टच पर बिरयानी से बर्गर तक उपलब्ध करा रहे हैं। इस बीच उभरते क्लाउड किचन ने मुकाबला कड़ा कर दिया है। नतीजतन कभी एकछत्र राज करने वाला डिब्बावाला सिस्टम सिमट रहा है। 35 साल से डिब्बावाले रहे बाबन कदम कहते हैं, 'आज की महंगाई में नई पीढ़ी इस काम में नहीं आएगी। सब बेहतर नौकरी या कारोबार चाहते हैं।'

तर्क • परोपकार के उद्देश्य से भटक जाएगा ग्रुप

# टाटा सन्सः लिस्टिंग के खिलाफ रिजर्व बैंक को नोएल की चिट्ठी

भास्कर न्यूज | मुंबई



टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा ने रिजर्व बैंक को पत्र लिखकर शेयर बाजार में टाटा सन्स की संभावित लिस्टिंग का विरोध किया है। उनका कहना है कि यह कदम टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी के लंबी अवधि की सोच वाला चरित्र बदल देगा। ट्रस्ट के परोपकारी उद्देश्यों को नुकसान पहुंचेगा।

टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा सन्स पर टाटा ट्रस्ट्स का नियंत्रण है। ट्रस्ट्स का तर्क है कि लिस्टिंग के बाद टाटा सन्स की प्राथमिकताएं लंबी अवधि के नजरिये से संस्थाओं के निर्माण से हटकर तिमाही मुनाफे और बाजार की अल्पकालिक उम्मीदें पूरी करने पर केंद्रित हो जाएंगी। हालांकि टाटा सन्स अपना सार्वजनिक कर्ज चुका चुकी है।

इससे लिस्टिंग की नियामकीय बाध्यता कुछ हद तक कम हुई है, फिर भी नोएल टाटा का मानना है कि लिस्टिंग से संस्थागत और परोपकारी नुकसान से जुड़े तथ्य सरकार व नियामकों तक पुरजोर तरीके से नहीं पहुंचाए गए हैं। अब ट्रस्ट्स, टाटा सन्स के अलावा, सीधे रिजर्व बैंक और सरकार से संवाद कर रहा है।

**चैम्पियंस की खुशी:** जो कैबिनेट 17 साल खाली रहा, अब उसमें चार ट्रॉफी; सपोर्ट स्टाफ से लेकर प्लेयर्स के परिवार जश्न में डूबे


दो साल, बेमिसाल: 2024 से दो WPL, दो IPL जीते।


वापसी: 2024 में लौटे पडीक्कल डबल विनर।


सपोर्ट स्टाफ: बोबट, एंडी फ्लावर और दिनेश कार्तिक का सफल नेतृत्व।


विस्फोटक विदेशी: सॉल्ट, शेपर्ड और डेविड।


फैमिली टाइम: पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ विराट कोहली।

**भास्कर एनालिसिस** बेंगलुरु के बैक-टू-बैक खिताब के पीछे की रणनीति: कोहली को आजादी, हर पोजीशन के तैयार विकल्प और अटैकिंग माइंडसेट

# आरसीबी ने खिलाड़ी कम बदले, तेवर ज्यादा

भास्कर न्यूज | मुंबई

अहमदाबाद का खचाखच भरा नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 90 हजार से ज्यादा दर्शकों का कानों को सुन्न कर देने वाला शोर और 18वें ओवर की वो आखिरी गेंद जिसने इतिहास रच दिया।

जब विराट कोहली ने अरशद खान की गेंद को लॉन्ग-ऑन के ऊपर से छक्के के लिए भेजा, तो यह सिर्फ एक विनिंग शॉट नहीं था, बल्कि यह उस टीम की बादशाहत का ऐलान था जिसने सालों तक खिताबी सूखे का दर्द झेला था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 के फाइनल में अपने होम ग्राउंड से दूर, गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराकर न सिर्फ ट्रॉफी उठाई, बल्कि बैक-टू-बैक खिताब जीतकर खुद को दिग्गजों की कतार में खड़ा कर दिया। 2 जून 2025 तक जो टीम 'कभी न जीतने वाली' मानी जाती थी, आज वह चेन्नई सुपर किंग्स (2011) और मुंबई इंडियंस (2020) के बाद आईपीएल इतिहास की तीसरी ऐसी टीम बन गई है जिसने अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया है। ओवरऑल बात करें तो मुंबई, चेन्नई (5-5) और कोलकाता (3) के बाद आरसीबी मल्टीपल ट्रॉफी जीतने वाली चौथी टीम बन गई है। यह खिताबी जीत एक रात का करिश्मा नहीं थी, बल्कि स्थिर रणनीति और अटैकिंग तेवर की ऐसी कहानी थी, जिसे बरसों तक याद रखा जाएगा। **भास्कर एनालिसिस में जानिए, किन चीजों ने बनाया आरसीबी को सीजन में सबसे सफल:**



### 1. विराट कोहली: पावरप्ले में 47% प्रयास बाउंड्री के; क्योंकि मिडिल ऑर्डर मजबूत था

फाइनल में 156 रनों का पीछा करते हुए कोहली ने 42 गेंदों में नाबाद 75 रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 25 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो उनके 19 साल के आईपीएल करियर की सबसे तेज फिफ्टी है। 37 वर्ष और 207 दिन की उम्र में कोहली आईपीएल फाइनल में 'प्लेयर ऑफ द मैच' बनने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए।

- इस पारी में कोहली ने अपने 88 प्रतिशत रन लेग साइड में बनाए। 38 के निजी स्कोर तक पहुंचने से पहले उन्होंने ऑफ साइड में एक भी रन नहीं बनाया था। इसके अलावा कगिसो रबाडा जैसे खूंखार गेंदबाज के खिलाफ कोहली ने इस सीजन में 88 रन बटोरे, जो इस साल किसी भी एक बल्लेबाज द्वारा एक गेंदबाज के खिलाफ बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं।
- कोहली के इस आक्रामक और बेखौफ अंदाज के पीछे एक बड़ा मनोवैज्ञानिक बदलाव है। क्रिकेट विशेषज्ञ टॉम मूडी और वरुण आरोन के मुताबिक, कोहली अब बल्लेबाजी को 'बिजनेस' की तरह नहीं लेते, बल्कि वह मैदान पर खुलकर 'मजे' कर रहे हैं। इस सीजन पावरप्ले में कोहली ने अपनी 47% गेंदों पर बाउंड्री लगाने का प्रयास किया। यह बदलाव इसलिए मुमकिन हुआ क्योंकि आरसीबी का मध्यक्रम अब पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और भरोसेमंद है।
- पहले जहां टीम मुख्य रूप से क्रिस गेल, एबी डिविलियर्स और कोहली के इर्द-गिर्द घूमती थी, वहीं अब कप्तान रजत पाटीदार, जितेश शर्मा, देवदत्त पडीक्कल, टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या और वेंकटेश अय्यर जैसे खिलाड़ियों ने कोहली को वो आजादी दी है, जिससे वह बिना किसी दबाव के अपना स्वाभाविक और आक्रामक खेल दिखा सकें।

### 2. गेंदबाजी: हार्ड लेंथ गेंद और उछाल से गुजरात को उसी के जाल में फंसाया

- फाइनल में आरसीबी के तेज गेंदबाजों ने घरेलू टीम गुजरात को उसी के जाल में फंसा दिया। जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार ने 'हार्ड लेंथ' और उछाल का शानदार इस्तेमाल किया।



- हेजलवुड की एक खतरनाक वर्टिकल उछाल वाली गेंद पर शुभमन गिल; जो इस मैदान पर 52 की औसत और 165 की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं, चकमा खा गए और मिड-ऑफ पर पाटीदार को कैच दे बैठे। इसके तुरंत बाद भुवनेश्वर कुमार ने एक तीखी बाउंसर पर साई सुदर्शन को कैच आउट करा दिया।
- आरसीबी के तेज गेंदबाजों ने पूरी पारी में 57 शॉर्ट या गुड-लेंथ से पीछे की गेंदें फेंकीं, जो इस सतह पर एक अचूक मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ। इससे पहले गुजरात के रबाडा, सिराज और होल्डर इसी पिच पर ऐसा करते आ रहे थे।

### 3. सपोर्ट रोल: सबसे कम 16 प्लेयर्स आजमाए; अनकैप्ड रसिक भी छा गए

- दिग्गज तेज गेंदबाजों के साथ-साथ इस सीजन आरसीबी के 'अनसंग हीरोज' का भी बड़ा हाथ रहा। रसिक सलाम ने 19 विकेट चटकाए। फाइनल में रसिक ने 27 रन देकर 3 विकेट लिए, जो किसी भी अनकैप्ड खिलाड़ी का फाइनल में दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।




- दूसरी ओर, क्रुणाल पंड्या ने 14 विकेट लिए और 145.80 की स्ट्राइक रेट से 226 रन भी बनाए।
- इसी तरह जब फिल सॉल्ट और जैकब बेथेल चोटिल हुए, तो वेंकटेश अय्यर ने सलामी बल्लेबाज की जिम्मेदारी बखूबी निभाई। पूरे सीजन में वेंकटेश ने 186 की तूफानी स्ट्राइक रेट से रन बनाए। सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा यह है कि आरसीबी ने पूरे टूर्नामेंट में केवल 16 खिलाड़ियों का इस्तेमाल किया, जो इम्पैक्ट प्लेयर नियम लागू होने के बाद से किसी भी टीम द्वारा सबसे कम है।

### 4. माइंडसेट: खिताब को बचाया नहीं, अटैक किया; हर प्लेयर को पूरा समय



पाटीदार आईपीएल इतिहास के पहले कप्तान बन गए हैं, जिन्होंने अपने पहले दोनों शुरुआती सीजन में खिताब जीता है। उन्होंने कहा था कि टीम खिताब बचा नहीं रही, बल्कि अटैक कर रही है। हेड कोच एंडी फ्लावर, बैटिंग कोच दिनेश कार्तिक और बॉलिंग कोच ओमकार साल्वी ने ड्रेसिंग रूम की संस्कृति को पूरी तरह से बदल दिया। साल्वी ने जहां रसिक सलाम जैसे युवा गेंदबाजों के साथ घंटों वन-ऑन-वन समय बिताया, वहीं दिनेश कार्तिक ने बेंच पर बैठे खिलाड़ियों को तकनीकी और मानसिक रूप से इस कदर तैयार रखा कि जब भी उन्हें मौका मिला, वे छा गए।




### यह भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंधों की भी जीत: मार्ल्स

इस शानदार जीत की गूंज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक गलियारों में भी सुनाई दी। ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने इस मैच का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि विराट कोहली की मैच-विनिंग पारी और जोश हेजलवुड व टिम डेविड का शानदार योगदान भारत-ऑस्ट्रेलिया के मजबूत द्विपक्षीय और खेल संबंधों का एक बेहतरीन प्रतीक है।

### शपथ ग्रहण में व्यस्त पुलिस, नहीं होगी टीम की विक्ट्री परेड

फ्रेंचाइजी ने बेंगलुरु में 'विक्ट्री परेड' नहीं निकालने का फैसला किया है। पिछली जीत की परेड के दौरान भगदड़ में 11 फैंस की मौत हो गई थी। वहीं, बुधवार को कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का शपथ ग्रहण समारोह है। इसके चलते शहर का भारी पुलिस बल वहीं तैनात रहेगा। साथ ही, कई खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीमों से जुड़ने के लिए जल्द रवाना होना है।

## माइंड गेम # 465

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 2 | 4 | | | |
| | | | 7 | 8 | 9 | 2 | | 5 |
| | | | | | 3 | 4 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| | | 4 | | 7 | | | 5 | 2 |
| | 7 | 5 | 2 | | 6 | 8 | | |
| | | 9 | | | | 3 | | 7 |
| | 2 | 7 | 9 | | | | | |
| 4 | | 3 | | | | 5 | | |

माइंड गेम या सुडोकू एक पजल खेल है, जिसमें 9x9 ग्रिड होता है। इसमें हर पंक्ति, कॉलम और 3x3 बॉक्स में 1 से 9 तक के अंक बिना दोहराए होने चाहिए।

- बॉक्स में दिए अंकों का उपयोग करके खाली बॉक्स में बाकी अंकों को भरना है।
- सही तरीके से खाली बॉक्स भरने पर ही खेल पूरा होता है। हर सूडोकु का एक ही सही जवाब होता है।

**माइंड गेम 464 का जवाब**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 1 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |

## क्रॉसवर्ड # 1255

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | ■ | 8 | | 9 | ■ | 10 | | |
| 11 | 12 | | ■ | 13 | 14 | | | ■ |
| 15 | | ■ | 16 | | | ■ | | ■ |
| ■ | 17 | 18 | | | ■ | 19 | | 20 |
| ■ | 21 | | | ■ | 22 | | ■ | |
| 23 | ■ | 24 | | | ■ | 25 | 26 | |
| 27 | 28 | | | ■ | 29 | | | |
| 30 | | | | ■ | 31 | | | |

**बायें से दायें**

1. कौशल, करामात, हुनर (4)। 4. जनसभा, आम बैठक (4)। 8. आगमन का विलोम (3)। 10. दबाने/रोकने की क्रिया (3)। 11. सूखे कद्दू से बना वाद्ययंत्र, तुम्बा (4)। 13. गाव तकिया (4)। 15. किनारा, कूल (2)। 16. कोका पौधे से बना नशीला पदार्थ (3)। 17. लम्बी दूरी की पैदल दौड़ (4)। 19. खूबसूरत, आकर्षक (3)। 21. जरूरी, अनिवार्य उर्दू में (3)। 22. खोया/खोआ (2)। 24. मरजाना-मरजादा दोनों में मरने से संबंधित शब्द (2,1)। 25. मग्न, लीन, मस्त (3)। 27. धर्म, पंथ, संप्रदाय (4)। 29. बटमार, रास्ते की लूट (4)। 30. नेपाली विवाहित महिलाओं का प्रतीक, तिलहरी/ तिलड़ी हार (4)। 31. कृपाण, करवाल, शमशीर (4)।

**ऊपर से नीचे**

1. करतब, कर्म, करनी, कृत्य (4)। 2. हट्टा-कट्टा, मजबूत (3)। 3. बारूद का गोला (2) 5. कामदेव, भौंरा (3)। 6. "---- है नाम तिहारो", सबको समान दृष्टि से देखने वाले (5)। 7. ज्ञान, बोध, आभास (2)। 9. खारा / लवणीय, फरसाण (4)। 12. मिट्टी के रंग का, धुंधला (4)। 14. सूर्य, वर्ष अंग्रेजी में (2)। 16. धनियावड़ी (4,2)। 18. राजा का निवास / प्रासाद (2,3)। 19. जयपुर की प्रसिद्ध इमारत (2,3)। 20. आंसू, नेत्रजल (3,2)। 23. एक नदी, ऋषि वशिष्ठ की पुत्री (3)। 26. गजवासा, गजवान में धर्मयुद्ध (3)। 28. लोग, व्यक्ति (2)। 29. रात्रि, रजनी (2)।

**क्रॉसवर्ड 1254**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फि | 2 रो | 3 जा | ■ | 4 अ | बै | 5 त | 6 नि | 7 क |
| 8 त | ह | ल | 9 का | ■ | ■ | 10 ह | रा | म |
| 11 र | त | ना | रा | ■ | 12 बं | ■ | 13 ला | ल |
| 14 त | क | ■ | 15 को | 16 शा | गा | र | ■ | हा |
| ■ | ■ | 17 क | र | व | ल | ■ | 18 मि | स |
| 19 सें | 20 धा | न | म | क | ■ | 21 बे | स | न |
| 22 ध | मा | का | ■ | ■ | 23 स | र | ल | ■ |
| मा | ■ | 24 च | ल | 25 चि | त्र | ■ | 26 पा | 27 रा |
| 28 री | ग | ल | ■ | 29 क | ह | ना | व | त |

**फ्रेंच ओपन** • दो बार के फाइनलिस्ट को हराया

## जोकोविच को बाहर करने वाले फोंसेका अंतिम-8 में


करीब 4 घंटे के कड़े संघर्ष के बाद जीते ब्राजील के 19 वर्षीय फोंसेका।

### पहली बार ग्रैंड स्लैम का क्वार्टर फाइनल खेलेंगे

भास्कर न्यूज | पेरिस

ब्राजील के 19 वर्षीय टेनिस स्टार जोआओ फोंसेका ने दो बार के फाइनलिस्ट कैस्पर रुड को हराकर फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। दिग्गज नोवाक जोकोविच को हराकर उलटफेर करने वाले फोंसेका पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के अंतिम-8 में पहुंचने में सफल रहे हैं।

28वीं सीड फोंसेका ने 15वीं सीड नॉर्वे के रुड को चार सेटों तक चले कड़े संघर्ष में 7-5, 7-6, 5-7, 6-2 से मात दी। यह मुकाबला 3 घंटे और 55 मिनट तक चला। इस जीत के साथ ही 19 साल और 276 दिन के फोंसेका ने कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए। वे रोलां गैरो के अंतिम-8 में पहुंचने वाले चौथे ब्राजीलियन पुरुष खिलाड़ी हैं।

साल 2004 में गुस्तावो कुएर्टन के बाद ऐसा करने वाले वह पहले ब्राजीलियन हैं। वे गुइलेर्मो पेरेज रोल्डन (रोलां गैरो 1988) और जुआन मार्टिन डेल पोत्रो (यूएस ओपन 2008) के बाद किसी ग्रैंड स्लैम के पुरुष सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ तीसरे साउथ अमेरिकन टीनएजर हैं। अब क्वार्टर फाइनल में फोंसेका का सामना चेक रिपब्लिक के 20 वर्षीय जैकब मेन्सिक से होगा।

**टी20** • चीन के खिलाफ 313 रन बनाकर जीता नेपाल

## टी20 में छठी बार एक ओवर में छह छक्के लगे; नेपाल ने दूसरी बार जड़े

भास्कर न्यूज | सिंगापुर


भुर्तेल

नेपाल के ओपनर कुशल भुर्तेल ने एशियन गेम्स क्वालिफायर में चीन के खिलाफ एक ओवर में 6 छक्के जड़ दिए। यह कारनामा करने वाले वे दुनिया के छठे और नेपाल के दूसरे बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 2024 में कतर के खिलाफ ऐसा किया था। भुर्तेल ने पारी के नौवें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर चेन झुओ यूए के खिलाफ एक वाइड समेत 37 रन बटोरे। भुर्तेल ने 43 गेंदों में 129 रन ठोके, जिसमें 5 चौके और 16 छक्के शामिल रहे। मुकाबले में नेपाल ने 20 ओवर में 2 विकेट पर 313 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो टी20 इंटरनेशनल में तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में चीन की टीम 92 रनों पर ऑलआउट हो गई और नेपाल ने 221 रन से बड़ी जीत दर्ज की। रनों के लिहाज से यह टी20 इतिहास की सातवीं सबसे बड़ी जीत रही। वर्ल्ड क्रिकेट में भुर्तेल से पहले यह उपलब्धि युवराज सिंह, कीरोन पोलार्ड, दीपेंद्र ऐरी, समोआ के डेरियस विसर और बुल्गारिया के बशीर हासिल कर चुके हैं।

**क्रिकेट** • आईसीसी बोर्ड की बैठक में कई अहम फैसले

## टेस्ट: खराब रोशनी पर पिंक गेंद को मंजूरी

भास्कर न्यूज | अहमदाबाद

अहमदाबाद में हुई आईसीसी बोर्ड की बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। नियमों के गंभीर उल्लंघन के चलते क्रिकेट कनाडा को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। हालांकि, खिलाड़ियों के नुकसान से बचने के लिए कनाडाई टीमें आईसीसी इवेंट्स में हिस्सा लेती रहेंगी। इसके अलावा, टेस्ट क्रिकेट में खराब रोशनी होने पर अब दोनों टीमों की सहमति से लाल गेंद की जगह 'पिंक बॉल' का इस्तेमाल किया जा सकेगा। मेंस टी20 वर्ल्ड कप के लिए 16 टीमों के 'ग्लोबल क्वालिफायर' को भी मंजूरी दी गई है जिससे एसोसिएट देशों को फायदा मिलेगा। महिला क्रिकेट में भी अहम बदलाव करते हुए 2027 की चैम्पियंस ट्रॉफी को जून-जुलाई की बजाय 14 से 28 फरवरी के बीच कराने का निर्णय लिया गया है। साथ ही, टी20 इंटरनेशनल मैचों में अब 15 मिनट का ब्रेक अनिवार्य कर दिया गया है।

## स्पोर्ट्स ब्रीफ

### नॉर्वे चेस: छठे राउंड में चारों भारतीय हारे, प्रागी को हराने वाले वेस्ले शीर्ष पर पहुंचे

**ओस्लो** | भारत के चारों खिलाड़ियों को नॉर्वे चेस के छठे राउंड में हार मिली। वर्ल्ड चैम्पियन डी. गुकेश को विन्सेंट केमार ने क्लासिकल में हराया। यह केमार की टूर्नामेंट में पहली जीत रही। वहीं, आर. प्रागननंदा को अनुभवी अमेरिकी खिलाड़ी वेस्ले सो के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। वेस्ले ओपन कैटेगरी में टॉप पर हैं। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी को कजाखस्तान की बिबिसारा ने आर्मागेडन में हराया जबकि दिव्या देशमुख को वर्ल्ड चैम्पियन जू वेनजुन से हार मिली।

### वनडे: ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा वनडे आज, सीरीज जीत की हैट्रिक चाहेगा पाक

**लाहौर** | पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन वनडे की सीरीज का दूसरा मुकाबला मंगलवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जाएगा। पाकिस्तान ने पहला वनडे 5 विकेट से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। अब उसके पास दूसरा मैच जीतकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है। दूसरी ओर, 0-1 से पिछड़ रही ऑस्ट्रेलियाई टीम का मुख्य लक्ष्य पाकिस्तानी स्पिनरों के जाल से बचना होगा। ऑस्ट्रेलिया साल 1998 के बाद पाकिस्तान में वनडे सीरीज नहीं जीता है।

### आईपीएल: सीजन 2027 के पहले मैच से सस्पेंड हुए ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड

**अहमदाबाद** | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज टिम डेविड को आईपीएल 2027 के पहले मैच से सस्पेंड कर दिया गया है। रविवार को गुजरात के खिलाफ आईपीएल 2026 के फाइनल में उन्होंने अंपायर नितिन मेनन की तरफ गुस्से में आइस बैग फेंका था। आचार संहिता तोड़ने पर डेविड की 50% मैच फीस काट ली गई है और 2 डिमेरिट अंक भी जोड़े गए हैं। इस सीजन यह उनकी तीसरी गलती थी। कुल 5 डिमेरिट अंक पूरे होने के कारण उन पर अब अगले आईपीएल सीजन के पहले मैच का बैन लगा है।

**भास्कर खास** आईपीएल में 140 किमी घंटा तक पहुंची भुवी की रफ्तार, टीम इंडिया में वापसी की चर्चाएं

## भुवनेश्वर कुमार के प्रदर्शन का राज: 36 साल की उम्र में भी शानदार फिटनेस; 120 किलो वजन उठा रहे, फैट घटाकर 13-14% पर लाए

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

आईपीएल 2026 में स्विंग के सुल्तान 36 वर्षीय भुवनेश्वर कुमार ने 28 विकेट झटके, जो किसी भी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे ज्यादा हैं। उनकी इस उम्र को मात देने वाली परफॉर्मेंस के पीछे कोई जादू नहीं, बल्कि जिम में बहाया गया पसीना, भारी वजन उठाना (वेटलिफ्टिंग) और गजब का अनुशासन है।

एक समय था जब लगातार चोटों (कमर, घुटने और टखने) की वजह से भुवी का इंटरनेशनल करियर थम सा गया था। तीन साल पहले उनके शरीर में फैट 20% के करीब था। लेकिन आज, 36 साल की उम्र में उनका फैट प्रतिशत घटकर सिर्फ 13-14% रह गया है। हालांकि, उन्होंने अपने शरीर का फैट तो कम किया, लेकिन वजन नहीं। उनका वजन आज भी 73-74 किलो है, जिसका मतलब है कि उन्होंने फैट को मसल (मांसपेशियों) में बदला है। इसी ताकत और लीन बॉडी की वजह से पिछले तीन सालों से वे लगातार बिना चोटिल हुए पूरा सीजन खेल रहे हैं।

भुवनेश्वर के पर्सनल ट्रेनर सूर्या यादव के मुताबिक, चोट से बचने और ताकत बढ़ाने के लिए भुवी को भारी वजन उठाने की आदत डालनी पड़ी। पहले भुवी सिर्फ 40 किलो वजन के साथ स्क्वैट्स करते थे। लेकिन अब उनकी ताकत दोगुनी हो गई है और वे आसानी से



110-120 किलो वजन उठा लेते हैं। भारी वजन उठाने और फिटनेस सुधारने का सीधा असर उनकी गेंदबाजी पर दिखा है। इस सीजन के फाइनल में भुवी की स्पीड लगभग 139-140 kmph तक पहुंच गई थी। भुवी हमेशा से अपनी इनस्विंग और आउटस्विंग के लिए जाने जाते हैं। लेकिन इस बार उन्होंने एक नया हथियार 'वॉबल सीम' जोड़ा। गेंद सीधी लाइन में आकर दोनों तरफ स्विंग होती है। भुवी ने अपनी सबसे बड़ी ताकत 'बैकस्पिन' को भी वापस पा लिया है।

एक फिट शरीर के लिए सिर्फ जिम नहीं, डाइट भी जरूरी है। अब भुवी मिठाइयों से पूरी तरह दूर रहते हैं और अपने शरीर के वजन से दोगुना प्रोटीन लेते हैं। उनकी डाइट में प्रोटीन बार, प्रोटीन शेक, घर के बने चीले और जरूरत पड़ने पर अंडे शामिल हैं। सोशल मीडिया की चकाचौंध से दूर रहने वाले भुवनेश्वर कुमार रोजाना 5 से 7 घंटे क्रिकेट और फिटनेस को देते हैं। इसी कड़ी मेहनत का नतीजा है कि आज एक बार फिर से टीम इंडिया में उनकी वापसी की चर्चाएं तेज हो गई हैं।


### दिन में डेढ़ घंटा बैटिंग प्रैक्टिस भी, बुखार में भी नहीं छोड़ा मैदान

भुवी बल्लेबाजी पर भी खूब मेहनत कर रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहली गेंद पर ही छक्के ने उनकी टीम को रोमांचक जीत दिलाई। वे हर दिन 1 से 1.5 घंटे सिर्फ बैटिंग की प्रैक्टिस करते हैं। यूपी टी20 लीग का एक किस्सा उनकी लगन को दर्शाता है। उनकी पूरी टीम वायरल की चपेट में थी और भुवी को मैदान पर ही ग्लूकोज चढ़ानी पड़ी। ट्रेनर ने आराम करने को कहा, लेकिन अगले दिन वे मैच खेलने के लिए तैयार थे। उनका जवाब था 'मुझे क्रिकेट से प्यार है, बॉलिंग से प्यार है। इसलिए मैं खेलता हूं।'

## 2027 के लिए विंडीज की योजना में हेटमायर

भास्कर न्यूज | किंग्सटन

वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। 2027 वनडे वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए, आक्रामक बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर की टीम में वापसी हुई है। वे जून 2025 में आखिरी वनडे खेले थे। उनके साथ ही, प्रमुख तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ भी पीठ की चोट से उबरने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौट रहे हैं। बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती को भी टीम में शामिल किया गया है। वेस्टइंडीज फिलहाल वनडे रैंकिंग में 10वें स्थान पर है और वर्ल्ड कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की कोशिश कर रही है। कोच डैरेन सैमी ने टीम से निडर क्रिकेट खेलने की उम्मीद जताई है। तीन मैचों की वनडे सीरीज 3, 6 और 8 जून को खेली जाएगी।



## अंटार्कटिकाः बर्फ के साथ खुद ऊपर उठेंगी नई इमारतें, कहीं भी शिफ्ट कर सकेंगे

**लंदन** | तस्वीरें दुनिया के सबसे दुर्गम महाद्वीप अंटार्कटिका की हैं, जहां एक ब्रिटिश आर्किटेक्ट ह्यूग ब्रोटन ने अंटार्कटिका में बर्फीले तूफानों और अन्य चुनौतियों से निपटने के लिए मूवेबल इमारतें तैयार की हैं। इस महाद्वीप में 70 से ज्यादा स्थायी रिसर्च स्टेशन हैं। इनमें सबसे चर्चित 'हैली-6' रिसर्च स्टेशन है, जिसे हाइड्रोलिक पैरों पर बनाया गया है। जिससे यह बर्फ बढ़ने पर ऊपर उठ सकता है। ग्लेशियर के खिसकने पर पूरी इमारत को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया जा सकता है। पहले इमारतों में खिड़कियां नहीं होती थीं, जिससे वैज्ञानिकों में डिप्रेशन का खतरा रहता था। लेकिन, नई इमारतों में खिड़कियों के साथ मनोरंजन के लिए भी सुविधाएं दी गई हैं। सुगंधित लकड़ियों, अगल-अलग रंगों वाले आरामदायक कमरें बनाए गए हैं, ताकि लंबे समय एकांत में रहने से मानसिक तनाव से बचा जा सके।



ये इमारत 160 किमी/घंटे से ज्यादा रफ्तार वाले भयंकर बर्फीले तूफान भी झेल सकते हैं। सोलर पैनल और विंड टर्बाइन लगे हैं, जो रिसर्च सेंटर को बिजली देते हैं और कार्बन एमिशन को कम करते हैं।



कमरों और हॉल को इस तरह डिजाइन किया गया है कि उनमें अधिकतम प्राकृतिक रोशनी पहुंच सके। मनोरंजन के लिए कई सुविधाएं और उपकरण लगाए गए हैं। साथ ही कमरों को अलग-अलग रंगों से सजाया गया है।

---

### भास्कर नॉलेज

## अब सीधे कंप्यूटर में लगेंगे एआई चिप, इससे क्या होगा फायदा?

**ताइपे।** सबसे बड़ी चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया ने एआई की एक नई तकनीक पेश की है, जिससे एआई अब इंटरनेट या क्लाउड सर्वर तक सीमित नहीं रहेगा। कंपनी का दावा है कि यह तकनीक भविष्य में लैपटॉप और डेस्कटॉप को एआई आधारित सुपरकंप्यूटर में बदल सकती है। इससे कंप्यूटर 'एआई एजेंट' बन सकेंगे।

**▪ एनवीडिया ने क्या पेश किया है?**
एनवीडिया ने 'RTX Spark' नाम की नई एआई चिप पेश की है। एआई एजेंट ऐसे सॉफ्टवेयर होते हैं, जो एक निर्देश मिलने के बाद कई काम स्वतः पूरा कर सकते हैं। साथ ही ये कई कार्य इंटरनेट के बिना भी कर सकते हैं। अभी अधिकांश एआई सेवाएं क्लाउड पर चलती हैं। उन्हें हर कार्य के लिए निर्देश देना पड़ता है और उन्हें लगातार इंटरनेट कनेक्शन की जरूरत होती है।

**▪ इससे आम यूजर को क्या फायदा होगा?**
नई तकनीक से कंप्यूटर अधिक स्मार्ट हो जाएंगे। वे आवाज पहचान सकेंगे, खुद ई-मेल लिख सकेंगे, फाइलों का विश्लेषण कर सकेंगे, रिसर्च या मीटिंग शेड्यूल कर सकेंगे और कई डिजिटल कार्य स्वतः कर पाएंगे। इससे समय की बचत होगी और उत्पादकता बढ़ेगी।

**▪ क्या इससे प्राइवेसी का खतरा है या बेहतर होगी?**
विशेषज्ञों का मानना है कि जब एआई सीधे कंप्यूटर में काम करेगा, तब डेटा को बार-बार इंटरनेट पर भेजना नहीं पढ़ेगा, इससे डेटा डिवाइस में ही प्रोसेस होगा, जिससे गोपनीयता और डेटा सुरक्षा बेहतर होने की संभावना है।

**▪ यह तकनीक आम लोगों तक कब पहुंचेगी?**
ये लैपटॉप और डेस्कटॉप साल के अंत तक बाजार में आने लगेंगे। शुरुआती लॉन्च सितंबर से नवंबर के बीच होने की संभावना है। हालांकि भारत में इनकी उपलब्धता और कीमतों की घोषणा अभी नहीं हुई है।

---

### सीजफायर की परीक्षा • ट्रम्प बोले- शांत बैठिए, आखिर में सब ठीक हो जाएगा

# अमेरिका ने ईरान के रडार और ड्रोन ठिकानों को उड़ाया, ईरान ने कुवैत पर दागीं मिसाइलें




भास्कर न्यूज | दुबई

अमेरिका और ईरान में संघर्षविराम पर नए समझौते के ड्राफ्ट पर चर्चा के बीच फिर तनाव बढ़ गया है। सोमवार को दोनों ओर से हमले हुए। अमेरिका ने ईरान के रडार, एयर डिफेंस और ड्रोन कंट्रोल ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक फाइटर जेट्स ने गेरुक शहर और केश्म द्वीप के आसपास कार्रवाई कर एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन, एयर डिफेंस सिस्टम और दो 'वन-वे अटैक' ड्रोन तबाह किए। इसे पिछले हफ्ते केश्म द्वीप के ऊपर गिराए गए अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन का जवाब बताया जा रहा है।

हमले के बाद अमेरिका ने दावा किया कि ये ड्रोन होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों के लिए खतरा बन रहे थे। इसके बाद ईरान ने भी पलटवार शुरू कर दिया। कुवैत ने कहा कि सोमवार तड़के उसकी एयर डिफेंस यूनिट्स ने आने वाली मिसाइलों और ड्रोन को रोकने के लिए इंटरसेप्टर फायर किए। अमेरिकी सेना ने दावा किया कि उसने कुवैत में तैनात अपने सैनिकों को निशाना बनाकर दागी गई दो ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया। लगातार हमलों से अमेरिका-ईरान के बीच सीजफायर पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमलों के बाद कहा, 'ईरान वास्तव में समझौता करना चाहता है। बस शांत रहिए, आखिर में सब ठीक हो जाएगा। हमेशा ऐसा ही होता है।'

### ईरान की धमकी-नहीं होगी वार्ता, अब तनाव और बढ़ेगा

ईरान ने बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता को फिलहाल रोकने की धमकी दी है। साथ ही मध्य पूर्व में तनाव और बढ़ने की चेतावनी दी है।



ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने लेबनान में इजराइली कार्रवाई पर कहा, एक मोर्चे पर सीजफायर का उल्लंघन, सभी मोर्चों पर उल्लंघन माना जाएगा। इसके नतीजे के वे जिम्मेदार होंगे।

### ट्रम्प का दावा- जंग रोकने को सहमत इजराइल-हिजबुल्लाह

ईरान की चेतावनी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया है कि इजराइल और हिजबुल्लाह लेबनान में जंग रोकने को सहमत हो गए हैं। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत की और मध्यस्थों के जरिए हिजबुल्लाह से भी संपर्क किया। इजराइल बेरूत की ओर आगे नहीं बढ़ेगा और जो सैनिक वहां जा रहे थे, उन्हें वापस बुला लिया गया है।



### जापान, सऊदी और यूरोप की शांति की अपील

जापान ने ईरान से अमेरिका के साथ समझौते के लिए अधिक लचीला रुख अपनाने की अपील की है। जापान ने चेतावनी दी है कि होर्मुज मार्ग बंद रहने से वैश्विक सप्लाई चेन ठप होगी, जिससे दुनिया भर में मंदी आ सकती है। यूरोपियन यूनियन ने इजराइल से सैन्य कार्रवाई रोकने और लेबनान की संप्रभुता का सम्मान करने की अपील की है। सऊदी अरब ने भी कुवैत पर ईरानी हमले की कड़ी निंदा की है।

**रिपोर्ट : 8 देशों में 20 अमेरिकी ठिकाने तबाह**
युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान ने मध्य पूर्व के आठ देशों में स्थित 20 अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर नुकसान पहुंचाया है। उपग्रह तस्वीरों के आधार पर रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले पहले बताए गए आकलन से अधिक व्यापक और सटीक थे।

**होर्मुजः अमेरिका ने 70 जहाजों को निकाला**
अमेरिका ने पिछले तीन सप्ताह में हॉर्मुज जलमार्ग से गुजरने वाले 70 व्यापारिक जहाजों को सुरक्षित रास्ता दिखाने में मदद की है। असुरक्षा कारणों से कई जहाजों ने इस दौरान अपने लोकेशन संकेतक भी बंद रखे।

---

### 2025 में सिर्फ 24 दिन काम

## विधानसभाओं में जल्दबाजी में कानून पास होने का ट्रेंड

**नई दिल्ली** | राज्यों की विधानसभाओं में तेजी से बिल पास करने का चलन बढ़ा है। पीआरएस लेजिस्लेटिव की रिपोर्ट के मुताबिक 2025 में 30% विधेयक उसी दिन पारित कर दिए गए, जिस दिन उन्हें सदन में पेश किया गया। औसतन विधानसभाएं सिर्फ 24 दिन चलीं।

**कई राज्यों में सभी बिल एक दिन में**
- आंध्र, बिहार, गुजरात, समेत कई राज्यों में सभी बिल 1-2 दिन में पारित।
- कर्नाटकः एक ही बैठक में 17 बिल मंजूर।

**5%** से भी कम बिल विस्तृत जांच के लिए समितियों को भेजे गए।

**ओडिशा विधानसभा 43 दिनों के साथ सबसे ज्यादा चली**
- **600+ बिलः** 2025 में हाल के वर्षों के मुकाबले सबसे ज्यादा विधेयक पारित हुए।
- ओडिशा विधानसभा 43 दिनों के साथ सबसे ज्यादा चली।
- नगालैंड विधानसभा सिर्फ 7 दिन चली, सबसे कम।
- झारखंड विधानसभा 21 साल तक बिना डिप्टी स्पीकर के संचालित हुई।

**बजट चर्चा में भी बड़ा अंतरः** विधानसभाओं में बजट पर औसतन 8 दिन चर्चा हुई। तमिलनाडु में बजट पर 27 दिन बहस चली। पंजाब ने बजट चर्चा सिर्फ 2 दिन में खत्म की।

**पिछले साल से 27% अध्यादेश ज्यादा पास**
- **127 अध्यादेश** राज्यों ने 2025 में जारी किए, जो 2024 से 27% ज्यादा हैं।
- 31% अध्यादेश स्थानीय शासन से जुड़े रहे, जबकि 13% शिक्षा क्षेत्र से संबंधित थे।
- 13 राज्यों ने नए विश्वविद्यालय स्थापित करने के कानून बनाए।
- कर्नाटक और तमिलनाडु ने माइक्रोफाइनेंस कंपनियों की जबरन वसूली रोकने के लिए कानून बनाए।

---

### कैबिनेट विस्तार • 32 साल के बिराज बिस्वास सबसे युवा मंत्री

## बंगालः 35 विधायकों ने शपथ ली, अब 41 मंत्री, महिलाओं की हिस्सेदारी घटी

भास्कर न्यूज | कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को कैबिनेट का विस्तार किया। राज्यपाल आरएन रवि ने भाजपा के 35 विधायकों को शपथ दिलाई।

राज्य में अब मंत्रिपरिषद की कुल संख्या 41 हो गई। 5 कैबिनेट मंत्रियों ने पहले ही शपथ ली थी। 13 कैबिनेट मंत्री, 3 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 19 राज्य मंत्री बनाए गए हैं। वहीं, महिला मंत्रियों की संख्या 6 हो गई है, जबकि 2021 में ममता सरकार में 9 महिला मंत्री थीं। 32 साल के बिराज बिस्वास राज्य के सबसे युवा मंत्री बन गए हैं।

**फर्जी हस्ताक्षरः तृणमूल ने दो विधायकों को पार्टी से निकाला**
बंगाल में हस्ताक्षर फर्जीवाड़ा मामले से जुड़े विवाद के बीच तृणमूल कांग्रेस ने अपने दो विधायकों रीताब्रता बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित कर दिया है। वहीं, इस मामले की जांच के सिलसिले में सीआईडी टीम अभिषेक बनर्जी के आवास पर 48 घंटे के भीतर दूसरी बार पहुंची। जांच एजेंसी ने बनर्जी को दूसरा समन सौंपा।

### पुलिस अनुमति नहीं, फिर भी तृणमूल करेगी धरनाः ममता

बंगाल की पूर्व सीएम ममता बनर्जी ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी पुलिस अनुमति न मिलने पर भी प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन करेगी। ममता ने कहा कि पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हमलों और अन्य मुद्दों के खिलाफ धरना तय कार्यक्रम के अनुसार होगा।

### एसआईआर प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

बंगाल में एसआईआर के तहत मतदाता सूची में बदलावों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। इसमें निर्वाचन आयोग और राज्य सरकार से संशोधन की विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की गई है।

---

## भारत-म्यांमारः रक्षा, व्यापार व कनेक्टिविटी पर सहमति



भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

म्यांमार ने भारत को भरोसा दिलाया कि उसकी जमीन का इस्तेमाल भारत की सुरक्षा के खिलाफ नहीं होने दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग के बीच सोमवार को नई दिल्ली में हुई व्यापक वार्ता में दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, सीमा सुरक्षा और कनेक्टिविटी से जुड़े मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। मिन आंग ह्लाइंग पांच दिन की भारत यात्रा पर हैं। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब वे हाल ही में म्यांमार के संसदीय चुनावों के बाद राष्ट्रपति बने हैं।

---

## मणिपुरः बंधकों की रिहाई टली, नगा इलाकों में अब पूर्ण शटडाउन

भास्कर न्यूज | इम्फाल/कोहिमा

मणिपुर में 6 नगा नागरिकों के अपहरण व 14 कुकी बंधकों को लेकर तनाव गहरा गया है। यूनाइटेड नगा काउंसिल (यूएनसी) ने सोमवार को कुकी बंधकों की प्रस्तावित रिहाई टाल दी। ये लोग 13 मई से बंधक हैं।

यूएनसी ने कहा कि जब तक अगवा नगा नागरिकों की जानकारी नहीं मिलती, तब तक कुकी बंधकों को रिहा नहीं किया जाएगा। इसी बीच जॉइंट ट्राइब्स काउंसिल मणिपुर ने नगा बहुल जेलियांग्रोन्पुई क्षेत्र में पूर्ण इमरजेंसी शटडाउन घोषित कर दिया। इसके तहत नेशनल हाईवे पर व्यापारिक गतिविधियां, स्कूल-कॉलेज, सरकारी-निजी दफ्तर, बैंक और सार्वजनिक परिवहन बंद कर दिए गए हैं।



**शट-डाउनः** सोमवार रात नाम्डीलोंग व कांग्लातोम्बी सड़कों का एक नजारा।

### नगालैंड के सीएम ने केंद्र सरकार से मांगी मदद

उधर, नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से हस्तक्षेप की मांग की है। मणिपुर सरकार ने मामले की जांच एनआईए को सौंपते हुए सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

---

### आईएसआई की नई साजिश

## आतंकियों को अब राजनीतिक पार्टियों में घुसपैठ का फरमान

भास्कर न्यूज | श्रीनगर

पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई भारत में आतंक फैलाने के लिए नए तरीके ढूंढ़ रहा है। सुरक्षा एजेंसियों के अफसरों के मुताबिक एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर में अपने ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) नेटवर्क से कहा है कि वे राष्ट्रीय स्तर की मुख्यधारा राजनीतिक पार्टियों में शामिल हों। इसका मकसद सुरक्षा बलों की कार्रवाई और आतंकी घटनाओं की जांच से बचना बताया गया है।

श्रीनगर पुलिस ने हाल में जिन आतंकियों के मददगारों को गिरफ्तार किया, उनकी पूछताछ में पता चला कि कुछ लोग राष्ट्रीय पार्टियों के सदस्य भी थे। अफसरों के मुताबिक घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान जब कोई आतंकियों का सहायक फंसता है तो वह कई बार राष्ट्रीय पार्टियों की बेसिक मेंबरशिप कार्ड दिखाकर बचने की कोशिश करता है। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि 90 के दशक के आखिर में संदिग्ध वोटर आईडी कार्ड दिखाकर बचने की कोशिश करते थे और बाद में आधार कार्ड का इस्तेमाल भी इसी तरह किया गया।

---

### भास्कर खास इंसाफ के सर्वोच्च मंदिर में 5 नए 'न्याय के पहरेदार', अब सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस समेत कुल जजों की संख्या 37 हुई...

# खदान मालिक विधायक के खिलाफ अवमानना केस शुरू करने वाले जस्टिस सचदेवा अब शीर्ष कोर्ट के जज, वकील से सीधे सुप्रीम कोर्ट की जज बनने वाली दूसरी महिला हैं मोहना

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में पांच नए जज मिल गए हैं। केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिशों को मंजूरी देते हुए पांचों नामों की अधिसूचना जारी कर दी है। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने 22 और 27 मई को हुई बैठकों में इन नामों की सिफारिश की थी। इन नियुक्तियों में सबसे ज्यादा ध्यान सीनियर एडवोकेट वी. मोहना के नाम ने खींचा है, जो सीधे वकालत के पेशे से पदोन्नत होकर सुप्रीम कोर्ट की जज बनी हैं। वकील से सीधे जज बनने वाली वह दूसरी महिला हैं। उनसे पहले जस्टिस इंदु मल्होत्रा सीधे सुप्रीम कोर्ट की जज बनने वाली पहली महिला थीं। जस्टिस मोहना सुप्रीम कोर्ट के इतिहास की 12वीं महिला जज भी हैं।

### जस्टिस संजीव सचदेवाः जेल नहीं, बेल को बनाया मानक



जस्टिस सचदेवा का मूल कैडर दिल्ली हाईकोर्ट है। टैक्स और कमर्शियल मामलों के विशेषज्ञ हैं। मई 2024 में वे मध्य प्रदेश हाईकोर्ट आए। मध्य प्रदेश के चीफ जस्टिस रहते हुए खदान मालिक व रसूखदार विधायक संजय पाठक के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की थी। उन्होंने कोर्ट की लाइव-स्ट्रीमिंग का गलत इस्तेमाल करने वाले 102 वेब लिंक्स हटाने का आदेश दिया था। भोपाल में 488 पेड़ों को काटने पर सरकार से जवाब-तलब किया था।

### जस्टिस वी. मोहनाः कई मामलों में सुप्रीम कोर्ट की मदद की



चेन्नई में जन्मी मोहना 1988 में कोयंबटूर से लॉ की पढ़ाई पूरी कर दिल्ली आईं। 1996 में एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड बनीं। 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 'वरिष्ठ अधिवक्ता' नामित किया। बतौर वकील उन्होंने भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को पुरुषों के समान 'स्थायी कमीशन', कमांड पोस्टिंग दिलाने की ऐतिहासिक कानूनी लड़ाई लड़ी। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें कई मानवाधिकार और महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में 'एमिकस क्यूरी' भी नियुक्त किया था।

### जस्टिस श्री चंद्रशेखरः असहमति को लोकतंत्र की आत्मा बताया



बॉम्बे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के तौर पर जस्टिस श्री चंद्रशेखर ने संवैधानिक मूल्यों की मजबूत पैरवी की। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शांतिपूर्ण विरोध और मीडिया की भूमिका से जुड़े मामलों में उनके फैसले चर्चा में रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि असहमति लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन वह कानून के दायरे में होनी चाहिए। एक फैसले में उन्होंने सरकार से कहा- कानून-व्यवस्था बनाए रखने के नाम पर मौलिक अधिकारों का दमन नहीं किया जा सकता।

### जस्टिस अरुण पल्लीः कहते हैं- संविधान का मूल ढांचा जरूरी है



मूलतः पंजाब के जस्टिस पल्ली के पिता पेश किशन पल्ली हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में जस्टिस (1998 में रिटायर्ड)थे। अरुण पल्ली दिसंबर 2013 में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश बने। अप्रैल 2025 में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस नियुक्त हुए। एक निर्णय में उन्होंने कहा कि विशेष परिस्थितियों में भी संविधान का मूल ढांचा कमजोर नहीं होना चाहिए। कहते हैं- सुरक्षा और अधिकार एक-दूसरे के पूरक हैं।

### जस्टिस शील नागूः सरकार को 150 पेड़ काटने से रोक दिया था



1 जनवरी 1965 को जन्मे जस्टिस नागू ने 1987 में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से वकालत शुरू की थी। वे 2011 में न्यायाधीश बने और जुलाई 2024 में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस नियुक्त हुए थे। हरियाणा सरकार को पुलिस स्टेशन बनाने के लिए 100 साल पुराने 150 पेड़ों को काटने से रोक दिया था। मध्य प्रदेश में रहते हुए उन्होंने कैदियों के मानवाधिकारों के लिए जेल परिसरों में अस्पताल बनाने के कड़े निर्देश दिए थे।

---

### सूट की आलोचनाः विजय बोले...

## 'मेरी राजनीति भी कपड़ों की तरह ब्लैक एंड वाइट'

भास्कर न्यूज | तिरुचिरापल्ली

तमिलनाडु के सीएम जोसेफ विजय ने अपने पहनावे को लेकर हो रही आलोचना का जवाब देते हुए कहा है कि उनकी राजनीति भी उनके कपड़ों की तरह ब्लैक एंड वाइट होगी। तिरुचिरापल्ली में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सूट पहनना किसी विशेष वर्ग या सत्ता में बैठे लोगों का अधिकार नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि पहनावे को राजनीतिक मुद्दा क्यों बनाया जा रहा है। उनके कपड़े सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि एक संदेश हैं। काला और सफेद इस बात का प्रतीक है कि उनकी राजनीति भी साफ और स्पष्ट होगी।






# 4-YEAR ENGINEERING PROGRAMS

*Artificial Intelligence | Computer Science | Electronics & Communication | Electrical*
*Mechanical | Mechatronics | Mechanical & Smart Manufacturing | Automobile | Civil*

## POWERED BY INDUSTRY. DESIGNED FOR THE FUTURE.

Chitkara University's Engineering programs have consistently ranked among the best in the country, earning a strong reputation for exceptional on-campus placements, owing to our solid emphasis on making all our graduates **"industry-ready".**

**Industry-aligned Curriculum designed with leading technology giants to match real-world demands.**

**1000+ campus recruiters hire our Engineering Graduates every year**

**Focus on Developing AI Skills for the future** Advanced AI & Machine Learning skills, intensive hackathons and competitive programming, global certifications & capstone projects with our industry partners to AI-Proof your career.

**Startup & Innovation Support** Access to incubators, seed funding, pitch events for aspiring entrepreneurs

**Global Mobility for our Engineering Graduates** Semester Exchange | Global Pathway Programs with Top Global Universities, across UK, US, Australia, Canada, Germany & Japan

**COUNSELLING FOR ENGINEERING PROGRAMS JUNE 4 TO JUNE 7, 2026**

**Call 95011 05714 | 95011 05715**
**or give a missed call on 1800 267 1999.**
**Apply online at www.chitkara.edu.in | WhatsApp 98590 00000.**


प्रकाशक भारत भूषण एवं मुद्रक पृथ्वीश दास द्वारा मालिक मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड के लिए, 105, INS बिल्डिंग,रफी मार्ग,नई दिल्ली से प्रकाशित एवं 82.5 KM, माइलस्टोन, एनएच 8, खिजुरी, रेवाड़ी (हरियाणा) से मुद्रित | संपादकः अरुण चौहान, RNI No. DELHIN/2007/22001, फोनः 0755-4730000, bhaskar@dbcorp.in

# JOIN OUR PAID SERVICE – 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## Full Package : All in One Plan

The Hindu Plan

(Starter) 1 Month = ~~199~~ ₹99
(Popular) 6 Month = ~~599~~ ₹349
(Best Value) 1 Year = ~~999~~ ₹549

Special Offer

You will Get

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

## The Hindu, BL, IE, NIE Plan

The Hindu Plan

(Starter) 1 Month = ~~149~~ ₹69
(Popular) 6 Month = ~~499~~ ₹269
(Best Value) 1 Year = ~~799~~ ₹399

Special Offer

You will Get

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW